Joint Trial of a Juvenile With An Adult - Article 10(3) of the ICCPR and Article 37(c) of the UNCRC require that children should be detained separately from adults or from convicted children, but reports of a failure to separate adults from children in detention facilities are commonplace in India. Article 18 of the JJA provides that there shall be no joint proceeding of juvenile and person not a juvenile. The philosophy of juvenile justice system is undoubtedly based on the concept of diversion which means distracting minors from the formal proceedings of the criminal Courts and helping them avoid criminal contagion so that they realize that life has other options. "Restorative justice is an important component of diversion. This approach focuses on 'restoring' damaged relationships (between victim, offender and community) to the way they were before a crime was committed – to 'make things right as much as possible."41 The problem of joint trials exists throughout India.

No expungement of Records of Conviction - Despite provisions by Article 19(2) of the JJA that that the relevant records of conviction shall be removed after the expiry of the period of appeal or a reasonable period as prescribed, no efforts have been made to conceal the identity of juveniles in conflict with law who are handcuffed and chained and are brought from jails in buses with regular criminals. The reason of expunging records is the idea that the presence of records of any offence committed by the juveniles at the Courts or police stations might lead to their stigmatization. Photographs of children taken through mobiles and cameras have been witnessed during the visits to the Courts in Kashmir.

Absence of Child Welfare Committees (CWCs) - Ironically, Child Welfare Committees have not been constituted in most of the States in India. However, a 2010 report compiled from information provided by the respective State departments/ directorates, reveals the existence of only 516 CWCs across the country (the compilation excludes Uttaranchal and J&K districts), indicating that CWCs have not been formed in over 100 districts. A report in May 2013 by National Commission on Protection of Child Rights says that there are nearly 480 CWCs and close to 400 JJBs in the country and it is estimated that there are 117 million children who are in need of care and protection.51 Further, the NALSA report submitted to the Supreme Court of India shows that as of August 2011, at least 8 of the 33 States/ Union Territories (excluding Arunachal Pradesh and J&K) have not constituted CWCs in every district. For this reason the UNCRC Article 20 and 21, recommends non-institutional care of the children through adoption. Likewise the JJA through its Section 40 stresses rehabilitation and social reintegration of a child which shall begin during the stay of the child in a children's home or special home and the rehabilitation and social reintegration of children shall be carried out alternatively by (i) adoption, (ii) foster care, (iii) sponsorship, and (iv) sending the child to an after-care organisation. JJ (Amendment) Act 2006 has added the option of 'Adoption' of orphaned, abandoned or surrendered children through Article 41 of the Act which remains inapplicable to the State of Jammu and Kashmir

Reasons for Non-Application of Integrated Child Protection Scheme (ICPS) - The ICPS is the main scheme devised in India for the protection and development of children in difficult circumstances. At the moment there are only a total of about 10,000 functionaries i.e. the Probation Officers, Case Workers, Superintendents, Counselors administrative and field staff etc of the ICPS for a population of 170 million children in need of care and protection, which is at the ratio of 1: 17000. Further they still are to have proper orientation, training, knowledge and skills for social investigation reports, counselling, supervision and mentoring.

Reasons for Non-Application of ICPS in Jammu and Kashmir - The ICPS cannot be launched in Jammu and Kashmir as the State government is not well equipped to accommodate the scheme. Some of the reasons is ICPS requires setting up of service delivery structures, that is, State Child Protection Society (SCPS), District Child Protection Society (DCPS), State Project Support Unit (SPSU) and State Adoption Resource Agency (SARA) to manage and monitor the implementation of the scheme.

Underlying Factors of Juvenile Delinquency and Problems of Children in Kashmir - The in-depth interviews with juveniles in conflict with law and children in need of care and protection reveal that the causes of crime by children and against children in Kashmir are social, economic and an outcome of situation of armed conflict. The crimes committed against children in special circumstances in turn, make them more prone to commit crimes. The following Figures will present statistics which corresponds to the data collected from 400 children in Kashmir (200 juveniles in conflict with law and 200 children in need of care and protection).

Social Factors - The adolescents most at risk of coming into conflict with the law are often the product of difficult family circumstances that might include poverty, family breakdown, parental abuse or alcoholism.58 The following Figures show that the familial conditions are to a great extent response.

Economic and Environmental Factors - Statistics on children who are in conflict with law or have fallen into delinquency reveal that they often come from a particular background, or rather are found in a particular background, including growing up in violence and exclusion. 50.25 % of the children apprehended for being in conflict with law in 2013, says the National Crime Records Bureau (NCRB), come from households with an annual income of less than Rs 25000. The data points towards the fact that the poor in

India are the chief committers of the wide range of offences. The NSSO Report shows that in India unemployment is typically higher among youth and educated, particularly among the age group 15-29 years for both males and females and in urban and rural areas the unemployment is significantly higher than the average level of unemployment of all persons.

Police Brutality - The commonality of such events, which are in direct conflict with Article 9, Paragraph 1, of the International Covenant on Civil and Political Rights, prohibiting arbitrary detention and imprisonment of minors, are also contradictory of the rights to prompt access to legal representation and other relevant assistance as stimulated in the same paragraph. The International Human Rights Association of American Minorities (IHRAAM) also emphasizes that the youths detained by the State authorities in Kashmir are not held in the juvenile detention centres that could offer appropriate and separate facilities for minors. However, the trend of illegal arrests of juveniles remains unabated until now. The following Figures show the place and period of detainment of 200 juveniles in conflict with law in Kashmir, 24.50 % of the total have been detained in police stations, observation home and regular jails for very long period. It is absolutely against human and child rights to detain children for such long time.

Conclusion and Recommendations - The profile of the juveniles in India displays that majority of them are living in deplorable and wretched conditions and are truly deprived of developmental opportunities. The JJA has failed, in a number of areas, to bring about any meaningful change due to its fragmented and incomplete implementation. Despite continuous recommendations from international and national organizations like the United Nations, Amnesty International, Asian Centre for Human Rights, National Commission for Protection of Child Rights (NCPCR) etc, the Government of India seems to be totally uninterested in humanitarian treatment of the children. Although, there were seemingly certain positive political and legal developments in 2012 (like suspension of some parts of the PSA in Jammu and Kashmir, release of children under 18 from prisons in Kashmir on recommendations of Amnesty International), the implementation of AFSPA, the PSA in Jammu and Kashmir and AFSPA in the North-Eastern States continue to violate India's obligation under international human and child rights. The prospects for social development and economic growth are hindered in Kashmir and hence delinquency and crime are developmental issues..

Irrespective of the armed conflict in many parts of the country, the level of its economic development and the legacy of political management, an affluent, flexible and healthy system of juvenile justice can be acquired only if there is a strong political will at the Central and State levels. The problem of poverty, illiteracy, unemployment, neglect and delinquency are interrelated, so policies and programs must focus on lessening of poverty and improvement in the sector of education and employment. In addition, proactive efforts shall be taken to engage NGOs, community, mass-media, public and in fact, the concerned officials which are altogether fundamental to the long-term effectiveness of the measures for bringing magnificent juvenile justice in the country. Certain recommendations for Government India for ensuring best-interest of the children and child-friendly juvenile justice system in the country are:

- Repeal the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Bill 2014 which proposes lowering the upper age limit of juvenility from 18-16 which is in direct violation of the UNCRC.
- Strengthen and review all the existing policies, programs and legislations for children.
- Establish a State Commission for Protection of Child Rights SCPCR in all the States immediately, so that the ICPS is implemented in all the States and all the children in India are able to take its benefit.
- Expand role of the NCPCR to circumspect the SCPCRs so that the funds for child development and protection are not unnecessarily swallowed by the States.
- Boards, Child Welfare Committees, Observation Homes and other institutions necessary for protection and development of children under the UNCRC and provide funds and infrastructure for establishing the same.

References :-

1. "Notorious Stone Pelter Arrested in Srinagar: Police," *Kashmir Life*, Nov. 27, 2012. Available at : kashmirlife.net/notorious-stone-pelter-arrested-in-srinagar-police/
2. A Juvenile Detainee of Observation Home, Harvan, *FIR: 24/12*, R/O Zoonimar, Kashmir.
3. Centre for Dialogue and Reconciliation Report. 2011. *Behind the Numbers: Profiling those Killed in Kashmir's 2010 Unrest*. pp. 25-40. Available at: http://www.cdr
4. See, *UNCRC 1989*. Available at: http://www.unesco.org/education/pdf/CHILD_E.PDF
5. "15 Year Old Booked Under PSA," *Kashmir Global*, Posted on Nov 7, 2010. Available at: http://www.kashmirglobal.com/?p=1115
6. "Juveniles Suffer in Kashmir," *The Pioneer*, July 8, 2011.
7. "Jammu and Kashmir Must Release or Charge Teenage Protestor," *Frontline Kashmir*,
8. Eleventh Five Year Plan 2007-2012, Inclusive Growth, vol 1. Available at: planningcommission.nic.in/plans/planrel/fiveyr/11th/11.../11th_vol1.pdf

****

महार जाति की महिलाए एवं सामाजिक परिवर्तन (भोपाल नगर के विशेष संदर्भ में)

डॉ. पिंकी सोमकुवर *

शोध सारांश – यह शोध पत्र महार जाति की महिलाओं से संबंधित है। इस शोध पत्र में महार जाति की महिलाए एवं सामाजिक परिवर्तन की चर्चा की गई है। यह शोध पत्र मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल नगर में किए गए अध्ययन पर आधारित है। अध्ययन क्षेत्र में इकाइयों के रूप में 300 (n=300) महार जाति की महिलाओं का चयन निदर्शन पद्यति के द्वारा किया गया है। इसमें प्राथमिक एवं द्वितीयक तथ्यों के लिये अनुसूची का प्रयोग कर साक्षात्कार के माध्यम से तथ्य एकत्रित किए गए है। प्रस्तुत शोध पत्र 3 भागो में विभाजित है – 1 प्रस्तावना, 2 महार जाति की महिलाए एवं सामाजिक परिवर्तन तथा 3 निष्कर्ष।

प्रस्तावना – भारत में सामाजिक परिवर्तन की अनेक प्रक्रियाएं एक साथ चल रही है, जिनका उल्लेख विभिन्न समाजशास्त्रियों द्वारा अपने अध्ययनों में किया गया है। भारत में स्वतंत्रता के बाद सामाजिक परिवर्तन की इन प्रक्रियाओं की गति में तेजी आई है इसलिये भारत के अनेक स्थानों पर अध्ययन किए जाने की आवश्यकता को अनेक समाजशास्त्रियो द्वारा सामने रखा गया है। भारत में अनुसूचित जातियों से संबंधित अनेक अध्ययन हमारे सामने आए है परन्तु भारत में समाज विज्ञानों के क्षेत्र में प्रमुख रूप से समाजशास्त्र के क्षेत्र में महिलाओं से संबंधित अध्ययन का प्रारंभ 1980 के दषक से प्रारंभ हुआ है। मालविका कारलेकर (2000) ने इस बात का विशेष रूप से उल्लेख किया है कि समाज विज्ञान के क्षेत्र में पहले महिलाओं से संबंधित अध्ययन बहुत कम हुए है। समाज विज्ञान के क्षेत्र में पूर्व में किये गये अध्ययन प्रमुख रूप से पुरूषों द्वारा दिये गये साक्षात्कार पर आधरित होते थे तथा उन्हीं अध्ययनों को समाज के अध्ययन के नाम से जाना जाता था। वर्तमान समय में इस स्थिति में कुछ परिवर्तन आए है।

महार जाति की महिलाओ में सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक परिवर्तन हुए है। संवैधानिक प्रावधान तथा राजनीतिक प्रक्रियाओं ने इनके जीवन में नई आकांक्षाओं का सूत्रपात किया है। इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका डॉ0 बी0 आर0 आम्बेडकर के विचारों व उनके नेतृत्व की रही है।जिनके कारण इस जाति तथा अन्य अनुसूचित जातियों, विशेष रूप से महिलाओं में सामाजिक गतिशीलता संभव हो सकी है। जगन कराडे (2009) ने भारत में अनुसूचित जातियो के मध्य शैक्षणिक उपलब्धियों व व्यवसायिक गतिशीलता की विवेचना की है। उन्होंने यह बताया कि वह समूह जो जनसंख्या की दृष्टि से काफी बड़ा (जिसे दलित कहा जाता है) उसे उनके जीवन जीने के बुनियादी कानून व मानव अधिकारों से वंचित रखा गया है। इसके उपरांत भी इस अनुसूचित जाति की दूसरी पीढ़ी अपने पूर्व की पीढ़ी की अपेक्षा अत्यंत परिवर्तनशील है।

इस शोध पत्र के अन्तर्गत (द्वारा) हमने महार जाति की महिलाओं में होने वाले सामाजिक परिवर्तनों को देखने का प्रयास किया है। इन महिलाओं पर निजीकरण (Privatization) तथा पश्चिमीकरण (Westernization) के प्रभाव की चर्चा की है। इन महिलाओं द्वारा भविष्य में इनके बच्चों की दूसरे जाति में विवाह की संभावनाओं से संबंधित जानकारी के अतिरिक्त वर्तमान समय में इन महिलाओं द्वारा अपने ज्ञान व मनोरंजन के किन साधनों का प्रयोग किया जाता है ? इसके अंतर्गत समाचार पत्र, एफ.एम, रेडियो तथा टेलीविजन आदि से संबंधित जानकारी एकत्रित की गई है ? इसके साथ ही क्या इनके परिवारों में कम्प्यूटर तथा इंटरनेट जैसे आधुनिक सुविधाओं का प्रयोग किया जाता है ? इंटरनेट जैसे आधुनिक सुविधाओं का प्रयोग परिवार के किन सदस्यों द्वारा इन सुविधाओं का प्रयोग किया जाता है ? तथा इंटरनेट का प्रयोग किन कार्यो के लिए किया जाता है? आदि प्रश्नों की चर्चा की गई है। मनोरंजन के अन्य साधनों की भी चर्चा की गई है। क्या ये महिलाए किसी किट्टी पार्टी की सदस्य है ? इसकी भी चर्चा की गई है

महार जाति की महिलाए एवं सामाजिक परिवर्तन – सामाजिक परिवर्तन के अन्तर्गत पश्चिमीकरण, आधुनिकीकरण तथा वैश्वीकरण आदि प्रक्रियाओं की चर्चा की गई है। जिन्हें निम्न तालिकाओं के माध्यम से व्यक्त किया गया है।

तालिका क्रमांक–1

पश्चिमी देशों कीं संस्कृति का प्रभाव महार जाति पर पडा है।

क्र.	पश्चिमी देशों कीं संस्कृति का प्रभाव महार जाति पर पड़ा	आवृत्ती	प्रतिशत
1	हाँ	193	64.33
2	कुछ सीमा तक	38	27.67
3	नहीं	24	8.00
	कुल योग	**300**	

उपरोक्त तालिका के अनुसार 64.33 % महिलाओं के अनुसार पश्चिमी देशों की संस्कृति का प्रभाव महार जाति पर पड़ा है। पश्चिमी देशों की संस्कृति का प्रभाव महार जाति पर 27.67 % महिलाओं के अनुसार कुछ सीमा तक पडा है। इसके अतिरिक्त 8.00 % महिलाओं के अनुसार पश्चिमी दशों की संस्कृति का प्रभाव महार जाति पर नहीं पड़ा है। इन महिलाओं का मानना है कि महार जाति पश्चिमी देशों की संस्कृति से अप्रभावित है इसके विपरीत 92.00 % महिलायें मानती है कि पश्चिमी देशों की संस्कृति का प्रभाव देश के साथ महार जाति पर भी पड़ा है। पश्चिमी देशों के जीवन शैली, परिधान, अभिवादन के तरीके भाषा तथा खान–पान के तरीको आदि का भी प्रभाव महार जाति पर दिखाई देता है। अत: हम कह सकते है कि पश्चिमीकरण की प्रक्रिया से महार जाति अप्रभावित नहीं रही है।

* अतिथि विद्वान (समाजशास्त्र) नवीन शासकीय महाविद्यालय, चंदिया, जिला - उमरिया (म.प्र.) भारत

तालिका क्रमांक–2

आप अपने पुत्र का विवाह किसी अन्य जाति में करना चाहेगी।

क्र.	पुत्र का विवाह अन्य जाति में करेगी	आवृत्ती	प्रतिशत
1	बच्चे नहीं है	09	3.00
2	पुत्र नहीं है	24	8.33
3	पुंत्र का विवाह हो चुका है	18	6.00
4	हां	52	17.33
5	कह नहीं सकते	95	31.67
6	नहीं	102	34.00
	कुल योग	**300**	

उपरोक्त तालिका के अनुसार 17.33 % महिलाएं अपने पुत्र का विवाह अन्य जाति में भी कर सकती है। इन महिलाओं के विचारों में संभवत: खुलापन है, जिसके कारण ये महिलाये जाति पर विचार नहीं रखना चाहेगी। इन महिलाओं का मानना है कि ऐसा करने से जातिवाद को खत्म किया जा सकता है। ऐसा प्रतीत होता है कि इन महिलाओं पर आधुनिकता प्रभाव है अपने पुत्र का विवाह अन्य जाति में करने के बारे में 31.67 % महिलाएं मानती है कि वे अभी कुछ कह नहीं सकती है क्योंकि यह भविष्य में पुत्र की इच्छा पर निर्भर करेगा कि वह विवाह कहां करना चाहता हैं। तेजी से बदलती हुई परिस्थितियों के कारण अभी से ये महिलाए अपने पुत्र के विवाह के बारे में कुछ कह नहीं सकती है। अपने पुत्र का 34.00% महिलाए किसी अन्य जाति में विवाह नहीं करना चाहेगी। इन महिलाओं का मानना है कि वे अपने पुत्र का विवाह महार जाति में ही करेगी अन्यथा उनके अनुसार महार की लडकियों से विवाह कौन करेगा ? आधुनिकीकरण का प्रभाव हमें 17.33% महिलाओं पर दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही शिक्षा का भी यह प्रभाव हो सकता है। उनके द्वारा जाति प्रथा की जटिलताओं को कम करने के एक प्रयास के रूप में इसे हम देख सकते है।

तालिका क्रमांक–3

आप अपनी पुत्री का विवाह किसी अन्य जाति में करना चाहेंगी।

क्र.	पुत्री का विवाह अन्य जाति में करेगी	आवृत्ती	प्रतिशत
1	बच्चे नहीं है	09	3.00
2	पुत्री नहीं है	31	10.34
3	पुत्री का विवाह हो चुका है	34	11.33
4	हां	29	9.66
5	कह नहीं सकते	68	22.67
6	नहीं	129	43.00
	कुल योग	**300**	

उपरोक्त तालिका के अनुसार 9.66 % महिलाए अपनी पुत्री का विवाह अन्य जाति में भी करना चाहेंगी, संभवत: इसका कारण शिक्षा का प्रभाव तथा विचारों में खुलापन है। इन महिलाओं का मत है कि यदि पुत्री के लिए महार जाति में योग्य वर प्राप्त नहीं हो पाया तो वे अपनी पुत्री का विवाह अन्य जाति में करना चाहेगी। ये महिलाए आधुनिक विचारों वाली हैं। अपनी पुत्री का विवाह अन्य जाति में करने के बारे में 22.67 % महिलाए कुछ कह नहीं सकती है। ये महिलाए मानती है कि पुत्री का विवाह परिस्थितियों के अनुसार किया जायेगा। पुत्री की इच्छा पर भी यह निर्भर होगा। अपनी पुत्री का विवाह 43.00 % महिलाए अन्य जाति में नहीं करना चाहेंगी वे मानती है कि यदि वे अपनी पुत्री का विवाह अन्य जाति में करती है, तो पुत्री अपने परिवार व नातेदारों से दूर हो जायेगी साथ ही उसे अन्य जाति के रीति रिवाजों को अपनाने में मुश्किल हो सकती है। इन महिलाओं द्वारा अपनी पुत्रियों को बौद्ध धर्म से संबंधित शिक्षा दी गई है तथा जो महार जाति के पारंपरिक रीति रिवाजों को मानते है, उन महिलाओं द्वारा अपनी पुत्रियों को इससे संबंधित शिक्षा दी गयी हैं। इसलिए ये महिलाए अपनी पुत्री का विवाह अन्य जाति में नहीं करना चाहती है। इन महिलाओं पर आधुनिकता का प्रभाव कम दिखाई देता हैं। इसके अतिरिक्त अपनी पुत्रियों की अपेक्षा अपने पुत्रों का विवाह किसी अन्य जाति में करना चाहने वाली महिलाओं की संख्या अधिक पायी गयी है।

तालिका क्रमांक–4

महिलाओं द्वारा ज्ञान एवं मनोरंजन के लिये उपयोग किए जाने वाली सुविधाओं की जानकारी

क्र.	सुविधाओ की जानकारी	आवृत्ती	प्रतिशत
1	समाचार पत्र	295	98.33
2	टेलीविजन	293	97.66
3	एफ एम रेडिओं	162	54.00
4	कम्प्यूटर	104	34.66
5	इंटरनेट	39	13.00
	कुल योग		

उपरोक्त तालिका के अनुसार महिलाओं द्वारा अपने ज्ञान और मनोरंजन के लिए विभिन्न सुविधाओं का उपयोग किया जाता है । अपने ज्ञान को बढ़ाने तथा मनोरंजन के लिए 98.33% महिलायें समाचार पत्र पढ़ती है । इन महिलाओं का मानना है कि समाचार पत्र ज्ञान एवं मनोरंजन का एक सस्ता एवं सुविधाजनक साधन है । अपने ज्ञान एवं मनोरंजन के लिए 97.66% महिलाये टेलीविजन का प्रयोग करती है । उनके लिए टेलीविजन मनोरंजन के साधनों में से सर्वाधिक लोकप्रिय साधन है, इसके साथ ही विभिन्न समाचार चैनल्स के द्वारा इनका ज्ञानवर्धन भी होता है । इसके अतिरिक्त कुछ ज्ञानवर्धक धारावाहिक भी टेलीविजन पर देखने को मिलते है । अपने ज्ञान व मनोरंजन के लिये 54.00% महिलाए एफ एम रेडियों का भी प्रयोग करती है । इन महिलाओं द्वारा भोपाल नगर में आने वाले विभिन्न एफ.एम. स्टेशनस् का प्रयोग अपने मनोरंजन तथा ज्ञान के लिए किया जाता है । अपने ज्ञान तथा मनोरंजन के लिए इन महिलाओं द्वारा कम्प्यूटर तथा इंटरनेट का भी प्रयोग किया जाता है । कम्प्यूटर तथा इंटरनेट का प्रयोग करने वाली महिलायें अपेक्षाकृत कम आयु समूह से है तथा ये उच्च शिक्षित महिलाए है । कम्प्यूटर का प्रयोग 38.00% महिलाओं द्वारा तथा इंटरनेट का प्रयोग 13.00% महिलाओं द्वारा अपने ज्ञान, मनोरंजन तथा विभिन्न जानकारियों के लिए किया जाता है ।

तालिका क्रमांक–5

परिवार में इंटरनेट की सुविधाओं का उपयोग किया जाता है

क्र.	इंटरनेट का प्रयोग परिवार में किया जाता है	आवृत्ती	प्रतिशत
1	हॉ	24	8.00
2	कभी–कभी	225	75.00
3	नही	51	17.00
	कुल योग	**300**	

उपरोक्त तालिका के अनुसार 8.00% महिलाओं के परिवार में इंटरनेट की विभिन्न सुविधाओं का उपयोग किया जाता है । इंटरनेट की सुविधा 20.00% परिवारों में है । इन परिवारों में इंटरनेट के द्वारा विभिन्न कार्य किए

जाते है जिसकी चर्चा अगली तालिका में की गई है। इंटरनेट की सुविधाओं का उपयोग 75.00% परिवारों में कभी-कभी किया जाता है। इस प्रकार कुल 83.00% परिवारों में इंटरनेट का उपयोग किसी न किसी रूप में व परिवार के किसी न किसी सदस्य द्वारा किया जाता है। आज के आधुनिक युग में नगरों में कम्प्यूटर तथा इंटरनेट का प्रयोग बढ़ता ही जा रहा है। इंटरनेट की सुविधाओं का 17.00% परिवारों में उपयोग नहीं किया जाता है।

उत्तरदाताओं के परिवारों में उपयोग की जाने वाले इंटरनेट से संबंधित विभिन्न सुविधाओं की चर्चा की गई है। इंटरनेट की अधिकांश सुविधाओं का 8.67% परिवारों में उपयोग किया जाता है। रेल्वे आरक्षण के लिए 27.00% परिवारों में इंटरनेट का उपयोग किया जाता है। ई-मेल करने के लिए 16.33% परिवारों में इंटरनेट का उपयोग किया जाता है। ई-मेल के साथ ही चैटिंग के लिए भी 10.33% परिवारों में इंटरनेट का उपयोग किया जाता है। बिल के भुगतान के साथ रेल्वे आरक्षण के लिए 8.33% परिवारों परिवारों में इंटरनेट का उपयोग किया जाता है। ई-मेल के साथ रेल्वे आरक्षण के लिए 7.67% परिवारों में इंटरनेट का उपयोग किया जाता है। ई-बैंकिग के लिए1.00% परिवारों में इंटरनेट का उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त 0.67% परिवार में शिक्षा संबंधी कार्य के लिए इंटरनेट का उपयोग किया जाता है। इन महिलाओं के परिवारों में किसी न किसी कार्य, मनोरंजन तथा ज्ञान के लिए इंटरनेट का उपयोग किया जाता है। इन उत्तरदाताओं के परिवारों में महिला सदस्यों की अपेक्षा पुरूष सदस्यों द्वारा इंटरनेट का उपयोग किया जाता है।

तालिका क्रमांक-6
महिलाए किसी किट्टी पार्टी की सदस्या है

क्र.	किट्टी पार्टी की सदस्या है	आवृत्ती	प्रतिशत
1	हॉ	71	23.66
2	नही	229	76.34
	कुल योग	**300**	

उपरोक्त तालिका के अनुसार 23.66% महिलाए किसी न किसी किट्टी पार्टी की सदस्या है। इसके अतिरिक्त 76.34% महिलाए किसी भी किट्टी पार्टी की सदस्या नहीं है। उन महिलाओं की संख्या अधिक है, जो किट्टी पार्टी की सदस्या नहीं है।

निष्कर्ष - उपरोक्त तालिकाओं के माध्यम से महार जाति की महिलाओं में होने वाले सामाजिक परिवर्तन की जानकारी को प्रस्तुत किया गया है। हमने भोपाल में जिन परिवारों का अध्ययन किया, उनमें से अधिकांश परिवार एकांकी परिवार है। इन परिवारों का एकांकी स्वरूप होने के कारण महिलाओं को अपेक्षाकृत अधिक स्वतंत्रता प्राप्त है तथा अपने विचारों को क्रियान्वित करने के लिए भी स्वयं को अधिक स्वतंत्र महसूस करती है। इसके साथ ही अध्ययन के दौरान हमने यह भी महसूस किया कि आधुनिकता तथा संचार के साधनों एवं माध्यमों से संबंधित प्रश्नों का वैश्वीकरण के संदर्भ में अध्ययन किया जाना अधिक उपयुक्त होगा।उत्तरदाताओं द्वारा अपने बच्चों के विवाह से संबंधित विचारों को भी व्यक्त किया गया है। अपने पुत्र का 17.33% महिलाए किसी अन्य जाति में विवाह कर सकती है, तथा 9.66% महिलाए अपनी पुत्री का भी अन्य जाति में विवाह कर सकती है। इन महिलाओं पर आधुनिकता का प्रभाव दिखाई देता है, इसलिए ये महिलाए जाति को कम महत्व दे रही है।

भोपाल नगर में महार जाति की महिलाओं द्वारा अपने ज्ञान व मनोरंजन के लिये वर्तमान समय में उपलब्ध विभिन्न जनसंचार की सुविधाओं का उपयोग किया जा रहा है। समाचार पत्र पढ़कर सर्वाधिक 98.33% महिलाओं द्वारा अपना मनोरंजन कर ज्ञान में वृद्धि की जाती है, परन्तु 97.00% महिलाओं को समाचार पत्र पढ़ना पसंद है। दैनिक भास्कर समाचार पत्र सर्वाधिक 59.33% महिलाओं द्वारा पढ़ा जाता है। हिन्दी भाषा के समाचार पत्र सर्वाधिक 96.00% उत्तरदाताओं द्वारा पढे जाते है, इसके अतिरिक्त 4.00% महिलाए अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र भी पढ़ती है, इनमें प्रमुख रूप से हिन्दुस्तान टाइम्स तथा द हिन्दु समाचार पत्र है। समाचार पत्र मनोरंजन का एक सस्ता एवं सुलभ साधन है। टेलीविजन 97.66% महिलाओं को देखना पसंद है। महिलाए स्टार प्लस, जी.टी.व्ही., सोनी तथा कलर्स आदि चैनल्स देखना अधिक पसंद करती है, इसके अतिरिक्त कुछ महिलायें न्यूज चैनल्स जैसे-आजतक, स्टर न्यूज, जी-न्यूज, एन.डी.टी.व्ही. इंडिया तथा न्यूज-24 आदि के साथ डिस्कवरी चैनल एंव नेशनल जॉग्राफी भी देखना पसंद करते है। एफ.एम. रेडियो 54.00% महिलाओं द्वारा सुना जाता है। सर्वाधिक 27.00% महिलाओं द्वारा विविध भारती को सुना जाता है। इनमें कुछ महिलाए सिलाई करते समय तथा कुछ महिलाए यातायात के समय एफ.एम. सुनती है। नवीन तकनीकी में महिलाओं द्वारा कम्प्यूटर तथा इंटरनेट का भी प्रयोग अपने ज्ञान व मनोरंजन के लिए किया जताा है। किट्टी पार्टी में 23.66% महिलायें सदस्य है तथा अपना मनोरंजन वे इस माध्यम से करती है। इसके साथ ही इनमें सामाजिक अंतर्क्रिया भी होती है। इन सभी के अतिरिक्त 1.00% महिलाएं सामाजिक कार्य के क्षेत्र में भी सक्रिय है। सामाजिक कार्य में विशेष रूप से बौद्ध धर्म से संबंधित कार्यक्रमों में इन महिलाओं की रूचि है। विपश्यना जो कि योग से संबंधित है इसमें भी उत्तरदाताओं की रूचि है तथा इस कार्य में ये महिलाए संलग्न है। इस प्रकार भोपाल नगर की महार जाति की विवाहित महिलाओं में सामाजिक परिवर्तन को उनके विचारों के माध्यम से देखा जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Karlekar, Malivika(2000), Women's studies and Women's development in M.S. Gore(ed.) **Third Survey of Research in sociology and social Anthropology** (vol.1), New Delhi - Indian Council of Social Science Research and Manak Publication.
2. Jagan, Karade(2009.), **Occupational Mobility Among Scheduled Castes**, Newcastle - Cambridge Scholars publishing.

****

नोटबंदी बनाम भ्रष्टाचारबंदी - एक सामाजिक विश्लेषण

डॉ. उमा लवानिया *

प्रस्तावना - आधुनिकता के दौर में भ्रष्टाचार एक देश व्यापी समस्या बन चुकी है, राजनीतिक क्षेत्र हो, सामाजिक क्षेत्र हो, आर्थिक क्षेत्र हो या अन्य कोई भी क्षेत्र हो, भ्रष्टाचार से अछूता नहीं है। देश के अधिकांश सत्ताधारी व्यक्तियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों का जीवन, व्यवहार, कार्यक्रम एवं विचार भ्रष्टाचार का एक अभिन्न अंग बन गया है। प्रजातंत्र, स्वच्छ प्रशासन, समाजवाद, सामाजिक न्याय, एवं राष्ट्रीय चरित्र आज आडम्बर मात्र बनकर रह गए है। भ्रष्टाचार से जुड़े तत्वों में भ्रष्टाचार मनुष्य के आचरण का एक प्रकार है, भ्रष्टाचार से जुडे मानव आचरण को समाज द्वारा मान्यता प्राप्त नही होती, इस आचरण का उद्देश्य व्यक्तिगत लाभ कमाना होता है, इस मानव आचरण में व्यक्तिवादी भावना की प्रधानता होती है, ऐसा मानव आचरण व्यक्ति को स्वैच्छा से जान-बूझकर कर्त्तव्यों के उल्लघंन के लिए प्रेरित करता है।

ई.एस.एम. प्रकाशन ने भ्रष्टाचार के तत्वों के संबंध में लिखा है कि चेतन अवस्था में किया गया कोई भी काम जो नियम या व्यवस्था के खिलाफ हो ऐसा कोई भी काम जो न्याय एवं नैतिकता के मान्य सिद्धांतो के खिलाफ हो, ऐसा कोई भी काम जो सार्वजनिक कर्त्तव्यों के पालन में पक्षपात पर आधारित हो । जान बूझकर किसी काम को विलम्ब से संपादित करना, जान बूझकर ऐसी सूचना या रिपोर्ट देना जिससे व्यक्ति गुमराह हो, किसी प्रमाण या तथ्य को दबाना या उसकी गलत व्याख्या करना, एवं जानते हुए भी दूसरे व्यक्तियों के कार्यों अथवा गलतियों को न रोकना आदि।

अत: भ्रष्टाचार के अन्तर्गत मनुष्य भ्रष्टाचार के अन्तर्गत मनुष्य शिष्टाचार के विपरीत आचरण करता है। मनुष्य द्वारा निर्धारित आचार व्यवहारों का उल्लंघन करना भ्रष्टाचार कहा जाता है। शिष्टाचार के अन्तर्गत मनुष्य शिष्ट और शालीन व्यवहार करता है। मनुष्य के क्रियाकलापों और व्यवहार का समझता है, उसे शिष्टाचार की संज्ञान दी गई आज भी शिष्टाचार है, करोड़ो भारतवासी, जिनकी रग-रग में ईमानदारी दौड़ती है उनका मानना है कि भ्रष्टाचार, कालेधन और आतंकवाद के खिलाफ निर्णाक लड़ाई लड़नी चाहिए। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए नोटबंदी कर कालेधन को बाहर निकालने के लिए 16 मई 2014 को देश का मोडिफिकेशन हुआ था। नोट बंदी (500 एवं 100) कर एलान कर दिया गया उद्देश्य कालेधन की रीढ़ पर वार और ईमानदारों के मन की बात, इस फैसले के दूरगामी परिणाम सार्थक होगे।

8 नवंबर 2016 रात 12 बजे से नोटबंदी (500एवं1000) कर दी गई। 1978 में हजार, पांच हजार और दस हजार के नोट बंद किए थे। लगभग 38 साल बाद भ्रष्टाचार के विरोध में कालेधन को निकलवाने के लिए यह ठोस कदम उठाया। जिसका उद्देश्य नोट बंद करने से लेकर बेनामी सम्पत्तियों का पता लगाना है। भ्रष्टाचार व कालेधन को खत्म करने के अभियान में यह करारा प्रहार है, जिसमें आने वाली चुनौतियों का हमें सामना करना है।

भ्रष्टाचार, कालाधन, जाली नोट और आतंक को धन से पोषित करने से रोकने के लक्ष्यों का कोई विरोध नहीं है, सिद्धांत यानी थ्योरी गलत नहीं होती, लागू करने का तरीका गलत हो सकता है। अच्छे दिनों के बड़े 'टारगेट' को भेदने के लिए लागू की गई प्रक्रिया कुप्रबंधन का प्रतीक न बन जाए लोग परेशान न हों नोट बंदी की घोषणा के बाद देश के कृषि बाजार में भारी गिरावट न आ जाए इससे किसानों, व्यापारियों, और भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था पर भी प्रभाव न पड़े जैसे अनाज की आवक, किसान को फसल में नुकसान बिन नकदी सब सूझ, रोजी रोटी पर कहीं-कहीं संकट के बादल, उत्पादन में गिरावट एवं कहीं-कहीं संकट के बादल, उत्पादन में गिरावट एवं आयात-निर्यात में मंदी और भी अन्य समस्याएं आम साधारण नागरिक में देखने को न मिले इनसे निपटने के लिए नोटबंदी का फैसला लेने से पूर्व इसके आवश्यक नकारात्मक पहलुओं पर विचार करना भी अति आवश्यक है। परन्तु नोटबंदी ही ऐसा अच्छा अवसर है, जिससे देश का आर्थिक परिदृश्य बदलकर तरक्की होगी क्योंकि में भी सहायक है। भ्रष्टाचार कालेधन की जमाखोरी करने वालों और आतंकियों पर यह ऐसा मास्टर स्ट्रोक है। जिसे गलत तरीके से अमीर बने लोगों को छोड़कर प्रत्येक भारतीय ने सराहा है यह गरीब, मध्यम वर्ग और ईमानदार लोगों के भले के लिए ही है, यह तो जनहित का महायज्ञ है।जिसमें सभी को शामिल होकर इसे सफल बनाना है।

कैसे छपते है नोट? चीन के बाद भारत में होती है सबसे ज्यादा नोट की छपाई मध्यप्रदेश के देवास महाराष्ट्र के नासिक, कर्नाटक के मैसूर और पश्चिम बंगाल के सल्बोनी की प्रिंटिग प्रेस में नोट छपते हैं। कागज म.प्र. व महाराष्ट्र में बनता है। इंपोर्ट भी किया जाता है, ऑफसेट स्याही देवास और सिक्किम में बनती है। पेपर शीट को सायमंटन मशीन में इंसर्ट किया जाता है फिर इंटाब्यू मशीन से नोट की प्रिंटिग होती है। अच्छे व खराब नोट की छटनी की जाती है, एक शीट में करीब 32 से 48 नोट होते है। नोट की संख्या चमकीली स्याही से मुद्रित होती है। नोट में चमकीले देशे होते है। अल्ट्रावायलेट रोषनी में देखे जा सकते है। कॉटन और कॉटन के रेशे मिश्रित एक वॉटर मार्क पेपर पर नोट मुद्रित किया जाता है। शीट पर छप गए नोटो पर नंबर डाले जाते है। फिर शीट से नोटों को काटने के बाद एक-एक नोट की जांच की जाती है। फिर इन्हें पैक किया जाता है। इन पैकिंग को ट्रेन से भारतीय रिजर्व बैंक तक भेजा जाता है। भारत हर साल 22 हजार मीट्रिक टन पेपर नोट छापने में इस्तेमाल करता हे। नोटों की छपाई का 40 फीसदी खर्च कागज का ही होता है। कालेधन का रिष्ता खत्म होने की शुरूआज ही काला धन

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, बीना (म.प्र.) भारत

हमारी अर्थव्यवस्था के लिए हमेशा से शर्म का विषय रही है।, क्योंकि यह सरकार, लोकतंत्र और देश के सम्मानों के पतन का कारण बनती है। यह लंबे समय से कॉर्पोरेट अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और सरकार व नीति को पंगु बनाने का कारण रही है, नकदी को बदलने का यह कदम रूपान्तरण की दिशा में मील का पत्थर है। यह राष्ट्रहित में साहसी कदम उठाया है। आतंकवाद, भ्रष्टाचार, मंहगाई की समस्याओं को निशाना बनाया है। यह एक मात्र ऐसी सर्जिकल स्ट्राइक होगी जो नए सिरे से ज्ञान के शिखर पर लाएगी, सोने की चिड़िया भी बनाएगी और हर नागरिक को देश के शत्रुओं से लड़ने की ताकत भी देगी।

देश के सात दशकों के लोकतंत्र की कई कमजोर विरासतें है उनमें कालेधन की अर्थ व्यवस्था भी है। यह हमारी राजनीतिक और सरकारी व्यवस्था ये भयावह भ्रष्टाचार के लिए ईधन होने के साथ-साथ हमारे लोकतंत्र अर्थव्यवस्था और देश के लिए खतरा है। इस काली अर्थव्यवस्था की सफाई करने का मतलब राजनीति, चुनाव, सरकार व विजनेस की सफाई के साथ आतंकवाद में पैसा लगाने और फर्जी करेंसी नोटों की समस्या से निपटना भी है योजना सुनियोजित ढंग से काले धन की अर्थव्यवस्था को पुरूस्कार व दण्ड की नीति से संकुचित करने का कार्य करेगी, काले धन पर विशेष जांच दल एटीएम बैंकिग और ई-भुगतान के लिए सीधे लाभ, प्रोत्साहन योजनाएं और कालाधन शामिल करने की योजनाएं शामिल है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. अशोक डी. पाटिल, डॉ एस.एस. भदौरिया।
2. समाजिक समस्याएं और अपराध- प्रो. आनंद प्रकाश सिंह, वैशाली प्रसाद।
3. समाचार पत्र-
   1. दैनिक भास्कर - 3.11.16
   2. पत्रिका - 6.11.16
   3. पत्रिका - 09.11.16
   4. दैनिक भास्कर -11.11.16
   5. पत्रिका - 12.11.16
   6. दैनिक भास्कर - 12.11.2016
   7. पत्रिका - 14.11.2016
   8. पत्रिका - 27.11.16
   9. दैनिक भास्कर - 29.11.16
   10. न्यूज अराउण्ड - 30.11.16
   11. देश-विदेश - 01.12.16

****

45 एवं अधिक उम्र की महिलाओं का समाजशास्त्रीय अध्ययन

प्रो. ऋचा एस. मेहता *

प्रस्तावना – भारतीय समाज में महिलाओं के जीवन में कुछ ऐसे महत्वपूर्ण परिवर्तन आते है जिससे उनके जीवन की दशा एवं दिशा दोनों बदल जाती है। पहला महत्वपूर्ण परिवर्तन तब आता है, जब लगभग 18 से 25 वर्ष की उम्र में एक कन्या का विवाह होता है। माता–पिता के घर में एक राजकुमारी की तरह रहने वाली एक लड़की किसी परिवार की बहू बन जाती है और कई तरह की जिम्मेदारियों में बँध जाती है। कुछ ही समय में वह अपने जीवन की बदली हुई दशाओं में अपने आपको ढाल लेती है एवं नए परिवार का एक महत्वपूर्ण अंग बन जाती है। संतान प्राप्ति के बाद उसका जीवन पति, बच्चे एवं ससुराल के अन्य सदस्यों की सुख सुविधाओं का ध्यान रखने में ही समर्पित हो जाता है। जीवन के लगभग 20 वर्ष उसकी जीवन की दिनचर्या लगभग एक समान रहती है। दूसरा महत्वपूर्ण परिवर्तन महिला के जीवन में 45 वर्ष की उम्र के पश्चात आता है। संतान बड़ी हो जाती है। जो माँ उनके जीवन का प्रमुख आधार होती थी, वे अब उनकी चिन्ता करें एवं सुख सुविधाओं का अधिक ध्यान रखें, वह उन्हें बंधनकारी लगने लगता है। जब अपनी संतान माँ द्वारा उसकी कही गई बातों पर झल्लाने लगे तब माँ को बहुत बुरा लगता है। यह जीवन का दूसरा महत्वपूर्ण परिवर्तन जीवन को सर्वाधिक प्रभावित करता है। उम्र के इस पड़ाव पर महिलाओं को अपनी जीवनशैली में कुछ परिवर्तन करना चाहिए। उन्हें अपनी प्राथमिकताओं को बदलना चाहिए।

मैंने समाजशास्त्रीय, दृष्टिकोण से तथ्य पर गौर किया तो पाया कि 45 की उम्र को पार कर चुकी कुछ महिलाओं का जीवन स्वस्थ, सुखी एवं आनंदित है जबकि कुछ महिलाओं का जीवन बीमारी, दुख एवं अवसाद से ग्रसित हो गया है। लगभग 25 महिलाओं के जीवन के संबंध में उनसे प्राप्त जानकारियों एवं दैनिक समाचार पत्रों में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले प्रशंसनीय कार्यों के लेखों के आधार पर मैंने यह निष्कर्ष निकालने का प्रयास किया है कि 45 वर्ष की उम्र के पश्चात ऐसा क्या किया जाना चाहिए कि जीवन का अगला पड़ाव स्वस्थ एवं आनंदित रूप से सम्पन्न हो। अपने अध्ययन के निष्कर्ष बताने से पूर्व समाचार पत्र में पढ़ी गई दो लघु कथाओं का सार में यहाँ पर उल्लेखित करना चाहूँगी।

छत्रपति शिवाजी के दरबार में एक बार यह प्रश्न उठा की वास्तव में जीवन क्या है ? सभी ने अपने–अपने मत दर्शाए पर शिवाजी महाराज को संतोषप्रद उत्तर नहीं मिला। तभी शिवाजी महाराज के गुरू समर्थ रामदास का आगमन हुआ। शिवाजी महाराज ने गुरूवर से पूछा कि जीवन वास्तव में क्या है ? समर्थ रामदास ने उत्तर दिया कि गति एवं शक्ति ही जीवन है। जब तक जीवन में गति बनाए रखोगे शक्ति बनी रहेगी एवं जब तक शरीर में शक्ति होगी जीवन गतिशील बना रहेगा। जिस दिन व्यक्ति ने गति रोक दी उसकी शक्ति क्षीण होती जाएगी एवं शक्ति क्षीण होने पर गति कम होती जाएगी तथा मनुष्य उसी क्षण से मृत्यु की ओर प्रयाण कर देगा। मुझे लगता है यहाँ गति का अर्थ सदैव जीवन में कुछ नया सीखने एवं नया करने से है जिससे जीवन ऊर्जा से भरा रहता है और ऊर्जा शरीर में शक्ति का संचार करती है। 45 वर्ष की उम्र को पार कर चुकी जिन महिलाओं ने अपनी गति लगातार बनाए रखी उनका जीवन स्वस्थ एवं सुखमय बना रहा तथा जिन्होंने अपने आपको निवृत्त मान लिया उनके जीवन की शक्ति एवं ऊर्जा भी कम हो गयी। अत: जीवन में गति बनाए रखना नितांत आवश्यक है।

मेरा दूसरा दृष्टांत भी जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी है। एक तालाब में बहुत से मैंढक रहते थे। धीरे–धीरे उस तालाब के मैंढकों में अनुशासहीनता बढ़ती गई। बढ़ती अनुशासनहीनता के कारण लड़ाई झगडे बढ़ने लगे तथा उनका जीवन दुष्कर हो गया। कई अच्छे मैंढक तालाब छोड़कर अन्य तालाबों में चले गए। तालाब के कुछ बुजुर्ग मैंढकों ने भगवान शिव से प्रार्थना की कि हमें तालाब का कोई एक ऐसा पहरेदार दो जो हमारे तालाब में अनुशासन स्थापित कर दें। भगवान शिव ने कहा ठीक है मेरे इस नंदी बैल को ले जाओं। नंदी बैल तालाब के पास जाकर रहने लगा। वह कुछ करता नहीं और तालाब के आसपास घूमते रहने के कारण प्रतिदिन कई मैंढक उसके पैर के नीचे कुचलकर मर जाते। परेशान होकर मैंढकों ने भगवान शिव से कहा कि कोई दूसरा अच्छा पहरेदार दिया जाए। भगवान ने अपने गले के सर्प को पहरेदार बनाकर भेजा। सर्प रोज दो चार मैंढकों को चट कर जाता। परेशान मैंढक फिर भगवान के पास गए। अपनी समस्या बताई। इस पर शिवजी ने कहा में आपको यही शिक्षा देना चाहता था कि किसी दूसरे का तंत्र कभी भी आपकी समस्या को हल नहीं कर सकता। इसलिए आप अपने स्वयं का तंत्र स्थापित करो क्योंकि आपकी अपनी समस्याओं को आपसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता इसलिए आप स्वयं अपनी समस्याओं का हल ढूँढ़ने का प्रयास करें। यहाँ पर फिर में अपने विषय पर आती हूँ कि जिन महिलाओं ने अपनी समस्याओं पर गौर करके उनके समाधान ढूँढ़ने का प्रयास किया उनका जीवन प्रशंसा का पात्र बन गया तथा ऐसी महिलाएँ जिन्होंने अपनी समस्या का केवल सबसे सामने दुखड़ा रोया वे निंदा एवं मजाक का पात्र बनकर रह गई।

उम्र के इस पडाव को पार कर चुकी 25 महिलाओं की बातचीत के आधार पर मैंने निम्न निष्कर्ष निकाले है, जो सुखी, सफल एवं आनंदित जीवन के लिए उपयोगी हो सकते है –

1. **अपनी उत्सुकता को बढाएँ –** उम्र के इस पड़ाव में बच्चे बड़े हो जाने के कारण इस उम्र में अधिक समय मिलता है। आपको इस उम्र में ऐसी

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, सोनकच्छ, जिला – देवास (म.प्र.) भारत

गतिविधियों को ढूँढ़ना है, जो आपको आनंदित रख सकें जैसे – गायन, वादन, घूमना, बागवानी, विविध व्यंजन बनाना, बच्चों को पढ़ाना आदि। इसके लिए आप अपने पसन्द की गतिविधियों की सूची अपने समय एवं धन की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बनाइए।

2. **नई एवं पसंदीदा गतिविधियों में व्यस्त हो जाइए –** आप इस सूची में से अपने पसंद की ऐसी गतिविधि का चयन करें, जो पहले आप धन, समय एवं परिस्थितियों के कारण नहीं कर पाए। इसके अतिरिक्त समय, काल एवं परिस्थितियों बदलने पर जो नई गतिविधियाँ सामने आई है। उसमें से आपको जो गतिविधि पसंद आए उसको भी करने की कोशिश करें एवं अपने आपको इनमें व्यस्त कीजिए। सीखने की कोई उम्र नहीं होती। इसलिए इन गतिविधियों की आवश्यकता हो तो किसी क्लास में जाकर सीखने में कोई हिचकिचाहट नहीं होना चाहिए। जैसे आप समय की कमी के कारण गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला, पैन्टिंग आदि नहीं कर पाए हो तो इस उम्र में भी आप इसकी ट्यूशन लेकर इसे सीख सकती है एवं अपने आपको आगे बढ़ा सकती है। अपने पसंदीदा गतिविधि को करने में शर्म या हिचक बिलकुल भी महसूस न करें।

3. **जब भी संभव हो घूमने फिरने जाएं –** अपने समय एवं धन की परिस्थितियों के अनुसार घूमने–फिरने अवश्य जाएं। घूमना–फिरना आपको चलित रखेगा जिससे आपका शरीर, मन एवं मस्तिष्क व्यस्त रहेगा जो आपको हृदय को जवान रखेगा।

4. **अपनी शिक्षा को बढ़ाइए –** आपके पसंदीदा विषय पर उपलब्ध वांचन सामग्री का विस्तृत वांचन करें एवं उस पर क्लासेस लेने का प्रयत्न करें। यदि आप नौकरी या व्यवसाय में संलग्न है, तो वांचन एवं ट्रेनिंग के माध्यम से अपना ज्ञान हमेशा नवीन परिस्थितियों के अनुसार बढ़ाते रहिए। इसके लिए क्लासेस, व्याख्यान, सेमीनार तथा अन्य शिक्षकीय कार्यक्रम का उपयोग कर सकते है। यदि आप अपने दिमाग को लगातार कुछ नया सीखने में व्यस्त रखेंगे तो आपके दिमाग के बूढ़े होने की रफ्तार अत्यंत कम हो जाएगी। अपने द्वारा प्राप्त किए गए ज्ञान एवं शिक्षा को दूसरों तक पहुँचाने का भी पूर्ण प्रयास करें।

5. **स्थानीय क्षेत्र के स्वयंसेवक बने –** अपने बुद्धि एवं अनुभव के लाभ स्थानीय क्षेत्र को उपलब्ध कराने का प्रयास करें। इसके लिए स्थानीय विद्यालय, अस्पताल, वृद्धाश्रम, अनाथालय आदि में मुलाकात कर यथाशक्ति मदद करने के लिए तत्पर रहें। यह कार्य आपको अपने अभी के जीवनकाल में किए गए किसी भी कार्य से अधिक आनंद एवं सुख देगा। जो एम.वाय. हॉस्पिटल में मरीजों को भोजन एवं दूध वितरण का कार्य करती है। उसमें दो महिलाएँ सरकारी स्कूल के बच्चों को अतिरिक्त समय में अंग्रेजी एवं गणित पढ़ाती है। इंदौर में संवेदना एवं सहायता नामक दो लोक पारमार्थिक संस्थाएँ एम.वाय. हॉस्पिटल में मरीजों को मुफ्त भोजन एवं दूध वितरण का कार्य करती है। मेरे अध्ययनमें शामिल चार महिलाएँ सप्ताह में 2–3 घण्टे इस कार्य में सहायता करती है।

6. **नए लोगों से जुड़िए –** प्रत्येक व्यक्ति यह महसूस करता है कि उसकी पसंदीदा गतिविधियों में समय काल एवं परिस्थितियों के कारण बदलाव आया है। पिछले 20 वर्षों में तो अत्यंत तीव्र गति से बदलाव हर क्षेत्र में आया है। इसलिए इन बदली हुई परिस्थितियों में नए लोगों से जुड़कर तथा उनकी मदद से आप इस नए एवं तेजी से बदले जगत में सामंजस्य बैठा सकते है। इनसे जुड़कर आप नए क्षेत्र में अपनी योग्यता बढ़ा सकते है एवं अपने जीवन में एक नयी ऊर्जा भर सकते है। नए व्यक्तियों से जुड़ने के लिए आप अपने आसपास के कई तरह के क्लब एवं संस्थाओं के सदस्य बन सकते है। अन्य शहरों एवं देशों के लोगों से जुड़ने के लिए आप सोशल मीडिया का भी उपयोग कर सकते है।

7. **अपने चिकित्सक से लगातार सम्पर्क में रहें –** उम्र के इस पडाव में आप अपने चिकित्सक से लगातार सम्पर्क में रहे तथा अपने शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देशों का पुरी मुस्तैदी से पालन करें। नियमित रूप से शरीर के चैकअप करवाते रहें। अपने शरीर में होने वाले परिवर्तनों का लगातार निरीक्षण करते रहे एवं किसी भी महत्वपूर्ण परिवर्तन के संबंध में अपने डाक्टर से सलाह लेते रहिए।

8. **नियमित एवं पौष्टिक खानपान –** 45 वर्ष की उम्र पूर्ण करने के बाद शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए नियमित एवं पौष्टिक खानपान का विशेष महत्व होता है। इसके लिए ग्रीन सब्जियों, फल एवं प्रोटीनयुक्त भोजन का नियमित सेवन करना चाहिए। अपने शरीर एवं कार्य की परिस्थितियों के अनुसार प्रतिदिन 1600 से 2800 कैलोरी ग्रहण करना आवश्यक है। इसके लिए प्रतिदिन 1 से 1.5 कप फल, 2.5 से 3 कप सब्जियाँ, 5 से 8 औंस खाद्यान्न, 5 से 6.5 औंस प्रोटीन, 2 से 3 कप दूध, दही, चीज आदि का सेवन करना चाहिए। सोडियम की मात्रा कम करना चाहिए। मिठाई एवं तले हुए भोजन की मात्रा अत्यंत कम कर देना चाहिए। माँसाहार का सम्पूर्ण त्याग कर देना चाहिए।

9. **नियमित कार्डियोवस्कुलर व्यायाम –** नियमित व्यायाम आपको शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाए रखेगी। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए औसत स्तर की कोई भी नियमित व्यायाम की गतिविधि जैसे वार्किंग, स्वीमिंग, योगा आदि कीजिए। एक सप्ताह में कम से कम 150 मिनिट व्यायाम अवश्य करें। कार्डियोवस्कुलर व्यायाम आपके हार्ट को मजबूत बनाती है तथा ब्लड वेसल्स में खून के संचार को लगातार बनाए रखती हैं जो व्यक्ति के स्वस्थ रहने के लिए अत्यंत आवश्यक है। किसी भी व्यायाम कार्यक्रम प्रारंभ करने के पूर्व अपने चिकित्सक से अवश्य परामर्श लेवे। अपने व्यायाम के दौरान अपने शरीर में होने वाले परिवर्तन पर ध्यान दीजिए एवं यदि व्यायाम आपको थका रहा है या आपको शारीरिक तकलीफ दे रहा है, तो व्यायाम तब तक न करें जब तक आप अच्छा महसूस न करने लगे।

10. **शरीर को बलवान बनाने वाली कसरत करें –** कार्डियोवस्कुलर एक्ससरसाइज के अतिरिक्त शरीर को बलवान एवं मजबूत बनाने के Strength training exercise भी कीजिए। यह तथ्य साबित हो चुका है कि यह व्यायाम उम्र की प्रक्रिया को उल्टा कर देती है तथा उम्र जनित बीमारियों से सुरक्षा भी देती है जैसे मसल्स एवं हड्डियों को मजबूत बनाने से ओस्टियोपोरेसिस बीमारी से बचा जा सकता है। इसके लिए जीम में वेट ट्रैनिंग ली जा सकती है। वेट ट्रेनिंग लेने से पूर्व अपने चिकित्सक या सर्टिफाइड ट्रेनर से परामर्श अवश्य लेना चाहिए।

11. **अपने शरीर को सुनें –** घूमने–फिरने से लेकर व्यायाम तक की सभी गतिविधियों को करते समय अपने शरीर एवं संवेदना पर पूरा ध्यान रखे। यह किसी भी शारीरिक परेशानियों को पहचानने में आपकी मदद करेगी। आवश्यकता या इच्छा होने पर पूर्ण आराम करें। यदि किसी दिन आप थके हुए है व्यायाम नहीं करना चाहते है तो उस दिन आराम अवश्य करें। यह शरीर को स्वस्थ एवं मन को आनंदित रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

प्रतिदिन 7 से 9 घण्टे सोने की आदत रखें। निद्रा आपके तन एवं मन दोनों को स्वस्थ रखेगी।उपरोक्त सभी निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ने पर दो महत्वपूर्ण वही तथ्य उभरकर आते है जो मैंने दो लघु कथाओं के माध्यम से समझाने का प्रयास किया है। जीवन में गति एवं शक्ति आवश्यक है अतः इसे लगातार बढ़ाने का प्रयास करें। अपने जीवन को सुखी एवं स्वस्थ बनाने का प्रयास हमें ही करना होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. 45 वर्ष की उम्र को पार कर चुकी 25 महिलाओं से किए गए प्रश्नों के उत्तर एवं दैनिक समाचार–पत्रों के महिलाओं द्वारा किए जाने वाले प्रशंसनीय कार्यों एवं अन्य लेख के आधार पर।

****

भारतीय संस्कृति और जल संरक्षण

डॉ. ज्योति मेहता *

प्रस्तावना – अर्थशास्त्र के जनक एड्म स्मिथ ने पैरा डॉक्स ऑफ डायमंड एंड वाटर की अवधारणा में यह स्पष्ट किया, कि हीरा लोगों के लिए कम उपयोगी है, फिर भी महंगा है, और पानी की मांग सबसे ज्यादा है, उसे मंहगा होना चाहिए, पर पानी के संदर्भ में ऐसा नहीं दिखाई देता, क्योंकि अपने उद्भव से लेकर आज तक मानव को पानी की इतनी आपूर्ति होती रही है, वह जीवित रहे, इसलिए मानव ने पानी को हीरे के साथ कभी जोड़कर देखा ही नहीं, जबकि वास्तविकता यह है, कि पानी के कारण कई संस्कृतियों का विनाश हो गया। सिंधु घाटी सभ्यता, मेसोपोटामिया की सभ्यता या मिश्र की सभ्यता हो, सभी नदियों के किनारे ही विकसित हुई। जो यह दर्शाता है, कि संस्कृतियों के विकास में जल का भी योगदान रहा है।

मानव पृथ्वी पर पाए जाने वाले सभी अन्य प्राणियों से अपने को अलग करने में सफल हुआ क्योंकि उसने संस्कृति का निर्माण किया। संस्कृति जिसके कारण व्यक्ति सिर्फ प्रकृति के सहारे ही नहीं बल्कि अपने मूल्यों एवं व्यवहारों के सहारे भी अपने अस्तित्व को सुनिश्चित करने में सफल हो सका। अपने अस्तित्व की रक्षा में मानव को कभी पानी, हवा आदि के लिए कुछ विशेष सोचने की जरूरत नहीं पड़ी। पानी को सिर्फ एक रासायनिक संयोजन से ज्यादा भारतीय समाज में जीवन के आधार के रूप में देखा जाता है। पानी को सिर्फ पीने तक सीमित न करके इसे जीवन का उद्धार करने वाला बताया गया है। यह कथा सर्वविदित है, कि भागीरथ के प्रयास के कारण ही गंगा को भागीरथी भी कहते है। तब से गंगा को मोक्षदायिनी मानकर हिन्दु समाज गंगा जल का उपयोग हर पवित्र कार्य के लिए करता है।

पानी को औषधियों के गुणों का वाहक भी माना जाता है। ऋगवेद में स्पष्ट किया गया है, कि जल मनुष्य के लिए कल्याण कारी होता है। और इसके सेवन से बाह्य और आंतरिक मल विक्षेप दूर होते है। भारतीय समाज में पानी को मूल्य परक माना गया है और समाज को नियंत्रित करने हेतु पानी के लिए विभिन्न उपमाओं का प्रयोग किया गया है। आँखों में पानी होना, यह प्रचलित मुहावरा व्यक्ति की नैतिकता एवं अनैतिकता दोनों के लिए उपयोग किया जाता है। सभी मनुष्यों से यह सामाजिक अपेक्षा भी स्वच्छ जल की तरह ही की गई है, कि वे संसार का उपकार करे।

भारतीय समाज में प्रकृति को जीवन का एक महत्वपूर्ण भाग माना गया है। भौतिक संस्कृति से इतर प्राकृतिक अवयवों में भी अलौकिक शक्ति का समावेश करके उसे सम्मान दिया गया है। यही कारण है, कि नदियों में पानी को मोक्ष प्रदान करने वाला माना गया है।

'गंगा सिंधुश्च कावेरी, यमुना च सरस्वती,
रेवा महानदी गोदावरी, ससेता, मोक्ष दायिका'

उपरोक्त सात नदियाँ मोक्ष प्रदान करने वाली है, पानी को एक प्राकृतिक तत्व से उपर एक अलौकिक शक्ति का वाहक बनाकर देखा गया और वैदिक काल में इसके लिए एक देवता को जिम्मेदार माना गया है। जिसे वरूण देवता कहॉ जाता था।

मानव सभ्यता में सबसे महत्वपूर्ण कार्य था खेती करना। खेती ने मानव जीवन को ना सिर्फ स्थायित्व प्रदान किया बल्कि सामाजिक संरचना के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, सामाजिक संरचना को बनाए रखने में खेती का अद्धितीय स्थान है, जो वर्षा और भूमि जल की उपलब्धता पर निर्भर है। अप्रत्यक्ष रूप से मानव के स्थयित्व एवं सामाजिक संरचना की निरंतरता में पानी ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। पानी के लिए ऐसी विकसित तकनीक नव पाषण काल (भारत में आज से चार हजार वर्ष पूर्व का समय जब मानव ने खेती एवं पशुपालन का कार्य आरंभ किया में) में नहीं थी, कि पृथ्वी के अंदर का जल आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जा सके। खेती के संदर्भ में उगाई जाने वाली फसलों की जड़ों में भी जमीन की सतह से कुछ ही भीतर तक पानी प्राप्त करने की क्षमता होती है। यही कारण है, कि पानी को गहराई से प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़ते है। इस तरह (आधुनिक) के तकनीक प्रयास उस समय उपलब्ध नहीं थे, इसलिए पानी के प्रति संवेदना उत्पन्न करने के लिए पानी और खेती से जुड़े कई मुहावरे एवं लोकोक्ति प्रचलित हो गए, ताकि लोग पानी के उपयोग के प्रति संवेदशील हो सके। किसी भी समाज की महत्वपूर्ण इकाई परिवार है और भारतीय समाज में पुत्र को अत्यधिक महत्व दिया गया है और उसी से मोक्ष प्राप्त होता है। इसलिए समाज में पानी के महत्व को पुत्र के साथ जोड़कर समझाने का प्रयास किया है।

'दस कुओं के बराबर एक तालाब, दस तालाब के बराबर एक झील,दस झीलों के बराबर एक पुत्र पानी की आवश्यकता में ही समाज की निरंतरता जुडी है। पानी की उपलब्धता के अनुक्रमानुपाती समाज की स्थिरता होती है। जब भी इस प्राकृतिक सामाजिक सूत्र में असंतुलन होगा, समाज को हानि का सामना करना पड़ेगा, इसलिए सामाजिक निंरतरता के लिए भी एक आवश्यक तत्व है। परन्तु समाज में आरंभ से ही तकनीकी का विकास नहीं हुआ था, ऐसी स्थिति में खेती आधारित समाज का अस्तित्व बचा रहे, इसके लिए पानी के प्रति लोगों को संवेदनशील एवं गंभीर बनाने के लिए तरह तरह की लोकोक्तियाँ ग्रामीण समाज में प्रचलित हो गई। दस धान, उखेरा। तीनों पानी के चेरा (घाघ 2001) किस फसल को पानी चाहिए और किसको ज्यादा पानी की आवश्यकता नहीं है, इस तथ्य को मुहावरों के जोड़ देने के कारण, पानी के प्रति एक सहज चेतना जाग्रत करना सहज था। मनुष्य की जैविक आवश्यकताओं

* प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

(मैलानोवास्की) में उपापचय की पूर्ति भोजन से ही करनी थी। मनुष्य के लिए यह आसान नहीं था, कि वह प्राकृतिक अवयवों का मूल रूप से उपयोग कर सके इसके लिए संस्कृति के सहारे उसने अपने स्थायित्व के लिए जिस तरह के भोजन को प्राथमिकता दी, उसे वह स्वंय उगाता था और जो पूरी तरह पानी की उपलब्धता पर निर्भर था। इसलिए संस्कृति एवं सामाजिक सरंचना के निर्माण में पानी की आवश्यकता को कम करे नहीं आका जा सकता।

आज की अपेक्षा पूर्व में ग्रामीण संस्कृति की निरंतरता के लिए पानी का होना पूरी तरह प्रकृति पर आधारित था इसलिए पानी को भी उपेक्षित दृष्टि से नहीं देखा गया। पीने के पानी से ज्यादा महत्वपूर्ण यह था, कि खेती के लिए पानी मिल गया है या नहीं, इस प्रक्रिया ने मनुष्य और समाज दोनों को चिंतनशील बना दिया और इसी के परिणामस्वरुप ग्रामीण संस्कृति का किसान एक प्राकृतिक वैज्ञानिक भी बनने को अग्रसर हो गया ।

पानी बरसे आधे पूस, आधा गल्ला आधा भूस ।

इस प्रकार ग्रामीण संस्कृति में पानी के बरसने की अवधि से यह गणना तक होने लगी कि खेती करने वाले को कितना अनाज प्राप्त होगा, पर संस्कृति में उत्पन्न हुई इस तरह की वैज्ञानिकता का ह्रास भी नई तकनीकी के आ जाने से होने लगा। इस नई तकनीक के द्वारा किसान भूगर्भ जल का उपयोग खेती के लिए करने लगा, जिससे भू-गर्भ जल का दोहन बढ़ गया और एक पर्यावरणीय असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई। पानी को अत्यधिक दोहन का शिकार होना पड़ा, पानी की कृत्रिम तरह से उपलब्धता बढ़ जाने के कारण स्वतंत्रता के समय खेती की जाने वाली जमीन 19.5 लाख हेक्टेयर थी, जो 1990-2000 में पंचानवे लाख हेक्टेयर हो गई। परंतु इस कारण पानी की समस्या से हम उत्तरोत्तर ज्यादा ग्रस्त होते चले गए।

देश की स्वतंत्रता के समय प्रति व्यक्ति वार्षिक जल की उपलब्धता पांच हजार एक सौक्यूबिक मीटर थी, जो वर्ष 2000 में घटकर बाईस सौ हो गई और वर्ष 2017 तक पानी एक दबाव की स्थिति में आ जायेगा और प्रति व्यक्ति वार्षिक उपलब्धता सोलह वर्ष क्यूबिक मीटर हो जावेगी (यू.एन.रिपोर्ट2007) यही कारण है, कि वर्ष 2005-2015 के दशक को पानी के प्रति समर्पित कया गया है एवं वर्ष 2007 को पानी कमी से निपटने का वर्ष मनाया गया। (यू.एन.रिपोर्ट2007) पानी और समाज के बीच उत्पन्न हो रहे असंतुलन के कारण उत्पन्न स्वास्थ्य समस्या से आर्थिक पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। जिससे परंपरागत संस्कृति के वाहक समूह में गरीबी बढ़ी ही है।

भारतीय संस्कृति में अनेकता में एकता की विशेषता को प्रस्तुत किया गया है और यदि समाज शास्त्रीय विधि शास्त्रों के अंतर्गत विधि का समाज पर और समाज का विधि पर प्रभाव देखें, तो भारतीय संविधान में स्पष्ट है कि किसी भी तरह का भेदभाव नहीं हो सकता (अनुच्छेद 15) लेकिन पानी के उपयोग स्तर पर समाज पर विधि का प्रभाव काफी देर से हो सका। अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत पानी के अधिकार को सुनिश्चित किया गया है। पर स्वच्छ पानी आज भी समाज की एक बड़ी समस्या है। यूँ तो पानी से इकाई स्तर पर किसी व्यक्ति विशेष को ही हानि होती है। परंतु व्यक्ति किसी न किसी संस्कृति समाज का सदस्य होता है। जो अंतत: उस पर भी प्रभाव डालता है। इसलिए पानी का विश्लेषण संस्कृति एवं समाज पर पड़ने वाले प्रभाव के संदर्भ में भी किया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. टायलर ई.वी.,1871 प्रिमिटिव कल्चर, मैलानोवस्की बी. के., 1944, ए, साइंटिफिक थ्योरी ऑफ कल्चर एंड अदर एसेज, यू.एन. रिपोर्ट, 2007 अंक मार्च विधि भारती जुलाई - सितंबर 2012

****

अनूपपुर जिले की अनुसूचित जाति का मानव संसाधन के रूप में विश्लेषण

डॉ. राजकुमार विश्वकर्मा *

1. O. P. Mathur and Rai, The Existential Note in Arun Joshi's The Strange Case of Billy Biswas and The Apprentice, (Common Wealth Quarterly, December 1980)
2. R. K. Dhawan, The Fictional World of Arun Joshi, (Introduction). The Novels of Arun Joshi, (New Delhi: Classical Publication, 1992)
3. Tapan Kumar Ghosh, Arun Joshi's Fiction: The Labyrinth of Life. (New Delhi: Prestige Books, 1996)

****

The Socio Psychological Crisis Of Eunuchs In Seven Steps Around The Fire

Dr. Shweta Singh Baghel *

Abstract - Present paper explores condition of eunuchs in Indian society.The play Seven Steps Around The Fire, is the first authentic representation of the community of Eunuchs in theatre.Dattani makes a bold attempt to give central space in the mainstream drama to the community of Eunuchs in his play Seven Steps Around the Fire. Dattani investigates the human aspect of eunuchs who are socially neglected and even humiliated. For being sexually handicapped, they are not permitted to share the normal life conditions and they are often identified with their obscene patterns of behaviour including their speech, clapping and singing. Dattani deals with the problem with socio-psychological paradigms related to the existence of Eunuchs. The play Seven Steps Around the Fire is the mockery of gender oriented social system where dramatist sympathetically accepts human identity of eunuchs and struggles to construct their voice so that they might identify their oppressors and register their voice of protest.
Keywords- Hijras(Eunuchs), genders, unacceptable, invisible, marginalized, victimized.

Introduction - The play 'Seven Steps Around the Fire' depicts deplorable condition of hijra (eunuch) in our society. Transsexual is neither he nor she. It is neuter gender. So pronoun 'it' is used for denoting their neuter gender. The human identity of the eunuch is enveloped under the cloaks of myths and conventions. It is probably one of the best plays of Dattani that discusses the socio-psychological crisis of the hijras who are torn between the social taboos and their personal desires.

It dramatizes the conflicts, anguish,dilemmas, insecurities, fears and frustration of the hijra community that is granted no honourable social space.

Dattani is probably the first playwright who has written a full length play about them. For the very first time they get a depiction in the theatre as human beings with their individuality who crave for space in the society. Remarking on the theme of the play, Dr. Beena Agarwal remarks: "Dattani in the process of engineering the current of Indian drama by bringing it closer to the real life experiences tried to articulate the voice of the oppressed sections of the society whose identity is shrouded in the cover of myths and social prejudices." It is a protest play against the social exclusion of the hijras. Such exclusions can be found everywhere in the Indian society like the caste, class, religion or inclination based bias, but the hijras suffer this on the basis of their neutral gender. Dattani underlines the fact that other than the social customs and bindings, the hijras have a 'self' that longs for dignity and when it is denied the same, it tries to break free of such customs. When they protests, most of the times their voice is suppressed by the established order that prevails in the society. Dattani has added a new dimension to the theatre by taking up such themes in his plays. It is remarked: "Dattani has done a good job by introducing a new theme to Indian English drama. Conservatives and social activists should not turn a blind eye to reality...We have to accept the reality of life, however, painful that might be."

The plot of the play revolves around the investigation of murder mystery of Kamla, a beautiful eunuch. Uma Rao, the daughter of vicechancellor and wife of superintendent of police, Suresh Rao is a student of sociology and doing her research on the life of the eunuch. She goes to the jail to meet Anarkali, another eunuch who is falsely accused as murderer.Uma gets interested in the murder mystery of Kamla and feels sympathy for Anarkali in particular and enough community in general. She is a very sensitive lady. She develops emotional affinity and bondage with the eunuch.

Suresh doesn't have any sympathy for the eunuch and advises her wife not to develop good relationship with Anarkali. He calls them liar. But Uma is greatly interested and believes that Anarkali is not a liar. She hasn't killed Kamla. There is no separate prisons for the hijras and she is put in the male cell. The play reveals the chain of injustices that a hijra has to encounter in the society that has inborn bias against them. Anarkali is physically, mentally, verbally and sexually abused in the lock up but nobody bothers about her. She even refuses to meet Uma at first as she mistakes her for a journalist. But Uma is able to win her confidence and assures her of her release. She is the mouthpiece of the playwright and Dattani has projected an image of modern Indian woman through her who fights against the

*A.P.S. University, Rewa (M.P.) INDIA

traditional useless values and questions the patriarchal system. It is attributed: "Dattani credits her with intelligence, sensitivity and determination enabling her to fulfil the task. Thus she becomes the agent of change. This social agent is cauterised by an open mind, a consciousness that dares to think differently, reacting against social conditioning, questioning the existing social norms and their rationality and merit." The eunuch is also human beings like us. They also long for human relationships. They want to bind themselves in the relationships of brother, mother, sister, father etc.

Uma symbolizes the centre and Anarkali symbolizes the margin.The play presents social dichotomy through their characters in an interesting way. Anarkali is hopeless and frustrated. However, after befriending with Uma, she starts anticipating her release. Anarkali believes that Uma has got wealth and power. So she can help her get herself released from the jail. She is disappointed when Uma expresses her inability to help her.

In the play, Dattani explores plurality of subalternity. The two dimensions of marginalization-the one sexual subaltern and the other gendered subaltern are explored dexterously in the play. Anarkali and Uma Rao represent these two facets of subalternity. If Anarkali is biological subaltern, Uma is gendered subaltern. Uma wants to help and pay for the bail of Anarkali, but she has no money. She can't demand money from her husband for this purpose. She has no such liberty as such.

If we observe very minutely, we'll find that the condition of Uma is also not much better than that of Anarkali. Both of them are sailing in the same boat which is swayed by the winds of social myth and pride. Uma tries to unmask the real condition of Anarkali. But surprisingly, she unveils her own subaltern hood before her husband. Anarkali points it to her in a very subtlest way.

Uma is deeply attached to eunuch community and receives acute pain after knowing the pathetic plight of the eunuch community. After her meeting with Anarkali, decides to visit Champa, the head hijra and ponders over the nature of Uma hijra community and their isolation.

Her visit to Champa's house reveals the remoteness of the hijras from the social stream. Here Dattani has exposed the multiple layers of realities that co-exist in the Indian society. The reality of hijra existence is invisible to the society. Isolated and humiliated, they are considered as the lowest of the low, but they crave for love and family. The invisible chains of the society deny them family and love. The same thing happened with Kamla, who loved Subbu and secretly married him, but was eventually murdered on the bidding of Mr.Sharma, who is an influential politician and Subbu's father.

The play appears more like a detective fiction as the theme of the main plot consists of the investigation of the murder case. As the play progresses, the suspicion of murder shifts from Anarkali to Champa to Salim to Salim's wife and then to Mr. Sharma. Dattani very cleverly weaves the net of suspense to keep the audience on the edges of their seats. The play is not only about the murder investigation of a hijra but also about their social positioning and the social setup where a hijra cannot crave his feelings and emotions beyond the patterns and boundaries recommended by the society.

When Uma and Champa are conversing, Salim comes over there for getting one particular portrait. Champa informs her that Salim is the bodyguard of the minister, Mr. Sharma. He used to come for Kamla every day. Surrendering to the Uma's threat, Champa reveals that Salim was searching for the photograph. This adds more complexity and element of suspense to the plot of the play. Uma is very restless and anxious to meet Salim.

Mr. Sharma has arranged Subbu's marriage with a beautiful lady. But he is unwilling to marry any one else. Uma tries to talk with him in a friendly manner. Subbu's utterances and behavioral patterns also create some more complications. The end of the play is very depressing and disgusting. It reveals the truth of murder of Kamla. The dramatist unveils the mystery of Kamla's murder during the wedding ceremonies. It is revealed that Mr. Sharma got Kamla murdered as his son, Subbu loved her. Displeased by this, he got Kamla murdered.

The dilemma that Anarkali faces in jail is whether to tell the truth that none would believe or to bear everything silently. If she keeps silent, she will be convicted for Kamla's murder, a crime that she has not committed. But if she speaks out the names of the murderers, she will be surely killed by those influential people. Finding herself in a checkmated position, she resigns to fate till Uma turns up by chance in the jail.The play ends with Uma Rao's voice.Uma(Voice-over):They knew.Anarkali,Champa and all the hijra people knew who was behind the killing of Kamla.They have no voice. The case was hushed up and was not even reported in the newspapers. Champa was right. The police made no arrests. Subbu's suicide was written off as an accident. The photograph was destroyed.So were the lives of two young people….. (CP: 42)

The play depicts the social space of hostility faced by them and the vindictive social responses that they experience.The play gives the message that the eunuch is human being as man and woman can be. Their hearts are full of milk of human love and sympathy. It is a grave crime that they are denied human love and identity.Their hearts also throb for love and joy of life. Nature curses them with denial of sexual competency, but society curses them more cruelly with their social boycott. Longing for love and relationship is the keynote voice of this artistic work.Mahesh Dattani projects the pathetic plight of the eunuch community without offering any suitable solution. The play highlights the creator's awareness of social hierarchical structure, scenario and changing perceptions.

Works cited -

1. Agarwal, Beena, Mahesh Dattani's Plays: A New

Horizon in Indian Theatre. Jaipur India:Book Enclave,2011, p.34
2. Das, Bijay Kumar. (2008). Form And Meaning in Mahesh Dattani's Plays. New Delhi: Atlantic, p. 17
3. Dattani, Mahesh, Collected Plays, Penguin, New Delhi,2000
4. George, Miruna. "Constructing the Self and the Other: Seven Steps Around the Fire and Bravely Fought the Queen." Mahesh Dattani's Plays: Critical Perspective Ed. Angelie Multani. New Delhi:Pencraft International, 2007. p.147.
5. Mee, Erin B. Drama Contemporary India. New Delhi : Oxford University Press, 2002
6. Mortimer,Jeremy, "A Note on the Play"Seven Steps Around the Fire,Mahesh Dattani,Collected Plays Volume-II New Delhi:Penguin Books India 2005.p.3.
7. Spivak, Gayatri. Subaltern Studies. (ed.) R. Guha Vol. I, Delhi : Oxford University Press, 1982

****

Fostering Inquisitiveness Amongst Students - A Research Attitude

Vinay Dubey *

Introduction - Students of today lack in inquisitiveness or a research attitude. They wish to pass an examination only to be qualified for a job. A research attitude is absent out and out from their mind. Teachers too fail to inculcate inquisitiveness in their attitude and students remain aloof from research in their respective fields. They have gone far away from reading or studying and stick to what is necessary to obtain a qualification. Thus they become only qualified, not educated. The students may be so if a research culture is maintained in HEIs (Higher Education Institutions). The term Research means 'an inquiry into the subject to discover facts by study on investigation' or an investigation undertaken in order to discover new facts (as per the Oxford dictionary). Thus research has the following distinct factures :

- Its aim is to discover the new facts ; It adds to already established facts.
- It is the acceptance of the established laws or theories in the light of the discovery of new facts ;
- It may draw new conclusions.

Literary research is a little but different from subject to subject. It is the product of the creative writer. In such a research, the object of study is the creative writer and sometimes there is text the object of study which is based or certain established theories and principles which are modified with the passage of time Literary research is of four kinds -

i. Bibliography (with text real criticism)
ii. Biographical
iii. Theoretical
iv. Interpretive

Literary research is a composite whole and a researcher must know all its aspects. It is possible only when a specific field is selected for study that he is confined to any one of the biographical, textual theoretical or interpretive research.

Students must be made to understand that higher education has three main objectives ;

(i) Teaching (ii) Research (iii) Extension

In the very first phase the knowledge is imparted to pass on to the posterity. The posterity is introduced to the treasure of knowledge, out of which he/she has to make or mar the future of Life. A student must be led to literary research in order to make access to new deeper things of his or her object & topic as Literary research has four main objective's ;

(i) Addition of knowledge ;
(ii) Inquisitiveness of the researcher to be developed.
(iii) Recreation of a genuine & intelligent interest in literature
(iv) A researcher made to feel himself being a member of a community of intelligentsia.

Research means finding out the unknown. So he must know the known. He is subjected to vast reading and then proceed to the unknown. The next phase of the researchis the fresh interpretation of the known facts An inquisitive attitude may be developed amongst students. They must be taught to read between the lines ; and find out the deeper meaning in the work. Students on own accord should desire to know the inside story of chosen work or topic with an interest in the same. Research is more than a degree or not for name's sake. It is to develop the power of the researcher to appreciate and comprehend the literature. This would develop the critical insight and analytical ability. Every researcher should be aware of the fact that he/she belongs to the community of intelligentsia is dedicated to the enrichment of culture, to better understanding of man's feelings, emotions and problems through literature and to creation of an ideal environment in the university where we are working. It may be concluded in the words of Dr. F R Leavis -

"Research should be able to generate in the university a Centre of human consciousness, perception, knowledge, judgment and responsibility. Research has to be thought of in relation to the whole idea of university. It must aim establishing a creative front and doing, creative work on the contemporary intellectual frontier".

References :-

1. Research Methods in English by MP Sinha.
2. Leavis F R English Litt. In our time and the University (London ; CUP, 1967.)

*Asst. Professor (SL. Gr.) Govt. Girls College, Bina (M.P.) INDIA

Women Empowerment At The Grassroots Level

Dr. Rashmi Nagwanshi *

Introduction - Women will play a vital role in contributing to the country's developments. Women power is crucial to the economic growth of any country. In India this is yet to meet the requirements despite reforms. Little has been achieved in the end of women empowerment, but for this to happen this sector must experience a chain of reforms though India could well become one of the largest economics in the world, it is being hindered due to the lack of women's participation.

The main creative competencies of women relate to innovation, judgment, opportunity recognition, relationship building and protectiveness which give women a district competitive advantage, creative opportunities are derived from awareness access to education and social networks, and previous and recent problems.

Women Empowerment is verity at the centre of great attention among economists, sociologist, and politicians and of course, national and state strategies.

According to Awartya Sen, "women are less likely to secure favorer able outcomes for themselves in household decision making processes. They feel that there long term security lies in subordinating their wellbeing to that of male authority figures."

The question that needs to be answered is that, in a society where men control the dusting of women how is it possible to empower women?

Through entrepreneurship a woman can not only generate income for herself but also will generate employment for herself but also will generate employment for others women in the locality.

A number of innovative schemes have been launched for the uplifting of women in India. The Indian Government has taken a lot of initiatives to strengthen the institutional rural credit system and development programmes however, formal sector credit agencies find it difficult to reach the vast majority of rural people. Thus the Indian government adopted the approach of self help groups (SHGs) to uplift the rural poor women focusing on the following aspects.

Direct involvement of women in programming and management, Effective collaboration with community organizations, Organizing and strengthening of women self help groups, Sensitization and advocacy of gender just society.

Organizing women in different groups to undertake certain activities to earn their livelihood and a develop rural community.

Empowerment of women through SHGs leads to benefit not only to the individual woman and to women groups, but also to the families and communities as whole through collective action for development.

How to empower women? This question which is need to answered. Improving women's opportunities in the area of decision making required long term strategies. They have to be systematic and they must aim at challenging prevailing structures some such strategies can be stated as follows -

1. Women representatives should form into a critical group, so as to act as a pressure group in the legislature. It can bring to the agenda issues of crucial concern to women which are often otherwise neglected or relegated to second place, such as contraception, abortion, violence against women, gender discrimination, maternity leave, child care, etc., for women legislators are more responsive than men to the needs of all persons in society.
2. Devise, launch and promote public campaigns to alert public opinion to the usefulness and advantages for society as a whole of balanced participation by men and women in decision making.
3. Women should form their own pol parties, such as those existing in Canada, Germany, Iceland, Nigeria, the Philippines, Russia and Spain. Their aims should be to increase the pol participation of women at various levels of the power structure and to support women eager to take part in politics.
4. Women should organize and establish networks at different levels to influence the decision-making process. There is a great need to increase solidarity among women's group for the cause of women.
5. Forming a women's shadow cabinet, as was the case with the Csech women. The women promptly formed a shadow cabinet, to show that there were just as many women as men qualified to head departments.
6. Expansion of educational opportunities for women, greater recognition of their unpaid work, wider representation in electoral politics, legislatives and legal mechanism to safeguard their rights and equal opportunities for participation in the decision making process are some other things which would strengthen the process of empowerment.

References:-

1. Meena kelkar and Deepti (Eds), Feminism in search of an Identity. The Indian context.
2. Baig, T.A. India's women power, S.S. Chand and Co. Pvt. Ltd. 1976.
3. Jaspreet kaur soni, Women Empowerment. The substantial challenges, 2008, Authors press Delhi.

*Asst. Professor (English) Govt. College, Junnardeo, Distt. Chhindwara (M.P.) INDIA

मालवी लोक साहित्य की प्रमुख कवयित्री - रानी रूपमती

डॉ. वन्दना जैन * कादम्बिनी जोशी **

शोध सारांश – महलों की नगरी माँडव धरोहरों तथा पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है। यह बाजबहादुर और रूपमती की प्रेमकहानी के लिए भी प्रसिद्ध है। रूपमती अनंत रूप राशि वाली एवं अद्भूत गायिका थी। रूपमती उत्कृष्ठ संगीतज्ञ तथा श्रेष्ठ कवयित्री थी। उन्होंने श्रृंगार के साथ ही अनेक कृष्ण भक्ति परक साखियों की रचना की। उनके पदो को आज भी लोक से लेकर सिद्धहस्त संगीतकारों द्वारा गाया जा रहा है। उन्होंने अपने काव्य के माध्यम से मालवी साहित्य में अपना विशेष योगदान दिया है। उनका नाम हमारे सांस्कृतिक इतिहास को रूपायित करता है। वह हमारी संस्कृति की प्रतिनिधि तथा इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठो की धरोहर है। मालवा को उन पर गर्व है।

प्रस्तावना – मालवाँचल का लोक साहित्य प्राचीन काल से समृद्ध रहा है। यह हमारी संस्कृति और इतिहास को जोड़ने वाला एक मजबूत बांध है। लोक साहित्य को समृद्धशाली बनाने में यहाँ के कवि, कवयित्रियों तथा संतो का योगदान अविस्मरणीय है। इन सभी ने मालवी लोक साहित्य को कहीं बडे स्तर पर तो कहीं स्थानीय स्तर पर प्रभावित किया है।

मालवा लोक साहित्य को वैभवशाली बनाने में कंई कवयित्रियों का योगदान रहा है। उनमें से एक है- श्रृंगार एवं भक्ति की समरस कवयित्री : **रानी रूपमती –** महलों की नगरी माँडव धरोहरों तथा पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ का विशाल किला, पूरी पहाड़ी पर व्याप्त है। जिसके तीनों और भीषण खाई और दक्षिण में एकदम गहराई में जाकर निमाड़ी भूमि का आरम्भ और विस्तृत मैदान है। यहीं से सुदूर नर्मदा की धारा धुंधली लकीर सी दिखाई देती है। माँडव बाजबहादुर और रूपमती की प्रेमकहानी के लिए भी प्रसिद्ध है। बाजबहादुर माँडव का सुल्तान था और संगीतज्ञ भी। रूपमती अनंत रूप राशि वाली एवं अद्भुत गायिका थी। नर्मदा दर्शन किए बिना जिसका सवेरा न होता था। कहते है, कि अगर तानसेन दीपक राग गाकर सैकड़ो दीपक जला दे और भीषण लौ में जलने लगे, तब रूपमती राग मल्हार गा कर वर्षा करवा दे।

मालवा की रानी रूपमती पर सारे संसार में पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है। उन्हें रीतिकालीन भवधारा की श्रृंगार कवयित्री के रूप में पहचाना जाता है। किंतु रानी रूपमती ने श्रृंगार के साथ ही कृष्ण भक्ति से भरपूर रचनाओं का सजृन भी किया है, उनका पूरा जीवन शिव पूजन, कृष्णभक्ति और रेवा पूजन में ही बीता था।

मालवा में नर्मदा के तट पर बसे धर्मपुरी (ब्रह्मपुरी) गाँव में रूपमती का जन्म हुआ था। आपके पिता सारंगपुर के निवासी थे। रूपमती की माता का नाम सरस्वती तथा पिता का नाम जादवराव था ऐसा उनके द्वारा लिखे गये एक पद से प्राप्त होता है-

ब्रह्मपुरी, सारंगपुरी, माँ बाबा को गाम।
रूपमती माँ सरसताँ जादौराय सुनाम।।

पिताजी के युद्ध भूमि में मारे जाने के पश्चात् रूपमती की माताजी उनको सारंगपुर से लेकर वापस धर्मपुरी लौट आई, वहीं रहकर उन्होंने उनका लालन-पालन किया। रूपमती के नानाजी ने उन्हें शस्त्र विद्या सिखाई तथा हाथों में और कमर में कटार थमा दी। संगीत का ज्ञान उनको अपनी माताजी से मिला। उनकी माताजी सुरीली आवाज में गीत गाती थी। रूपमती भी बाँसुरी तथा वीणा बजाकर सुर-साधना किया करती थी। स्वयं रूपमती ने अपने एक पद में कहा है-

ब्रहमपुरी में मामरो, नरबद तीर कछार।।
जनम लियों मामा घरे वढें हुइ मुटिआर।।
सारंगपुर की कोठडिया, पूरबजाँ का द्वार।
दादो सा धाराँ लग्या, सारंग दियो बिसार।।
मीठा सुर की मायड़ी , नतदन गीता चार।
नानो सा सस्तर दिया हाथों कमर कटार।।
खूब बजाऊँ बाँसुरी, मीठा सुराँ सितार।।

रूपमती को कुछ विद्वान गुजर जाति का कहते है, तो कुछ उसे ब्राह्मण बताते है। वे गोचारण करती थी, इसलिए उन्हें गुजर जाति का समझा जा सकता है परन्तु अपने एक पद में उन्होंने स्वयं को बामन गुजर जात कहा है। इसलिए अगर वे ब्राह्मण थी, तो संभवत: गुजर गौड़ ब्राह्मण रही होगी। वे कहती है-

गाया चारूँ नरबदा, बामण गुजर जात।
रूपमती घर एक लो, बाकी जाताँ सात।।

गोचारण गुजर जाति के लोगो में परम्परागत रूप से होता है। इसी कारण वे अपनी गाएँ चराती होगी। इससे रूपमती का गुजर जाति का होना अधिक सत्य लगता है। डॉ. सहगल के अनुसार केवल गोचारण के कारण उसे गुजर कहना तर्क संगत नहीं लगता हो तब भी उसका गुजर जाति का होना अधिक सत्य लगता है। धर्मपुरी या ब्रहमपुरी गाँव में रूपमती की जाति का एक ही घर था तथा बाकी सभी जातियों के घर वहाँ पर थे। नर्मदा तट की निवासी होने के कारण वह नियम से शिव की पूजा करती थी। नर्मदा स्नान एवं दर्शन उसके जीवन के अंग थे किंतु उसके हृदय में तो कृष्ण बसते थे। उसने कृष्ण को कभी साजन तो कभी प्रीतम कहा है, कृष्ण को इस प्रकार से

* विभागाध्यक्ष (हिन्दी) शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (हिन्दी) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

सम्बोधित करना भी उसकी आस्था का एक रूप है। वह कहती है–

सिव पूजूँ नरमद नमूँ, हिरदा में सिरमोर।
रूपमती सुर साधताँ, संगत नंद किशोर।।

रूपमती स्वामी हरिदास की शिष्या थी। स्वामी हरिदास तानसेन तथा बैजूबावरा के संगीत गुरू थे। इन्हीं से संगीत की शिक्षा रूपमती ने भी प्राप्त की थी। रूपमती नर्मदा के किनारे अपनी गाएँ चराती और मीठी बाँसुरी बजाती, तो कभी छायादार पेड़ के नीचे बैठकर सुर साधती थी। उनकी सुर–साधना दूर–दूर गाँवों तक सुनाई देती थी–

रूपमती हूराँ परी, गायाँ चारे रोज
मधर बजावे बंसरी, वन में होवे मोज।।
रेटाँ बेठे बिरछ रे, ठंडी सीतल छोंह।
राग अलापे सुर सघा, सुन धुन पहुँचे गाँव।।

माँडव सुल्तान बाजबहादुर ने रूपमती को एक दिन नर्मदा स्नान करते देखा, फिर दूसरे दिन गाए चराते हुए देखा उसके पश्चात् एक दिन उसने उसे सुर साधना करते देखा। बाजबहादुर रूपमती के सुन्दर व आकर्षक रूप और संगीत पर मोहित हो गया। तथा उसने रूपमती के सामने सीधे–सीधे शादी का प्रस्ताव रख दिया। यदि बाजबहादुर का प्रस्ताव नहीं माना जाता तो वह बल पूर्वक रूपमती को ले जाता। इसलिए उनके घर वालो ने अपनी और से स्वीकृति दे दी। परन्तु रूपमती ने बाजबहादुर के समक्ष अपनी चार शर्ते रखी और कहा की यदि आपको मेरी ये शर्ते स्वीकार हो तो में शादी के लिए सहमत हूँ–

मैं धर्म परिवर्तन नहीं करूँगी।
नित्य नर्मदा के दर्शन करूँगी।
मेरे महल में कृष्ण की मूर्ति स्थापित होगी।
मैं अपनी नियमित पूजा में बाधा नहीं मानूँगी।
नतदन दरसूँ नरमदा, सुण लो साह सुजान।
धरम न बदलूँ, जीवताँ, पक्की करो जुबान।।
अतरी वातां जाण लो, मांडव साह सुजान।
मूँ म्हारी गीता पढूँ, थे वाँचो कुरआन।।

बाजबहादुर ने रूपमती की सभी शर्ते मान ली। उसने दिन–रात एक करके नर्मदा की धारा को मोड दिया तथा ऐसा प्रबंध करवाया कि रूपमती अपने महल से नर्मदा के दर्शन कर सके। गाथा में इसका उल्लेख मिलता है। रूपमती को माँडव में खूब सम्मान मिला । गाथा के अनुसार इस प्रकार दोनों की जोड़ी बनी। वे हर रोज साथ–साथ सुर–संगीत की साधना करते थे। रूपमती को मालवा की पद्मनी भी कहा जाता है। कहते है कि वह बैजू से प्रेम करती थी। इसका वर्णन उसकी रचनाओं में कहीं–कहीं पर हुआ है। बैजू से प्रेम करते हुए भी उन्होंने बाजबहादुर के प्रति अपनी पूर्ण निष्ठा बनाए रखी। वह मरते दम तक बाजबहादुर के प्रति वफादार रही। **सुलताने मालवा, तारीखे फरिश्ता, रूइन्स आफ माडूँ** आदि ऐतिहासिक दस्तावेजों में रूपमती का वर्णन मिलता है। **लेडी आफ द लोटस** में रूपमती के गीतो का अंग्रेजी रूपांतर प्रकाशित हुआ था। रूपमती उत्कृष्ठ संगीतकार तथा श्रेष्ठ कवयित्री थी। उसने श्रृंगार के साथ ही अनेक कृष्ण भक्ति परक सखियों और पदो की रचना की । आज भी उसके पदों को लोक से लेकर सिद्धहस्त संगीतकारों द्वारा गाया जा रहा है। प्रतिक्षा में आतुर नायिका का चित्र साकार करता हुआ उनका एक पद–

थने किन बेरनिया बिलमायो।
ऊबी थारे कारणे भड–भड जोऊँ बाट।
साँझ पडयो दन आथम्यों उठ ग्यो सारो हाट।
रूपमती को बाजबहादुर रसिया सिरो ठाट।

रूपमती की बाजबहादुर के प्रति वफादारी अटूट थी। उसने भले ही बैजू से प्रेम किया हो परन्तु मरते दम तक वह बाजबहादुर के प्रति निष्ठावान बनी रही। अपने प्राणो की आहूति देकर उसने अपनी वफादारी को निभाया। बाजबहादुर के प्रति अपनी वफादारी के लिए उसने कहा भी है–

वफा नी तोडूँ, तन तृण करदूँ, छोडूँ नही ईमान।
रूपमती का बाजबहादुर हे म्हारा दिलजान।

रूपमती उच्च कोटि की संगीतकार थी। उसने श्रृंगार के कंई पदों एवं सखियों की रचना की थी। उनके अनुसार मन भंवरे के समान होता है, और यह सदैव रूप रस का पान करने के लिए लालायित रहता है। जब कमल इसके पास ही में है तो वह भँवरा रूपी मन रस पान करने से भला पीछे क्यों रहे–

रस लोभी मन मधकरो, बिलमायों बेभान।
रूपमती नाभी कमल, क्युँ न करे रसपान।।

रूपमती चन्देरी निवासी बैजू से प्यार करती थी (ऐसी मान्यता है) इसलिए वह कहती है कि उसकी साँसो में बैजू बसता है। उसका मन चन्देरी में रमा हुआ है। मेरे ऐसे मन को चोर चुराकर ले गया है–

साँसों में बैजू बसे, चन्देरी चित कोर।
रूपमती मन वाटको, चुरा ले गयो चोर।।

रूपमती कहती है कि यह तन तो नाशवान है। परन्तु मन और चित्त सदैव अमर रहते है। मालव पति ने अपनी झोली में राख भर ली है अर्थात् वे मेरा बिना मन और चित्त वाला शरीर अपने साथ ले जा रहे है, मेरा मन नहीं ले जा पाए है–

मन चित्त तो रेहसी अमर, नासवान हे देह।
रूपमती मावला धणी, खोरे भल ली खेह।।

रूपमती ने अपने एक पद में पूरे मालवा के भूगोल कों समेट लिया है वह कहती है–

चित चंदेरी मन मालवो हियो हिडोती माय।
पलंग बिछाऊँ रणतभँवर में पोढूँ मांडव माय।।

मालवा के प्रति उसने सदैव वंदन का भाव रखा। वह अपने सद्गुरू माता सरस्वती तथा भगवान गणेश के साथ अपने देश मालवा को भी प्रणाम करती है वह कहती है।

पेहलाँ सिंवरू सदगुरू, पूजूँ रणत गणेस।
रूपमती सरसत नमूँ प्रणमूँ मारव देस।।

रूपमती ने अपनी रचनाओं में बाजबहादुर के प्रति निष्ठा, मालवा के प्रति वंदन के साथ ही कृष्ण के प्रति अपनी आस्था का वर्णन किया है। वह कहती है कि उसके हृदय में कृष्ण बसे है, वह पहले उनकी मुरली को मस्तक पर चढाती है, फिर सद्गुरू को प्रणाम करती है, उसके पश्चात ही हाथो में सितार धारण कर सुर–साधना करती है–

कान्हा ने हिरदै धरूँ, मुरली धरूँ, लिलाट।
रूपमती सदगुरू सिमर, हाथा धरूँ सितार।।

रूपमती कहती है कि जब मैं राधा के समान संयम रखूगी और कृष्ण के समान सुरो की साधना करूँगी। तभी मुझ पर मुरलीधर प्रसन्न होगे। वह कहती है कि बाँस ने जरूर कड़ी तपस्या की होगी। उसने अपनी छाती में गर्म सलाखों से छेद करवाए तब जाकर उसकी सांसो में सुरों का वास हुआ है अर्थात् उसकी कठीन तपस्या का फल उसे प्राप्त हुआ है। तप की अग्नि में वह धधकती

है, तब जाकर उस तपस्वनी को कृष्ण के अधरो पर स्थान प्राप्त होता है। इससे यह स्पष्ट होता है, कि् बिना तपस्या के किसी को भी सफलता प्राप्त नहीं हो सकती है–

छाती बिंध जावे जदै, भीतर तप धधकायं
रूपमती तह कान्ह के, मुरली अधर धराय।।

रूपमती कहती है कि उसकी और श्रीकृष्ण की जोड़ी तो सात जन्मो से जुड़ी है। मेरे हृदय में कृष्ण का रूप और नाम बस गया है, मैं जिधर भी देखती हूँ उधर मुझे कन्हैया ही नजर आता है। क्योंकि वह मेरी आँखो में बस गया है। उसके इस प्रकार मेरी आँखो में निश्चित होकर सो जाने से मैं नयनो में काजल भी नहीं लगा पा रही हूँ।

सैयाँ म्हारे सात जनम की धीच।
किण बिच आँजू है सखी काजर नयना मीच।
रूपमती काजर किण आँजू, रेह–रेह आवे रीच।।

रूपमती के काव्य में श्रृंगार एवं कृष्ण भक्ति की झलक देखने को मिलती है। वैसे भी कृष्ण के बिना श्रृंगार फीका तथा निष्प्राण होता है। कृष्ण श्रृंगार के प्रेरक है, उनकी बांसुरी में श्रृंगार की झंकार सुनाई देती है।

माँडव एक स्वतंत्र राज्य था। यह बात अकबर को पसंद नही थी। उसने आदमखाँ को विशाल सेना के साथ माँण्डू को जीतने के लिए भेजा। आदमखाँ और बाजबहादुर के बीच सारंगपूर के पास उदरखेडी में युद्ध हुआ, जिसमें बाजबहादुर को शिकस्त मिली। बाजबहादुर युद्ध का मैदान छोड़कर भाग गया। आदमखाँ ने जब रूपमती को अपने अधिकार में करना चाहा तो उसने हीरे की कनी चाटकर अपने प्राण त्याग दिए। इन बातों का उल्लेख उनके द्वारा लिखे गए पदों तथा सखियों में मिलता है।

अकबर को जब इस बात का पता चला तो वह स्वयं माँडव आया और उसने रूपमती की लाश को मस्जिद के तहखाने से निकलवाकर सारंगपुर में ससम्मान दफनवा दी। अकबर ने वहाँ एक सुन्दर मजार बनवा दी और कब्र पर खुदवाया–**शहीदे वफा** ।

रूपमती री कबर पे, अकबर करयो सलाम।
शहीदे वफा लिखा दियों, इज्जत रो यो नाम।।

कुछ वर्षो के पश्चात् बाजबहादुर सारंगपुर आया और रूपमती की कब्र से लिपट कर रोता रहा। इस अवस्था में उसने भी अपने प्राण त्याग दिए। अकबर ने रूपमती की कब्र के पास ही उसे भी दफनाने का हुकुम दिया तथा उसकी कब्र पर लिखवाया–**आशिके सादिक।** मध्यकालीन इतिहास के दो संगीताकारों की प्रेम–कहानी इस प्रकार दफन हो गई।

रूपमती केवल तन की ही नहीं अपितु मन एवं विचारों से भी सुन्दर थी। इतिहास के पन्नो में रूपमती का नाम हमारे सांस्कृतिक इतिहास को रूपायित करता है। वह हमारी संस्कृति की प्रतिनिधि तथा इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठो की धरोहर है। **मालवा को उस पर गर्व है।**

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. पूरन सहगल–मालवा की ऐतिहासिक लोक कवयित्रियाँ ।
2. डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा – हिन्दी नाटक निबंध तथा स्फुट गंद्य विधाएँ एवं मालवी भाषा साहित्य ।

****

रामेश्वर शुक्ल 'अंचल' के काव्य में मानवतावादी एवं जीवनमूल्य का दृष्टिकोण

डॉ. संगीता मरावी * डॉ. दीपक कुमार गुप्ता **

प्रस्तावना – अठारहवीं शताब्दी के अंतिम दशकों से साहित्य में मानवतावादी स्वर नवजागरण का ही परिणाम है। पूंजीपतियों ने अपने स्वार्थ लाभ के लिए असत्य, हिंसा, का मार्ग अपनाकर, मानवता को सताना आरम्भ कर दिया था। उससे समाज के दो वर्ग हो गये–पूंजीपति वर्ग एवं शोषित वर्ग। उन्नीसवीं शताब्दी के चिन्तकों एवं दार्शनिकों ने भी मानवतावाद को प्रोत्साहित किया। कार्ल मार्क्स के द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद, डार्विन के विकासवाद एवं फ्रायड के मनोविश्लेषण सिद्धान्त ने श्रमिकों अथवा शोषित वर्ग को संगठित कर पूंजीवाद से डटकर मुकाबला करने की प्रेरणा दी। इससे शोषित वर्ग में मानवाधिकारों की रक्षा की भावना प्रबल होती गयी। इन सिद्धांतों ने मानव के अस्तित्व को नयी दिशा एवं नई प्रेरणा मिली। इन सबका प्रभाव भी साहित्य पर पड़ा – 'उन्नीसवीं शताब्दी की राजनीतिक और औद्योगिक अनुसंधानों, मनोवैज्ञानिक उपलब्धियों, डार्विन के विकासवाद, मार्क्स के द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद, फ्रायड के स्वप्नवाद सभी ने जन–जीवन और साहित्य दोनों में पर्याप्त परिवर्तन उपस्थित कर दिया। साहित्य जीवन के अधिक निकट आ गया।'

मानवता का विकसित रूप हिन्दी काव्यधारा में छायावाद – काल से दिखाई देता है। डॉ. रांगेय राघव ने इसके उद्‌भव पर अपने विचार प्रस्तुत किए है – 'छायावाद ऐसे देश में जन्मा था, जहाँ इग्लैंड की–सी स्वतन्त्रता नहीं थी, वरन् भारत परतंत्रता की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था। यह परतन्त्रता केवल राजनीतिक ही नहीं थी, इसके साथ एक सामन्तीय जर्जर व्यवस्था भी थी, जो संपूर्ण रूप से भारत की असंख्य–असंख्य जनता में फैली हुई थी, क्योंकि अंग्रेजों ने मध्यमवर्गीय उत्थान तथा मशीनों के साथ–साथ भारत में पदार्पण करने पर भी यहाँ का सामन्तीय जीवन सुरक्षित छोड़ दिया था। अत: इसी सामन्तीय संस्कृति, सामन्तीय रूढ़िवादिता और विलासिता के प्रति विद्रोह एवं आक्रोश की भावना ने छायावादी मानवता को जन्म दिया। इस मानवतावाद के प्रेरणास्रोत विवेकानंद, रवीन्द्र, महात्मा गांधी एवं योगिराज अरविन्द है। इन विश्व मानवता वादियों ने भारतीय चिन्तन को विशेष रूप से प्रश्रय दिया। स्वामी विवेकानंद सर्वधर्म समन्वयवादी थे। गांधी जी ने मानव में निहित मानवत्व को प्यार करने का संदेश दिया। अरविन्द अपनी कल्पना को अतिमानव रूप में प्रस्तुत करके मानवता के विकास के लिए भू स्वर्ग बसाने के इच्छुक थे। वे समस्त मानवों को समान अधिकार से जीने का संदेश देते थे। इन्होंने सबको ब्रह्मा का अंश माना। स्वयं अरविन्द जी के शब्दों में 'इस विराट–सृष्टि के यदि दो अर्थ माने जाएं तो परार्द्ध में सत्–चित् आनन्द एवं सुपरमैन अधीनस्थ शक्ति के रूप में अपरार्द्ध में उन्हीं के प्रतिबिम्ब क्रमश: जड़, प्राण, चैत्य, पुरूष एवं मन हैं। इस प्रकार सत् यदि अपने को प्रकाशित करना चाहता है, तो उसे जड़ात्मक आवरण धारण करना होगा।' उनके दर्शन में व्यक्ति को उँचा स्थान प्राप्त है।

आधुनिक युग की इन्हीं विचारधाराओं ने मानवतावाद को जन्म दिया। आज के युग के कवियों ने समाज में पुरानी जर्जरित रूढ़ियों परम्पराओं का विरोध कर संसार में स्वतन्त्रता समता एवं मनुष्य को एकता के स्वर को मुखरित किया है।

अंचल जी का प्रगतिशील रचनाओं का एक पक्ष मानवतावादी दृष्टिकोण पर आधारित है। यहां पर कवि ऐसे समाज की कल्पना करने का आकांक्षी है जो किसी वर्ग विशेष पर आधारित न होकर सम्पूर्ण मानवता की आर्थिक समानता और विराट सामाजिक परिवर्तन पर आधारित हो। सामाजिक शोषण, पीड़ा, अत्याचार को देखकर कवि का हृदय विकल हो उठा है 'दानव, 'हवेली इसी प्रकार की कविता है, जिसमें उन्होंने मानवता के हित के लिए उसके विभिन्न पक्षों को चित्रित कर उसका सजीव रूप प्रदान किया है –

'रोज सुबह उस पथ से जाती मिल के मजदूरों की पातें।
वे अधजले युवक अधपके बालकों की खामोश जमातें।
चरमर करते भूखों–सूखों चीमड़–चीमड़ वे नर–नारी।
रहते ही कुछ रात मिलों की करने लगते जो तैयारी।
झूल रहे फाँसी के तख्ते पर शव–सी जिनकी मुस्कानें।
अन्धी है मानवता जिनकी, भाग्य समझ जो जुल्म न आने।
आँखें फाड़ निहार रहे है कैसी जगमग सजी नवेली।
जिधर राजपथ से कुछ हटकर शोणित से तर खड़ी हवेली।'

उनके हृदय में मानवता के प्रति असीम प्यार है। उनके लिए मानव ही सब कुछ है। वे मानते हैं कि विश्व में सभी मनुष्यों के सुख–दुख एक समान होते हैं। कवि ने उनके सुख–दुख को अपना ही समझकर जीवन के पीड़ित सुख–दुख का सन्तुलन भी आवश्यक माना है –

'सदियों का सोया स्वत्व मानव का जागेगा।
जीवन तटों पर फिर फूंकेगा
अपनी अकर्मण्यता 'औ' निरूत्साह की चिता
दूर फिर होगा उसके ऐकान्तिक अह्म का,
प्रतिक्रिया–मूलक पलायन की रूढ़ि का
आत्मघाती कालाधन
आज कवि को है उसी दिन की प्रतीक्षा,
जब होगा यह मानवता का सिंहनाद
सब सुखी और सब समान।'

कवि ने दलित और उपेक्षित वर्ग के प्रति मानवता की अनुभूति जगायी

* (हिन्दी) पं. शंभूनाथ शुक्ल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) भारत
** (हिन्दी) शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बुढार, जिला – शहडोल (म.प्र.) भारत

है। वे मानते हैं आज भारत में विदेशी शासन के अधिकार कर लेने के कारण एक प्रकार जीवन में विषमता की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इसी स्थिति को देखते हुए उन्होंने वर्तमान की करूणा दशा पर क्षोभ प्रकट करके समाज के दलित, उपेक्षित वर्ग और आज के नवयुवकों को नूतन अभियानों से जर्जर मार्ग बदलने को कहा है –

'गंगा–यमुना का मेल नहीं–यह युद्ध पुरातन नूतन का;
फिर तुम तो वह आँधी हो जो उन्माद छिपाए यौवन का,
जो प्रतिद्धंदी आशाएँ ले जग की जड़ता खंडित करती,
जिसके आते प्रतिहिंसा भी कातर होती मिन्नत करती,
लाशों–सी लटक रही हैं बूढ़े वृक्षों की सूखी शाखें,
तुम उन निष्प्राण समूहों के चिर जर्जर मार्ग बदल डालो।'

'बापू' शीर्षक कविता में भी मानवतावाद का प्रभाव परिलक्षित होता है। राष्ट्रीय भावना की अभिव्यक्ति के लिए कवि ने गीत को ही माध्यम बनाया है। उनका हृदय देश की वर्तमान अवस्था को देखकर पीड़ित है। देश की दुर्दशा पर क्षुब्ध होकर कवि ने करूण भावों की अभिव्यक्ति भी की है –

'जग की शोषित मानवता जिस पर आस लगाए बैठी थी
दलितों की आर्तपुकारों पर जो घर–घर दौड़ा जाता है।
नर उसका ही घातक होता।
कल तक जिसको पूजा
अपने हाथों से आज उसे खोता।'

और उनके जीवन नवीन विचारों और आदर्शो, अहिंसा से प्रभावित होकर कवि ने अपने भावुकतापूर्ण संवेदनाओं के माध्यम से लिखा है –

'तुम मानवत के शुभ मुहूर्त, निर्मलता को निर्मल करते,
करते पवित्रता को पवित्र आशीर्षो के निर्झर झरते।'

कवि ने गांधी जी से संबंधित कविताओं में उनकी मृत्यु पर क्षोभ प्रकट करते हुए साम्राज्यवादी व्यावस्था के प्रति आक्रोश तथा कारूणिक स्थिति का अंकन किया है –

अंचल जी ने दलितों के उत्पीड़न को केन्द्र में रखकर कविता में जिस मानवतावादी दृष्टि को आधार बनाया है उसमें मानव–मानव के बीच बनी कृत्रिम खाई को पाटने की लालसा प्रतिध्वनित है। जन एकता का गौरव गान और लोगों को जोड़ने का मधुर संकल्प है –

'दलित उत्पीड़िन मनुज सुन ले जरा,
राजपथ की धूल में बिखरे पड़े ये गान,
ओ निराशा से पराजय स्वप्नदर्शी सुन,
देख अपना ही बंटा खंडित हृदय,
जोड़ सकता हूँ जिसे मैं,
एक कर देंगे जिसे ये गीत मिट्टी के अजस्त्र अजेय,
आ चला आ साथ इस गतिशील युग के।'

अंचल जी ने दमन, उत्पीड़न आदि को कविता में बड़ी संजीदगी से अवतरित किया है। इस भाव को उन्होंने 'चलचित्र' शीर्षक में बहुत गहराई से प्रस्तुत किया है। मैकू नाम के मजदूर के जीवन को आधार बनाकर जिस क्रांति के बीज का चित्रण उन्होंने किया उसका प्रतिबिम्ब वर्तमान समाज में यदा–कदा दिखाई पड़ता है। इस कविता के संबंध में वे स्वयं कहते है – 'इस कविता में मैंने अत्याचार, दमन, उत्पीड़न पर जीवन की विजय का निष्कर्ष निकाला है। मैकू नाम का मजदूर अपनी गर्भवती स्त्री को अत्यन्त हृदयहीनता और पाशविकता के साथ मारता है। यहाँ तक कि पेट का पूरे दिनों का बच्चा पैदा हो जाता है और जीवित रहता है। उसी प्रकार क्रांति की भावना और नव–जीवन की प्रसरणशीलता अमर है।'

विद्रोह और विप्लव की परम्परा अमर है। निरंकुश शासन सत्ता उसे मसलने के लिए चाहे जितने अत्याचार, दमन, शारीरिक यातना और उत्पीड़न दे परन्तु क्रांति की लपट कभी–बुझती नहीं।

अंचल जी ने कविता में सामान्य सी बात को भी संवेदना के स्तर पर इस तरह से भावनात्मक गहराई दे दी है कि उसमें तमाम मानवीय पक्ष समाहित हो जाते हैं। ऐसे भाव को उन्होंने कहीं बिजली की चमक कहा है, तो कहीं जलती हुई कवित्त शिखा, मानवीय पीड़ा को उन्होंने मजदूर की अंधी लड़की, दोपहर की बात, रोती हो शोषिता, कवि का स्वप्न, धरती की आग, नैश जागरण, दलित उत्पीड़ित मनुज आदि कविताओं में अभिव्यक्त किया है। उन्होंने स्वयं स्वीकार किया है कि इस प्रकार की अनेक कविताओं की प्रेरणा मुझे अपने चारों ओर फैली सामाजिक विषमता और अभाव की वेदना से मिली है।

अंचल जी ने जीवन की अनुभूतियों को जन–सामान्य की अनुभूतियों में देखा है। उन्होंने सौन्दर्य का चित्रण कहीं गांधीवादी दृष्टि से कहीं, मानवतावादी दृष्टि से किया है। गांधीजी की पर पीड़ा के प्रति संवेदना को उन्होंने धरती की नवचेतना के रूप में अंगीकार किया है। उनके मानवता प्रेम को उन्होंने निर्मलता को निर्मल करने वाली और पवित्रता को पवित्र करने वाली आशीष मानकर बार–बार स्मरण किया है। जब कभी कवि का आत्मविश्वास डगमगाता है, वह तब गांधीजी का शांति, अहिंसा की ओर दृष्टि ले जाता है–

समग्रत: यह कहा जा सकता है कि अंचल की कविता में उत्पीड़न, शोषण, अत्याचार, आदि के प्रति आवाज उठायी गयी है। उनकी प्रणय भावना मात्र स्त्री पुरूष के मांसल प्रेम तक सीमित नहीं है, अपितु उसका व्यापक प्रभाव जन–जन के आंगन तक है।

वादों का प्रवाह इतना तीव्र होता है कि जीवन–दृष्टि संस्कारों का ग्रहण परिमार्जित रूप में करने लगती है। काव्य दृष्टि जीवन के वास्तविक विषयों पर आधारित रहती है। रामेश्वर शुक्ल 'अचंल ने लिखा है कि – नरक्षेत्र में भीतर बद्ध रहने वाली काव्य–दृष्टि की अपेक्षा सम्पूर्ण जीवन क्षेत्र और समस्त चराचर के क्षेत्र मार्मिक तथ्यों का चयन करने वाली दृष्टि उत्तरोत्तर अधिक व्यापक और गंभीर कहीं जाएगी।' जीवन के सत्य का जिस प्रकार चित्रांकन होता है, वैसी ही दृष्टि चेतना, काव्य–विधान तैयार करती है। जहाँ मार्क्सवादी जीवन–दृष्टि जीवन की उचित व्याख्या तो कर सकी किन्तु 'जीवन–मूल्य' का वास्तविक निदान एवं चरम परिधि प्रस्तुत करने में असमर्थ रहीं, वहीं समाजशास्त्रीय जीवन दृष्टि सामाजिक जीवन की उचित व्याख्या के साथ ही 'जीवन–मूल्य' का वास्तविक निदान प्रस्तुत करती आ रही है।

जब जीवन की विकृतियों को परिमार्जित करने का समय आता है, तब उस समय पूर्ववर्ती जीवन दृष्टि धूमिल पड़ जाती है, तथा तत्कालीन चिंतन धारा मानवीय चेतना को प्रभावित करने लगती है। मानवीय चेतना एक और नए मूल्यों का अन्वेषण करती है, वहीं तत्कालीन चिंतन धारा से प्रभाव चित्र भी ग्रहण करती है।

इस संदर्भो में यदि जीवन मूल्य की व्याख्या करते हुए, कविता में अभिव्यंजित सत्यों का परीक्षण किया जावे तो यह स्पष्ट हो जाता है कि इस काव्यधारा में जीवन की प्रत्येक विधा को यथार्थवादी दृष्टि से देखने का प्रयास किया गया है।

कविता में जीवन–मूल्य को अनेक रूपों में स्वीकार किया गया है। कविता के उन्नायकों ने जीवन के सभी संदर्भो की व्याख्या प्रस्तुत की है।

जीवन के संघर्ष भी मानसिक जीवन को प्रभावित करते है।

'अंचल' जी के काव्य में भाव–सत्यों का उन्मेष अधिक हुआ है, जब कवि आत्मस्थ होकर गहरे चिंतन में लीन हो जाता है, तब उजाले का बाहरी आकर्षण ही सब कुछ नहीं होता। अँधेरे में भी शक्ति होती है, तल्लीन कर लेने की, इसलिए कवि हल्के अंधेरे में डूबना चाहता है। जीवन के समूचे आशय को समझने का उपक्रम कवि के आत्म चिंतन का विषय है। यहाँ अंधेरा मन जीवन के वास्तविक अर्थ को गहरी समझ दे रहा है –

कवि किरणों की रंगीन आशाओं के बहाने सहज भाव से शुद्ध अंधेरे को और सामान्य जीवन के दु:खी चेहरे को देखते हुए सोचता है कि हमारी जिन्दगी अधिक मानवीय और सार्थक चिन्तन के व्यापक धरातल पर आधृत होगी –

जीवन बहुत अज्ञेय और अनंत घटनाओं से निर्मित है – 'जीवन मूल्यों का वास्तविक धरातल अन्तर्जीवन ही है।' अंचल जी अपनी तमाम कठिनाइयों के बावजूद भी निरन्तर संघर्ष कर अनुभवों के व्यापक क्षेत्र को लाँघ जाने के लिए जीवंत संघर्ष करना चाहते है। गाँव के गरीबों के पास ठंड से बचने के लिए कपड़े भी नहीं है, जबकि ठंडी से बचने के लिए कपड़ों की बहुत आवश्यकता होती है। उनका शरीर इतना कमजोर है कि वे पैर भी जहाँ रखते है, तो कम्पन के कारण कहीं और पड़ते है। अपने देश के ग्रामीणों का जीवन इसी प्रकार है –

अंचल जी मृत्यु से साक्षात्कार करके जीवन के ठोस सत्य को समझते है। मौत के धंसते हुए काले नाखून व्यक्ति को चोट पहुँचाकर भी खून के रंग जैसे नहीं होते। अर्थात् पूंजीपतियों द्वारा शोषण और हिंसा करने के बाद भी कालापन नहीं जाता। यह भी सच है कि दम और साहस की खोज में घूमने वाली मौत की आँखे व्यक्ति की यथार्थ स्थिति भाँप लेती है –

वस्तुत: अंचल जी के काव्य में ऐसी तमाम कविताएँ दृष्टिगोचर होती है जो जीवन मूल्य के परिप्रेक्ष्य में खरी उतरती हैं या यह कहे कि इस प्रकार की कविताओं में सामाजिक जीवन की वास्तविक व्याख्या है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पाश्चात्य काव्य शास्त्र के सिद्धांत– डॉ शांति स्वरूप गुप्त ।
2. तुलसीदल, अरविंद विशेषांक– अगस्त 1970
3. अंचल समग्र– संपादक डॉ देवीप्रसाद कुँवर ।
4. हिन्दी साहित्य का इतिहास– डॉ नगेन्द्र ।
5. छायावादोत्तर हिन्दी काव्य की सामाजिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि– डॉ कमला प्रसाद पाण्डेय ।

****

हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का योगदान

डॉ. पी. एस. परमार * सुशीला देवी परमार **

प्रस्तावना – साहित्य का इतिहास वह है, जिसमें हम साहित्यिक रचनाओं का अध्ययन ऐतिहासिक दृष्टि से करते हैं। **इतिहास शब्द का शाब्दिक अर्थ है–**ऐसा ही घटित हुआ।[1] अतीत की घटनाओं का विवरण इतिहास है। विस्तृत अर्थ में इतिहास अतीत की प्रत्येक स्थिति, परिस्थिति, घटना, प्रक्रिया एवं प्रवृत्ति की व्याख्या है। संक्षिप्त अर्थ में अतीत के किसी भी तथ्य, तत्व एवं प्रवृत्ति का वर्णन कालक्रम की दृष्टि से करना ही इतिहास है।

इतिहास लेखन के सम्बन्ध में प्राचीन भारतीय मनीषियों के विचार – हमारे प्राचीन मनीषियों ने नैतिक मूल्यों के प्रति अपनी आस्था दिखाई है। वेद व्यास के अनुसार–'इतिहास वह है, जिसके माध्यम से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का उपदेश दिया जा सके।'[2]

पौराणिक मत–'ऋषियों और महापुरूषों के चरित्र का ज्ञान ही इतिहास है। जिसमें घटना की अपेक्षा चरित्र पर बल हो।'[3]

कल्हण के अनुसार–'इतिहास में आध्यात्मिक, नैतिक, चारित्रिक तत्त्वों की अपेक्षा यथार्थ परक वस्तु एवं तथ्यों को महत्व देना चाहिए पर काव्य रूप में सुन्दर होना चाहिए।'[4]

इस प्रकार हमारे प्राचीन मनीषियों ने उसी इतिहासकार को सफल माना है जिसमें सत्यं, शिवं और सुन्दरम के समन्वय की चेष्टा हो।

साहित्य के इतिहास लेखन सम्बन्धी पाश्चात्य एवं भारतीय विचारकों के मत– फ्रैन्च विद्वान तेन के अनुसार– 'किसी भी साहित्य के इतिहास को समझने के लिए उससे सम्बन्धित जातिय परम्पराओं, राष्ट्रीय और सामाजिक वातावरण एवं साामाजिक परिस्थितियों का अध्ययन, विश्लेषण आवश्यक है।'[5]

हडसन के अनुसार– 'साहित्य के इतिहास में काव्य रचयिता के व्यक्तित्व एवं प्रतिभा को भी महत्व देना चाहिए।'[6]

हेराल्ड पी. सिमन्सन के अनुसार– 'साहित्य के इतिहास–लेखन की समस्या केवल यह नहीं है कि वह किसी कृति में व्यक्त विचारों को पहचाने, बल्कि यह भी कि एक प्रक्रिया के रूप में इतिहास के व्यापकतर संदर्भ में उनका स्थान निर्धारण करें–साहित्य के इतिहास की अपनी कुछ माँगे होती हैं जिनमें प्रमुख है– रचना कब, कहाँ, कैसे और क्यों की गयी। साहित्य का इतिहासकार यह पता लगाने की चेष्टा करता है कि किसी लेखक ने अपने समय और अतीत से क्या प्राप्त किया और बदले में उसने अपने समय तथा परवर्तीकाल को क्या दिया।'[7]

डॉ. सुमनराजे के अनुसार–'साहित्य के इतिहास में मूल्यपरक दृष्टि की आवश्यकता है। एक बात, जो मैं समझती हूँ। सबसे अधिक महत्वपूर्ण है, जिसकी सबसे बड़ी उपेक्षा की है। वह है–मूल्यों का संयोजन, इसके बिना मानविकी इतिहास लिखा ही नहीं जा सकता और साहित्य का तो बिल्कुल नहीं। साहित्य मानव की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों का कलात्मक संश्लेषण है। इतिहास के सम्बन्ध में मूल्यों की उपेक्षा किसी हद तक खतरनाक हो सकती है।'[8]

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार– 'प्रत्येक देश का साहित्य वहाँ की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिम्ब होता है। तब यह निश्चित है कि जनता की चित्तवृत्ति के परिवर्तन के साथ–साथ साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है। आदि से अंत तक इन्हीं चित्तवृत्तियों की परम्परा को परखते हुए साहित्य परम्परा के साथ उनका सामंजस्य दिखाना ही साहित्य का इतिहास कहलाता है। जनता की चित्तवृत्ति बहुत कुछ राजनीतिक, सामाजिक, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक परिस्थिति के अनुसार होती है।'[9]

डॉ. नगेन्द्र के अनुसार– 'युगचेतना और साहित्य चेतना के समन्वय पर आधृत साहित्य के इतिहास के संश्लिष्ट स्वरूप को ही हमें स्वीकार करना चाहिये।'[10]

इस प्रकार भारतीय एवं पाश्चात्य विद्वानों के अनुसार साहित्य के इतिहास का लक्ष्य सदा अतीत की व्याख्या करते हुए विवेच्य वस्तु के विकास क्रम को स्पष्ट करना होता है।

हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन के स्त्रोत – हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन के स्त्रोतों को दो भागों में विभाजित किया गया है –

1. **अन्त:साक्ष्य –** इसके अन्तर्गत उपलब्ध सामग्री को तीन रूपों में बाँटा जा सकता है– (अ) भक्त एवं संत व्यक्तियों से सम्बद्ध आधार भूत ग्रंथ। (ब) कवियों विषयक काव्य संग्रह। (स) साहित्यकारों की प्रकाशित व अप्रकाशित रचनाएँ तथा कवियों के परिचय से सम्बद्ध पुस्तकें।
2. **बाह्य साक्ष्य–** इसके अन्तर्गत प्राप्त सामग्री को चार भागों में बाँटा गया है– (अ) साहित्यिक सामग्री (ब) प्राचीन ऐतिहासिक स्थान, शिलालेख, वंशावलियाँ व प्रामाणिक उल्लेख (स) जन–श्रुतियाँ (द) विभिन्न युगों की आंतरिक व बाह्य परिस्थितियों की ज्ञापक सामग्री।

हिन्दी साहित्य के विविध इतिहास ग्रंथ – 19 वीं शती के पूर्व के विभिन्न कवियों, लेखकों द्वारा परिचयात्मक ग्रंथ– गोकुलदासकृत– **चौरासी वैष्णवन की वार्ता**ब **दो सौ बावन वैष्णवन की वार्ता**, नाभादासकृत–**भक्तमाल**, ध्रुवदासकृत– **भक्त नामावली**, मातादीन मिश्रकृत– **कवित्त रत्नाकर** इनके अलावा तुलसीकृत– **कवि माला** (75 कवियों की कविताएँ) कालिदास त्रिवेदीकृत–**कालिदास हजारा** (292 कवियों की एक हजार कविताओं का संग्रह), अधमकृत– **सतबानी संग्रह**,

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शाजापुर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (हिन्दी) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

बलदेवकृत- **सत्कविगिरा विलास**, सरदार कविकृत- **श्रृंगार संग्रह**, वेणीमाधोदासकृत-**मूल गोसाईं चरित्र,** सूदनकृत-**कवि नामावली**, देवीप्रसाद मुंसिफकृत- **कविरत्न माला** आदि।

हिन्दी साहित्य के इतिहास ग्रंथ कालक्रमानुसार -

1. **हिन्दी का प्रथम इतिहास ग्रंथ-फ्रेंच विद्वान गार्सा -द- तासी** का है। इनकी पुस्तक का नाम है- **इस्तवार द ला लितरेत्युर ऐन्दुई ऐन्दुस्तानी**-11 प्रथम भाग 1839, द्वितीय भाग 1847 में प्रकाशित हुआ। दूसरा संस्करण 1871 में प्रकाशित हुआ । जिसमें तीन खण्ड है। इसमें 72 कवियों के परिचय के साथ ही कवियों को अंग्रेजी वर्णक्रम के अनुसार प्रस्तुत किया गया है। इसमें कवियों को कालक्रम के अनुसार नहीं रखा गया है लेकिन इस इतिहास ग्रंथ का ऐतिहासिक महत्व है।

2. **हिन्दी का दूसरा इतिहास** ग्रंथ उर्दू में मौलवी करीमुद्दीन ने '**तज्किारां एं शुअरां एं हिन्दी'** जो सन् 1848 में प्रकाशित हुआ। इसमें कालक्रम का ध्यान रखा गया है, पर हिन्दी कवियों का नाम गार्सा -द- तासी की अकारादि शैली के अनुसार है। इसका भी ऐतिहासिक महत्व ज्यादा है।[12]

3. **हिन्दी का तीसरा इतिहास ग्रंथ-** महेशचन्द्र शुक्ल का है। जिसका नाम **भाषा काव्य-संग्रह** है। जो 1873 ई. में प्रकाशित हुआ है।[13]

4. **हिन्दी का चौथा इतिहास ग्रंथ -** शिवसिंह सेंगर का है। जिसका नाम **शिवसिंह सरोज** है, जो सन् 1883 में प्रकाशित हुआ है। जिसमें एक हजार कवियों के जीवन चरित्र का उल्लेख किया गया है।[14]

Causes - The child Labour in India is running since many years. Year wise the causes behind this problem are different. According to UNICEF - children have no real and meaningful alternatives in rural and impoverished parts of developing and also in the underdeveloped part of India. Many states and villages in have no adequate school facilities, very far from their homes, unaffordable, very poor quality of education. As per the report of ILO, 2008 the harmful factor behind the child labour is lack of availability and quality of schooling.

In the country around, still discrimination between boys and girls is persisting. According to the report of the UNICEF girls are more likely to be out from the school and working in a domestic role.

Uneducated girls tend to be at a lower priority across the world including India. The International labour organisation (ILO) and Spreading Smiles through Education Organisation (SSEO) suggests poverty is the greatest single force driving children into the workplace. Poverty, over population, Parental literacy and want of more income, lack of schools for study, Higher cost of education and living cost, Weak laws to protect, Adult unemployment and Urbanization, Lack of education and exposure, and also wrong intention of factories are also the major factors of child labour. Approximately about 25% of the Indian population live below the poverty line, and other major problem is the illiteracy. When we overcome these two major problems then the problem of the Child Labour will automatically perish from India.

Report by Shri M.S Gurupadaswamy committee has observed, “Extreme poverty, lack of opportunity for gainful employment and intermittency of income and low standards of living are the main reasons for the wide spread prevalence of child labour. Though it is possible to identify the child labour in the organised sector, which form a minuscule of the total child labour, the problem relates mainly to the unorganised sector where utmost attention needs to be paid. The problem is universal but in our case it is more crucial.”

Consequences of Child Labour - In terms of economic welfare the presence of child labour is a serious issue who is not getting the necessary education even they are not getting proper and adequate physical, intellectual, emotional and psychological support from the family, society and also from the government. The child is a vulnerable part of the society. They are not so strong physically and mentally to do all the labours and hazardous activities. But because of the above reasons discussed they are pressurized to indulge in these activities. The presence of a large number of child labourers is regarded as a serious issue in terms of economic welfare. Comparatively children are not ready for exhausted monotonous work than adults. Child labour has long term adverse effects for India.

To keep an economy prospering, a vital criterion is to have an educated workforce equipped with relevant skills for the needs of the industries. The young labourers today will be part of India’s human capital tomorrow. Child labour undoubtedly results in a trade-off with human capital accumulation.

Conclusion and Suggestions - Children are the future assets of our Nation. Their proper nurture and planned development is our prime responsibility. The development of human resources should be an important part of our National policy then only our Indian future will be physically fit, mentally alert, morally healthy.

Equal opportunities for development would serve our large purpose of reducing inequality and ensuring social justice. If a child is a national asset, it is the duty of the state to look after the child with a view to ensure full development But from the beginning of human society children have been exploited mercilessly and indiscriminately.

Child Labour has been the cheapest and readily available due to high population of India. Children were made to work at home and outside, in factories and fields, in hazardous occupations, in hotels, restaurants and as domestic aids. Family burden, financial problem in Indian child compels them to starts working at the age of 6 or sometime at 8.

The Government should strictly implement the laws in the organised sectors and see to it that the un-organised child workers do not erupt at all. As there are Government authorities and departments spread all over the states It is the responsibility to take enough steps to restrict the employment of child worker in unorganised and organised sector. The example of Sri Lanka and Kerala show that compulsory education has worked in those areas and shown better results. The efforts towards preserving the environment and bringing about sustainable development are aimed at giving our children what is naturally theirs. Female education, which Palkiwala calls the priority of priorities, hampered not only by the deep- rooted cultural prejudices but also due to lack of real concern. Initiatives like operation blackboard, Sarva Shiksha Abhiyan and mid-day meal scheme, etc. have been taken so that school dropout rate is curtailed.

Right to live with human dignity, enshrined in article 21, drives its life breath from the directive principles of State Policy and particularly clauses (e) and (f) of article 39 and articles 41 and 42 and at least therefore, it must include protection of state, the health and strength of workers, men

and woman, and of the tender age of children against abuse, opportunities and facilities for children to develop in health and in conditions of freedom and dignity, educational facilities, just and humane conditions of work and maternity relief. These are the minimum requirements which must exist in order to enable a person to live with human dignity. Neglecting or ignoring the welfare of children and their all-round development may create like atmosphere where oxygen is withdrawn making the life of the country miserable over the years. We have a full-fledged ministry of Human Resources Development and numerous agencies engaged in child welfare work. Children are innocent, vulnerable and dependent. Excluding good foundation of life from children is a crime against humanity. Millions of children live under difficult circumstances- as orphans, street children, refugees, displaced persons, as victims of war and other manmade disasters. For the full and harmonious development of his or her personality, a child should grow up in a family environment, in an atmosphere of happiness, love and understanding. There is need to make people aware about rights of children and as to the importance of their growing up and responsible and productive citizens. Educational institutions, Governments, NGOs and media can play a vital role in this regard. Social communication needs to be stimulated at different levels and through multiple channels across the plural society.

This requires sensitive and professional handling in a decentralization manner. The proper growth of our children will be a true tribute to Pandit Jawaharlal Nehru - the builder of modern India. Almost 65 years ago he asked: “who lives if India dies? Who dies if India lives?” If India is to live , children are to live Children are to be looked after and groomed well, not merely on the basis of constitutional to statutory provisions but also with great human touch and concern. We have both obligation and duty towards them.

References:-

1. ”What is child labour”. International Labour Organistion,2012.
2. “International and National Legistation”Child Labour Organisation 2011.
3. www.firstpost.com>India News.
4. unicef.in/whatwedo/21/child-Labour.

****

Judicial Review - Tool To Balance The Suoremacy Of The Constitution

Aprajita Bhargava *

Abstract - In the legal systems of modern democracies it has very wide connotations. The judiciary plays a very important role as a protector of the constitutional values that the founding fathers have given us. They try to undo the harm that is being done by the legislature and the executive and also they try to provide every citizen what has been promised by Constitution. The exercise of each of these powers is a function of the Legislature, the executive and the Judiciary as a separate organ of the State. Deriving their powers from the constitution, the legislatures in India enact statutes possible because of the power of judicial review.
Key words - Judicial Review, Legislative actions, Constitution, Rights, Democracy

Introduction - "I am of the view that if there is one feature of our Constitution which, more than any other is basic and fundamental to the maintenance of democracy and the rule of law, it is the power of judicial review and it is unquestionably, to my mind, part of the basic structure of the Constitution"- Justice Bhagwati

Judicial Review basically is an aspect of judicial power of the state which is exercised by the courts to determine the validity of a rule of law or an action of any agency of the state. India is lucky enough to have a constitution in which the fundamental rights are enshrined and which has appointed an independent judiciary as guardian of the constitution and protector of the citizen's liberties against the forces of authoritarianism. In a true form of democracy, the rule of a fearless independent and impartial judiciary is indispensable and cannot be over-emphasized.

Judicial review of legislation is a result of two of the most fundamental features of Indian constitution. The first is the two-tier system of law with the constitution as the Supreme law and other legislation being the ordinary law which is valid only in so far as is consistent with the constitution. The Second is the separation of the legislative, the executive and the judicial powers of the state. There is a two-fold limitation on the validity of the statues. The Legislatures must have the competence to enact them. Secondly, they must not conflict with the constitution. They would be invalid to the extent of their repugnancy with the constitution. 'Judicial Review' stands for something which is done by a court to examine the validity or correctness of the action of some other agency.

Meaning and Definition of Judicial Review - The word 'review' stands for an act of inspecting or examining something with a view to correct it or to improve it. This meaning shows that there is something which is already done by somebody whose correction or improvement is envisaged in the process of review.The word 'review' in the phrase 'judicial review' stands for something which is done by a court to examine the validity or correctness of the action of some other agency. Thus the power of the Judiciary to review and determine the validity of a law or an order may be described as the power of "Judicial review". It means that the constitution is the supreme law of the land and any law inconsistent therewith is void. 'Judicial Review' legislation or executive action can be defined as "Judicial review is the ultimate power of any court to declare any act of legislatures or of executives as unconstitutional and hence unenforceable as:-

a) Any law.
b) Any official action based upon a law
c) Any other action by a public official that it deems to be in conflict with the constitution."

According to **HOWARD MEBAIN**, an American author judicial review mean, the power possessed by American courts to declare that legislative and executive action are null and void if they are volatile of the written constitution.

Judicial Procedure for judicial Review - The power of judicial review has in itself the concept of separation of powers an essential component of the rule of law, which is a basic feature of the Indian Constitution. Every State action has to be tested on the anvil of rule of law and that exercise is performed, when occasion arises by the reason of a doubt raised in that behalf, by the courts. Though the constitution makers of India have inserted a specific provision under Article 32 of the constitution to go directly to the Supreme Court regarding legislative lapses concerned with infringement of Fundamental Rights.

Article 32 itself is the fundamental right and according

* Faculty, R. D. Public School, Betul (M.P) INDIA

to Dr Ambedkar "it is the soul of the constitution as without which there would be no meaning of inserting the other fundamental rights in the constitution". But there has been no any specific provision in the constitution to move the Supreme court direct on the unconstitutionality arising out of the violation of the constitutional mandate relating to distribution of powers or separation of powers or other constitutional restrictions which is equally vital. If the issue does not involve infringement of fundamental rights guaranteed under part III of the constitution, the aggrieved party has to move first the High court under article 226 and then only in appeal he can go to the Supreme Court if relief is not given by the High Court. Such pitfalls deserves rectification by a suitable provision in the constitution so as to enable an aggrieved person to move the Supreme court directly concerning the unconstitutionality relating to the distribution of powers or delegated legislation or other constitutional restriction.

This speedy remedy would quicken the conscience of the citizen in a more fruitful manner in protection of his rights. The Power of Judicial Review is incorporated in Articles 226 and 227 of the Constitution for the High Courts and Articles 32 and 136 of the Constitution for Supreme Court, the judiciary in India has come to control by judicial review every aspect of governmental and public functions.

Positive consideration for Judicial Review -

(a) Our Constitution is federal constitution and interpretation of the constitution is the constitutional duty of the SC. Through Judicial interpretation judiciary keeps organs and departments of the government within their limits. Without the power of judicial review federal structure may be damaged. Therefore, judicial review is necessary ingredient of our constitution.

(b) It is true that Judicial Review places reliance on judges and their ability and integrity. Judges are part and parcel of the Society. Our experience proved judiciary much more honest than legislature and executive. Day-to day scandal happens in executive and legislature, while no conspicuous scandal has been noticed in Judiciary so far. Judicial Review saves country from arbitrariness and tyranny of executive and legislature. One can very well suppose that when there was no Judicial Review or judicial activism to what extent corrupt executive and legislatures would have spoilt moral and social life of the people.

(c) Legislature and executive are pressurized by vested interests whereas judiciary has no such chances of pressure from vested interests.

(d) Judicial Review not undemocratic rather it keeps the democracy alive through keeping organs of state within their own limits.

(e) Judiciary is a accountable to the people the consumers of the justice as rightly observed by Justice Frankfurter.

(f) Judicial Review affords protection against legislative excesses and executive arbitrariness. The Indian judiciary is the best filled to the role of an umpire for deciding the proper functioning of the constitution. Judiciary has saved the constitution and democracy.

The Supreme courts interpretation of legislative acts to maintain the supremacy of the constitution - The scope of judicial review is present in several articles of the constitution, such as, 13, 32,131-136,143, 226 and 246. The doctrine of judicial review is firmly rooted in India and in this sense it is on a more solid footing than it is in America. The courts in India are under a constitutional duty to interpret the constitution and declare the law as unconstitutional if found to be contrary to any constitutional provisions. It can be appreciated that the protection of the judicial review is crucially inter-connected with that of protection of Fundamental Rights, for depriving the court of its power of judicial review would be tantamount to making Fundamental Rights non-enforceable ' a mere paper provision' as they will become rights without remedy.

In **Keshavananda Bharati vs. State of Kerala -** which is said to have first propounded the Doctrine of basic structure of the Constitution, the Hon'ble 13 Judge Constitution Bench of Supreme Court delivered 11 truncated judgments.

Since 24th April 1973, the date of the judgment of the Keshavananda Bharati case, the debate is, what is the ratio decidendi, viz., the point of law laid down in the said judgment. Fortunately, the present judgment of Supreme Court by providing unanimous verdict saved the Nation from such turmoil of searching for the ratio decidendi with magnified glasses. Fractured Judgments pains the Nation a lot to understand what is the Law and much time and energy of legal fraternity is spent on debating, interpreting and searching laws from such truncated judgments.

In the same case, Bhagwati, J observed "it is for the judiciary to uphold the constitutional values and to enforce the constitutional limitation. That is the essence of the rule of law, which inter alia requires that the exercises of powers by the government whether it be the legislature or the executive or any other authority, be conditioned by the constitution and the law. The power of judicial review is an integral part of our constitutional system and without it there will be no Government of laws and the rule of law would become a teasing illusion and a promise of unreality. I am of the view if there is one feature of our constitution which, more than any other is basic and fundamental to the maintenance of democracy and the rule of law, it is the power of judicial review and it is unquestionable, to my mind, part of the basic structure of the constitution".

Conclusion- The Indian Judiciary has played a remarkable role by the way of Judicial Review to maintain the supremacy of the Constitution. As said by Holmes that life of law is not logic but experience. Hamilton, one of the framers of the constitution of United States of America says that if there is conflict between constitution and the law the judges should prefer constitution. In India it is reflected 100%. After the decision of Keshavananda Bharti's case 42nd amendment was made to the Constitution which inserted Clause 4 and 5 which declared that their shall be no limitation on the amending power of the parliament of what so ever.

Thus, Judicial Review of legislative acts indicates review of legislative actions to judicial restraint on the legislative and executive organs of the Government. The concept has the origin in the theory of limited Government and in the theory of two laws, an ordinary law and the supreme law (i.e. the Constitution). From the very assumption that there is a supreme law which constitutes the foundation and source of other legislative authorities in the body polity, it proceeds that any act of the ordinary law making bodies which contravenes the provision of the supreme law must be void and there must be some organ which is to possess the power or authority to pronounce such legislative acts void."

References:-

1. Deshpande, V.S., Judicial Review of Legislation (1975), Eastern Book Company, Lucknow.
2. Dr. Jha, C.D., Judicial Review of Legislative Acts, (II Edition, 2009), Lexis Nexis Butterworths Wadhwa, Nagpur.
3. Singh, M.P., Shukla V.N.'s Constitution of India (XI Edition, 2008), Eastern Book Company, Lucknow.
4. Dr. Pandey, J.N., Constitutional Law of India (XXXXIII Edition, 2006) Central Law Agency, Allahabad.
5. The Kesavananda Bharati Case : The Untold Story of Struggle for Supremacy by Supreme Court and Parliament- Buy online now at Jain Book Agency, Delhi based book store.

****

सुलह सम्बन्धी विधियाँ और उनका मूल्यांकन

डॉ. सीमा राजपूत *

प्रस्तावना – सुलह वैकल्पिक विवाद निवारण का प्रभावी साधन है। माध्यस्थम् और सुलह, 1996 तथा विवादों का वैकल्पिक विवाद निवारण अधिनियम में भाग में सुलह सम्बन्धी प्रावधानों का वर्णन किया गया हैं। इसे विवादों का वैकल्पिक (अतिरिक्त) निस्तारण भी कहा जाता है। माध्यस्थम् एवं सुलह अधिनियम, 1996 में सुलह की परिभाषा नहीं दी गयी है। धारा 67 में सुलहकर्ता की भूमिका के संबंध में प्रावधान दिया गया है तथा इस भूमिका के आधार पर सुलह की उपरोक्त परिभाषा उचित जान पड़ती है।

विवादों के वैकल्पिक या अतिरिक्त निस्तारण के लिए कोई भी पृथक विधि अधिनियमित नहीं की गई है। अब माध्यस्थम् तथा सुलह अधिनियम, 1996 के भाग 3 में पक्षकारों द्वारा अपने विवादों को सुलह द्वारा निस्तारण (हल) करने की व्यापक व्यवस्था प्रथम बार की गई है। सुलह सम्बन्धी प्रावधान धारा 61 से धारा 81 तक में विस्तार से दिए गए हैं, यद्यपि सुलह, विवाद को अनुकल्पत: निपटाने का एक तरीका हैं तथापि इसे अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित करके सुदृढ़ता प्रदान की गयी हैं, जिससे यह कारगर तरीके से विवादों का समाधान करने में विशेष भूमिका अदा कर सकें।

इंग्लैण्ड़ की हैल्सबरी विधि शब्दावली के अनुसार सुलह एक ऐसी प्रक्रिया है, जो पक्षकारों को अपने विवाद आपसी समझौते से हल कर लेने हेतु अनुनय करती हैं। अत: इसे न तो माध्यस्थम् कहा जाता है और न सुलह बोर्ड के अध्यक्ष को मध्यस्थ कह सकते हैं।

नि:संदेह ही सुलह वैकल्पिक विवाद निवारण(Alternative Dispute Resolution) का प्रभावी साधन हैं। यह आवश्यक रूप से एक न्यायिक अथवा न्यायातिरेक प्रक्रिया हैं, जबकि माध्यस्थम् का स्वरूप न्यायिक अथवा न्यायातिरेक कुछ भी हो सकता हैं। संक्षेप में सुलह एक ऐसा साधन या उपाय है, जिसके अन्तर्गत न्यायालय या मुकदमेंबाजी का सहारा लिए बगैर पक्षकार आपसी समझौते से अपने विवाद या मतभेद सुलझा लेते हैं।

ज्ञातव्य है कि वैकल्पिक विवाद निवारण के प्रभावी साधन के रूप में सुलह को माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 में समाविष्ट करके वैधानिक मान्यता प्रदान की गई हैं। यह न तो पक्षकारों के मध्य पूर्व करार पर आधारित होता है और न उससे नियंत्रित होता है, जबकि माध्यस्थम् का अस्तित्व एवं नियंत्रण पूर्णत: पक्षकारों के मध्य करार पर आधारित होता हैं। इसके अलावा पक्षकारों का विवाद न्यायालय या माध्यस्थम् में लंबित होने पर भी वे सुलह का मार्ग अपनाते हुए अपना विवाद हल कर सकते हैं जबकि माध्यस्थम् में यह संभव नहीं हैं।

सुलह के अंतर्गत सर्वप्रथम पक्षकारों के बीच विवाद या मतभेद के कारणों को चिन्हित किया जाता है और तत्पश्चात् सुलहकर्ता पक्षकारों के हितों का संरक्षण करते हुए उस विवाद या मतभेद को हल करने का प्रयास करता हैं। यह प्रक्रिया बहुत कुछ अनौपचारिक तथा लचीली होने के कारण पक्षकार इसके लिए सहजता से स्वीकृति दे देते हैं। सुलह द्वारा पक्षकारों के बीच हुए समझौते को माध्यस्थम् के पंचाट के समान मान्यता प्राप्त होती हैं।

सुलह का मूलभूत तत्व यह है कि पक्षकारों के बीच समझौता इस बात पर आधारित नहीं होता है कि विधि के अनुसार क्या उचित एवं युक्ति-युक्त है बल्कि इस बात पर विशेष जोर देता है कि पक्षकार पारस्परिक सहमति से किसी मान्य समझौते पर पहुँच जाए। इस प्रक्रिया में ऐसा भी सम्भव है कि पक्षकारों को अपने-अपने विधिक दावों का कुछ भाग पारस्परिकता के आधार पर त्यागना पड़े। तात्पर्य यह है कि सुलह में पक्षकार किसी तीसरे स्वतंत्र पक्ष के माध्यम से किसी मान्य समझौते पर पहुँचते है तथा समझौते पर पहुँचने के लिये कुछ रियायत भी करते है जिससे विवादों का मैत्रीपूर्ण हल सम्भव होता है। इसका तात्पर्य यह कदापि नहीं है कि सुलह में विधिक नियमों को ताक में रख दिया जाता है। बल्कि यह है कि पक्षकार सुलह के माध्यम से ऐसे समझौते पर पहुँच सकते है, जो विधि के कठोर अर्थों में सही निर्णय नहीं भी हो सकता है।

सुलह कार्यवाही के महत्वपूर्ण लक्षण –

1. **सुलह कार्यवाही की विपक्षहीन प्रकृति –** सुलह की प्रक्रिया में कोई दावेदार या वादी नहीं होता है अर्थात पक्ष और विपक्ष जैसी अवस्था नहीं होती है।
2. **कार्यवाही की स्वैच्छिक प्रकृति –** विवाद का कोई भी पक्षकार सुलह की प्रक्रिया प्रारंभ कर सकता है तथा रोक सकता है, सुलह के माध्यम से पक्षकार आवश्यक खर्चे से भी बच जाते है।
3. **शिथिलयीन प्रक्रिया –** सुलह में अपनायी गयी प्रक्रिया कम खर्चीली होती है और सुलहकर्ता के विवेक पर निर्भर होती है, वह त्वरित और कम खर्चीली प्रक्रिया ही अपनाता है।
4. **सुलह का निर्णय संस्तुति के रूप में होता है –** सुलह के अंतर्गत पारस्परिक समझौते के आधार पर विवाद का निपटारा किया जाता है न कि लादे गए निर्णय के आधार पर।[11]

सुलह संबंधी प्रावधानों का वर्णन – माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम के भाग में धारा 61 से 81 तक सुलह सम्बन्धी प्रावधानों का वर्णन किया गया है।

धारा 61 के अंतर्गत सुलह सम्बन्धी उपबंध कब और किन परिस्थितियों में लागू होते हैं इसमें यह उल्लेख है कि पक्षकारों के मध्य विधिक सम्बन्धों के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाले विवादों को सुलह द्वारा निपटाया

* (विधि) शासकीय जे. एन. एस. महाविद्यालय, शुजालपुर, जिला - शाजापुर (म.प्र.) भारत

जा सकेगा बशर्ते कि उनमें अन्यथा कोई करार न हो। ये विधिक संबंध संविदात्मक है अथवा नही, इसका सुलह कार्यवाही पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

धारा 62 में सुलह कार्यवाही के प्रारम्भ की प्रक्रिया दर्शाई गई है।

धारा 63 में सुलहकर्ताओं की संख्या के बारे में उपबंध है।

धारा 64 में यह उल्लेख है कि सुलहकर्ताओं की नियुक्ति पक्षकारों की सम्मति से की जाएगी तथा यदि पक्षकार सहमत हो, तो वे किसी उपयुक्त संस्थान या व्यक्ति द्वारा भी अपने सुलहकर्ताओं की नियुक्ति करा सकते है।

धारा 65 में उपबंधित है कि नियुक्ति के पश्चात् सुलहकर्ता प्रत्येक पक्षकार से निवेदन करेगा कि वे उसे एक संक्षिप्त विवरणी प्रस्तुत करें, जिसमें विवाद की साधारण प्रकृति एवं अंतर्विष्ट बिंदुओं का उल्लेख हो। प्रत्येक पक्षकार ऐसी विवरणी की एक प्रति अपने विरोधी पक्षकार को भी भेजेगा।

धारा 66 यह उपबंधित करती है कि सुलह कार्यवाही के दौरान सुलहकर्ता सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 तथा साक्ष्य अधिनियम, 1872 के नियमों से बाध्य नहीं होंगे।

धारा 67 में सुलहकर्ता की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि पक्षकारों को सुलहनामें के लिए राजी करने में सहायता करते समय सुलहकर्ता को पक्षकारों के अधिकारों एवं दायित्वों को ध्यान में रखना होगा तथा सुलह कार्यवाही में यथार्थता, औचित्य और न्याय के सिद्धान्तों का अनुसरण करना होगा।

धारा 68 के अनुसार सुलहकर्ता, सुलह कार्यवाही के लिए किसी संस्थान या व्यक्ति विशेष से प्रशासनिक सहायता ले सकता है।

धारा 69 में सुलहकर्ता और पक्षकारों के मध्य संसूचना सम्बन्धी उपबंध है, जो मौखिक या लिखित रूप में हो सकती है। इसी धारा में सुलह कार्यवाही हेतु स्थान भी उपबंध है।

धारा 70 में यह उपबंधित है कि पक्षकारगण सुलहकर्ता के अलावा एक दुसरे को भी विवाद की विषय वस्तु के बारे में समुचित जानकारी उपलब्ध कराऐंगे ताकि दोनों ही पक्षकारों को अपना-अपना पक्ष प्रस्तुत करने का उचित अवसर मिल सके। परन्तु यदि कोई पक्षकार विवाद की विषय वस्तु सम्बन्धी कोई जानकारी गोपनीय रखना चाहता है, तो सुलहकर्ता से निवेदन कर सकेगा कि वह ऐसी जानकारी दूसरे पक्षकार को प्रकट न करें।

धारा 71 में उल्लेख किया गया है कि पक्षकारगण सुलहकर्ता से सद्भावनापूर्वक सहयोग करेंगे।

धारा 72 के अधीन प्रत्येक पक्षकार स्वप्रेरणा से अथवा सुलहकर्ताओं के निवेदन पर विवाद के निपटारे हेतु अपने सुझाव सुलहकर्ता को प्रेषित कर सकेगा।

धारा 73 परिनिर्धारण करार से संबंधित है।

धारा 74 में यह बताया गया है कि परिनिर्धारण करार को अधिनियम की धारा 30 के अधीन माध्यस्थम् अधिकरण द्वारा पक्षकारों की सहमत शर्तो पर दिये गये पंचाट के समरूप ही मान्यता प्राप्त होगी और इसका प्रभाव भी पंचाट निर्णय के समान होगा।

धारा 75 में गोपनीयता सम्बन्धी प्रावधान है, जिसमें कहा गया है कि सुलह कार्यवाही के बारे में सुलहकर्ता एवं सभी पक्षकार पूर्ण गोपनीयता बरतेंगे। गोपनीयता सम्बन्धी उपबंध परिनिर्धारण करार के प्रति भी लागू होगा।

धारा 76 में सुलह कार्यवाही की समाप्ति के बारे में वर्णन किया गया है।

धारा 77 के अनुसार सुलह कार्यवाही के दौरान पक्षकारगण अपने विवाद के निपटारे हेतु माध्यस्थम् कार्यवाही या न्यायिक कार्यवाही प्रारंभ नहीं कर सकेंगे। परंतु यदि कोई पक्षकार अपने विधिक अधिकारों को संरक्षण हेतु या न्यायिक कार्यवाही को आवश्यक समझता है, तो वह ऐसा कर सकता है।

धारा 78 एवं 79 में क्रमश: खर्चे और निक्षेप सम्बन्धी प्रावधान है।

धारा 80 यह अधिनियमित करती है कि सुलह कार्यवाही के दौरान सुलहकर्ता मध्यस्थ सम्बन्धी या सलाहकार के रूप में कार्य नहीं कर सकेगा और नहीं उसे पक्षकारों द्वारा साक्षी के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

धारा 81 के अनुसार सुलह कार्यवाही में दी गई साक्ष्य की अन्य कार्यवाहियाँ अर्थात माध्यस्थम् कार्यवाही या न्यायिक कार्यवाही में ग्राह्य नही किया जा सकेगा।

प्रयोज्यता तथा विस्तार -

1. सुलह की प्रक्रिया विवादों तक विस्तारित है चाहे वह संविदात्मक हो या संविदात्मक न हो। परंतु ऐसे विवाद विधिक संबंध से उठने चाहिए। इसका तात्पर्य यह है कि यह विवाद ऐसा होना चाहिए जिससे कि एक पक्षकार को वाद संस्थित करने का अधिकार हो और दूसरा पक्षकार उसके विरूद्ध वाद संस्थित किए जाने के दायित्वाधीन हो।
2. सुलह की प्रक्रिया इससे संबंधित सभी कार्यवाहियों तक विस्तारित है। परंतु अधिनियम का भाग 3 ऐसे विवादों पर लागू नहीं होता है जो कि तत्समय प्रवृत किसी विधि के कारण सुलह के लिये निवेदित नही किए जो सकते है।

इसी प्रकार यदि किसी विवाद को, तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के प्रावधानों के अंतर्गत सुलह को सुपुर्द करने पर प्रतिबंध है या यदि पक्षकारों ने करार द्वारा किसी विवाद को सुलह हेतु सुपुर्द करना उपवर्जित किया है, तो वह विवाद सुलह की विषय-वस्तु नहीं हो सकता। परन्तु यदि किसी विषय-वस्तु को सुलह हेतु सुपुर्द करने पर तत्समय किसी विधि के अंतर्गत प्रतिबंध नहीं है या पक्षकारों ने विवाद की विषय-वस्तु को सुलह हेतु सुपुर्द करने पर करार द्वारा किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं लगाया है, तो ऐसे वाद को सुलह हेतु सुपुर्द किया जा सकता है। भले ही पक्षकारों ने माध्यस्थम् के लिए सहमति व्यक्त की थी। (धारा 61 उपधारा (1))

इस अधिनियम की धारा 30 भी यह प्रावधान करती है कि एक विवाद, जिस पर माध्यस्थम् करार है, माध्यस्थम् अधिकरण पक्षकारों की सहमति से माध्यस्थम्, सुलह तथा अन्य प्रक्रिया द्वारा माध्यस्थम् प्रक्रिया के दौरान भी, विवाद के हल को प्रोत्साहित करने की क्षमता रखता है। परन्तु धारा 71 सुलह कार्यवाही के दौरान अपने अधिकारों की सुरक्षा के अतिरिक्त माध्यस्थम् या न्यायिक कार्यवाही को प्रारम्भ करने से पक्षकारों को प्रतिबन्धित करती है।

माध्यस्थम् के मामले के विपरीत सुलह कार्यवाही के लिए लिखित करार की आवश्यकता नहीं है। यहाँ सुलह स्वैच्छिक तथा अबाध्यकर प्रकृति को परिलक्षित करता है। सुलह की कार्यवाही मौखिक करार द्वारा भी सम्भव है। परन्तु धारा 62 की उपधारा (1) तथा उपधारा (2) यह प्रावधान करती है कि सुलह के लिए विवाद की प्रकृति वाणिज्यिक या गैर वाणिज्यिक किसी भी प्रकार की हो सकती है।

अत: सुलह की प्रक्रिया द्वारा झगड़ों के निस्तारण से पक्षकारों को विपक्षी के वाद के विषय में सूचना तथा ज्ञान प्राप्त होता है जो बहुमूल्य होता है। यह राष्ट्रीय स्तर पर वकीलों तथा राजनीतिज्ञों की स्वतंत्रता तथा योग्य

व्यक्तियों के समुह द्वारा झगड़े के विवादों तथा निस्तारण के लिए प्रस्ताव के मूल्यांकन का अवसर प्रदान करता है और झगड़ों के पक्षकारों की प्रतिष्ठा का ध्यान रखा जाता है और यह पक्षकारों की स्वतंत्रता तथा प्रभुत्व सम्पन्नता को चुनौती नहीं देता है तथा पक्षकार सुलह कमीशन के निर्णय को मानने को बाध्य नही है।

कुछ विवाद ऐसी प्रकृति के होते हैं, जिन्हें सुलह के द्वारा नहीं सुलझाया जा सकता, जैसे संविधान के विभिन्न प्रावधानों या किसी संविधि के निर्वचन का प्रश्न सुलह द्वारा नहीं सुलझाए जा सकते हैं तथा इनके लिए परम्परागत न्यायालयों का आश्रय लेना पड़ता हैं।

इसी प्रकार जो अपराध दण्ड़ प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 320 की सूचियों के अंतर्गत नहीं दिए गए हैं, उनका शमन नहीं किया जा सकता हैं। यह प्रश्न विधि के निषेध का उदाहरण हैं। अत: किसी प्रवृत्त विधि के अंर्तगत यह प्रावधान हैं कि कतिपय विवादों को सुलह के लिए प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है, तो वे विवाद सुलह के माध्यम से नही सुलझाए जायेंगे।

सुलहकर्ता की भूमिका निभाने वाले व्यक्ति की नियमितताएँ होती हैं, जिससे वह विवाद से संबधित माध्यस्थम् या न्यायिक कार्यवाही में मध्यस्थ, साक्षी या परामर्शदाता के रूप में भाग नहीं ले सकेगा। सुलह कार्यवाही में विवाद का हल निर्णय द्वारा नहीं होता है। बल्कि आपसी सहमति या समझौते द्वारा होता है। तथा सुलहकर्ता उसे अधिप्रमाणित करता है। और उसे न्यायालय की डिक्री की प्रास्थिति प्राप्त नहीं होती हैं। अत: निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता हैं कि कुछ कमियाँ होने के बावजूद भी सुलह पक्षकारों के विवादों को निपटाने का एक प्रभावी साधन हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. अवतार सिंह – माध्यस्थम् सुलह एवं अनुकल्पी विवाद निपटान विधि।
2. देवेन्द्र नाथ मिश्र – माध्यस्थम् विधि।
3. डॉ. विनय एन. परांजपे – माध्यस्थम्, सुलह एव वैकल्पिक विवाद निवारण विधि।
4. डॉ. रमण – दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973

****

बिलासपुर जिले के एम. एड. के प्रशिक्षणार्थियों के शोध अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. प्रज्ञा यादव * अजय सिंह ठाकुर **

शोध सारांश – अनुसंधान के प्रति छात्रों में हमेशा नकारात्मक दृष्टिकोण पाया गया है, जिससे शोध कार्य में कठिनाई महसूस होती है। इस अध्ययन में शोध अभिवृत्ति का अध्ययन करने के लिए बिलासपुर जिले के शासकीय एवं अशासकीय शिक्षा महाविद्यालय/विश्वविद्यायलय के एम. एड. के 120 छात्रों का चयन किया गया। इस अध्ययन की परिकल्पना यह है कि बिलासपुर जिले के एम. एड. के छात्र एवं छात्राओं के शोध अभिवृत्ति में सार्थक अतंर नहीं पाया जाता होगा एवं शोध के सामान्य पक्ष एवं शोध प्रक्रिया की अभिवृत्ति का अध्ययन करना। इस शोध की मापनी में 42 प्रश्नों की सूची है, जो 4 आयामों शोध के सामान्य पक्ष एवं शोध प्रक्रिया, व्यवसायिक जीवन में शोध की उपयोगिता, व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में शोध से सम्बंधित एवं शोध कठिनाई एवं शोध दुश्चिंता में निहित है। ऑकड़ों का संग्रहण स्वयं के द्वारा विभिन्न शिक्षा महाविद्यालयों के शिक्षक प्रशिक्षकों से उनके कक्षा कक्ष अध्ययन के दौरान किया गया जिसमें एम. एड. (M. Ed.) के 120 प्रशिक्षणार्थियों को न्यादर्श के रूप में लिया गया। ऑकड़ों का विश्लेषण t - test के द्वारा किया गया। विश्लेषण से यह परिणाम प्राप्त हुआ कि छात्रों की तुलना में छात्राओं में शोध के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति अधिक पाई गयी है। जिसका कारण वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक आर्थिक और सामाजिक जीवन में स्वयं को स्थापित करना है।

शब्द कुंजी – अभिवृत्ति, शोध, दुश्चिंता, शिक्षा महाविद्यालय सकारात्मक।

प्रस्तावना – शोध हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। शोध के द्वारा ही सभी तरह के अविष्कार सम्भव हुए हैं। शोध वर्तमान समय में समाज के सभी क्षेत्रों को प्रभावित करता है। चाहे वह क्षेत्र विज्ञान, चिकित्सा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, या कृषि का हो। शोध सूचनाओं का संग्रहण एवं विश्लेषण की एक प्रक्रिया है, जो हमारी अध्ययन के अन्तर्गत घटनाओं की समझ को विस्तारित करता है। (Swindoll, 2012) शिक्षा का मुख्य उद्देश्य समाज की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुरूप बालक के व्यवहार को परिमार्जित करना है। व्यवहार के विभिन्न अवयवों में अभिवृत्तियों का अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है। किसी वस्तु, व्यक्ति अथवा विचार के प्रति व्यक्ति किस प्रकार का व्यवहार करेगा, यह बहुत कुछ उस व्यक्ति की उनके प्रति बनी अभिवृत्तियों पर निर्भर करता है। व्यवहार ही नहीं व्यक्ति का सम्पूर्ण व्यक्तित्व भी उसके अभिवृत्तियों के अनुकुल ही ढलता है जो कुछ भी व्यक्ति सीखता है, वह सभी आदतों तथा रूचियों आदि को ग्रहण करता है वह सभी उसकी अभिवृत्तियों द्वारा प्रभावित होता है।

अभिवृत्ति, व्यवहार को दिशा प्रदान करने वाली वह अर्जित प्रवृत्ति है जो व्यक्ति को किसी विशेष वस्तु या वस्तुओं के प्रति एक निश्चित प्रकार का व्यवहार करने को तत्पर करती है। बशर्ते की वातावरणजन्य परिस्थितियों में कोई प्रतिकुल परिवर्तन न हो।

अध्ययन का उद्देश्य –

1. बिलासपुर जिले के एम. एड. के छात्र और छात्राओं के शोध अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. बिलासपुर जिले के एम. एड. प्रशिक्षणार्थियों के शोध के सामान्य पक्ष एवं शोध प्रक्रिया की अभिवृत्ति का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकल्पना –

1. बिलासपुर जिले के एम. एड. के छात्र एवं छात्राओं के शोध अभिवृत्ति में सार्थक अतंर नहीं पाया जाता होगा।
2. बिलासपुर जिले के एम. एड. के प्रशिक्षणार्थियों (छात्र-छात्राओं) के शोध के सामान्य पक्ष एवं शोध प्रक्रिया का उनके अभिवृति में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता होगा।

अध्ययन की परिसीमन – अध्ययन की परिसीमन से आशय, अध्ययन हेतु निश्चित क्षेत्र से है। जिस क्षेत्र के अदंर इस शोध कार्य को सम्पादित करना है, इस शोध के लिए शोधार्थी द्वारा बिलासपुर जिले के एम. एड. के प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया है।

शोध विधि – शोध कार्य के लिए प्रमाणीकृत प्रश्नावली (ए. एस. टी. आर.) विधि का प्रयोग किया गया है। इस अध्ययन कार्य को पूर्ण करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिले में अध्ययनरत एम. एड. के प्रशिक्षणार्थियों का चयन दैव निदर्शन प्रतिचयन पद्धति का प्रयोग किया गया है, जिसकी आवृत्ति कुल प्रशिक्षार्थियों का 120 है।

न्यादर्श – समष्टि के समस्त इकाईयों में से अध्ययन हेतु कुछ इकाईयों को निश्चित अवधि के लिए चुन लिया जाता है। उन संकल्ति इकाईयों के समूह को **न्यादर्श** कहते है।

'न्यादर्श जैसा कि इसके नाम से ही प्रकट होता है कि कुछ वृहद समूह का तुलनात्मक रूप से लघु प्रतिनिधित्व'।

–गुड एण्ड हैट

'न्यादर्श अपने समस्त समूह का का एक लघु चित्र होता है'।

–पी. वी. यंग

* सहायक प्राध्यापक (शिक्षा) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल (शिक्षा) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

न्यादर्श के रूप में शोधार्थी द्वारा बिलासपुर जिले के एम. एड. के प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया है, जिसमें 60 छात्र एवं 60 छात्राएँ हैं।

प्रयुक्त उपकरण – प्रस्तुत शोध अध्ययन में डॉ. विशाल सूद एवं प्रो. वाय. के. शर्मा द्वारा प्रमाणिकृत ए. एस. टी. आर. (Attitude Scale Towards Research) उपकरण का उपयोग किया गया है।

निष्कर्ष –

परिकल्पना 1 – (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

परिकल्पना के जॉच हेतु एम. एड. के 60 छात्र और 60 छात्राओं का चयन किया गया तथा उनके प्राप्तांकों के आधार पर t-test किया गया तथा अंतर किया गया।

व्याख्या एवं विश्लेषण – उपरोक्त प्राप्तांकों के आधार पर छात्रों का मध्यमान 57 तथा छात्राओं का मध्यमान 59.33 रहा तथा इसी तरह छात्रों का SD क्रमश: 9.32 एवं 8.77 है तथा SED = 0.4 है।

गणना से प्राप्त टी–मूल्य परीक्षण का मान 1.41 है। तथा df = 118 पर 0.05 स्तर पर सारणीगत मान 1.96 तथा 0.01 स्तर पर सारणीगत मान 2.59 है, जो कि गणना द्वारा प्राप्त मान से ज्यादा है। अत: दोनों समूह छात्र एवं छात्राओं के शोध अभिवृत्ति में सार्थक अंतर नहीं पाया गया। इस तरह हमारी पहली परिकल्पना स्वीकृत होती है। जिसका प्रमुख कारण छात्र एवं छात्राओं दोनों वर्गों में शोध के प्रति समान सकारात्मक अभिवृत्ति का होना पाया गया है। वर्तमान समय के बढ़ते प्रतिस्पर्धा में छात्र एवं छात्रा दोनों अपनी उज्ज्वल भविष्य हेतु शोध की उपयोगिता को आवश्यक एवं अनिवार्य मानते हैं। शोध के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का ही परिणाम है कि आज समाज के किसी भी क्षेत्र में चाहे वह आर्थिक, सामाजिक या राजनैतिक हो, छात्रों के साथ ही साथ छात्राओं का भी समान वर्चस्व देखने को मिलता है। आज छात्र एवं छात्राए दोनों शोध कार्य को सिर्फ सैद्धांतिक नहीं मानते बल्कि इनका वे अपने व्यवहारिक जीवन में भी प्रयोग करते हैं।

परिकल्पना 2 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

परिकल्पना के जॉच हेतु एम. एड. के 60 छात्र और 60 छात्राओं का चयन किया गया तथा उनके प्राप्तांको के आधार पर किया गया तथा अंतर किया गया।

व्याख्या एवं विश्लेषण :– उपरोक्त प्राप्तांकों के आधार पर छात्रों का मध्यमान =62.5 तथा छात्राओं का मध्यमान =54.5 रहा तथा इसी तरह छात्रों का डऊक्रमश : 7.2 एवं 7.00 है तथा SED =1.29 है।

गणना से प्राप्त **टी–मूल्य** परीक्षण का मान 6.80 है तथा वर्ष =118 पर 0.05 स्तर पर सारणीगत मान 1.96 तथा 0.01 स्तर पर सारणीगत मान 2.59 है जो कि गणना द्वारा प्राप्त मान से कम है। अत: इस स्तर पर हमारी परिकल्पना अस्वीकृत है। अत: दोनों समूह छात्र एवं छात्राओं के सामान्य पक्ष एवं शोध प्रक्रिया का उनके अभिवृत्ति में सार्थक अंतर पाया गया। इस तरह हमारी पहली परिकल्पना अस्वीकृत होती है। जिसका प्रमुख कारण सामाजिक, आर्थिक एवं बौद्धिक परिवेश है। इस तरह यह सिद्ध होता है कि एम. एड. के छात्रों में छात्राओं की तुलना में शोध अभिवृत्ति के प्रति अभिरूचि अधिक होती है।

शोध पत्र का शैक्षणिक महत्व – प्रस्तुत शोध पत्र भारतीय शिक्षा के क्षेत्र में नये आयामों एवं प्रतिमानों को स्थापित करने में सहायक होगी। क्योंकि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में शोध अभिवृत्ति की न्यूनता पायी जा रही है। जो विभिन्न शोधों के माध्यम से भी स्पष्ट होता है एवं इस शोधपत्र के निष्कर्ष में भी यह बात दृष्टिगोचर होती है।

1. प्रस्तुत शोध अध्ययन द्वारा शोध अभिवृत्ति का शैक्षिक महत्व इसलिए और अधिक बढ़ जाता है क्योंकि इससे शिक्षक प्रशिक्षकों को शोध के लिए प्रेरित किया जा सकता है। जिससे नवीन विषय तथा शैक्षिक समस्याओं के समाधान सरलता पूर्वक किया जा सकता है।
2. प्रस्तुत शोध अध्ययन में शोध अभिवृत्ति की शैक्षिक महत्व इसलिए भी है चूंकि इससे शिक्षक प्रशिक्षकों में शोध की गंभीरता व शोध के प्रति जागरूकता जागृत किया जा सकता है।
3. शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न शैक्षिक समस्याओं को खोजने व उनके समाधान के लिए शिक्षक प्रशिक्षकों को प्रेरित करना भी शोध अभिवृत्ति के शैक्षिक महत्व के अंतर्गत आता है।
4. प्रस्तुत शोध का महत्व वर्तमान शैक्षिक व्यवस्था व उसके परिणामों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि यदि शैक्षिक व्यवस्था में सुधार चाहिए तो उसके लिए शिक्षकों की अभिवृत्ति में सकारात्मक परिवर्तन लाना आवश्यक है। इसके लिए शिक्षक प्रशिक्षकों में शोध के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति का होना अवश्यम्भाव है इस तरह कहा जा सकता है कि शैक्षिक व्यवस्था के विकास के लिए शोध अभिवृत्ति का विशेष महत्व है।
5. शोध अभिवृत्ति का शैक्षिक महत्व इसलिए भी है कि इसके द्वारा शिक्षक प्रशिक्षकों को शोध के महत्व के बारे में जानकारी देने में सहायक होता है।
6. प्रस्तुत शोध अध्ययन द्वारा शिक्षक प्रशिक्षकों के शोध अभिवृत्ति को जानने में सहायक सिद्ध होगी।
7. प्रस्तुत लघु शोध प्रबंध के निष्कर्ष स्वरूप यह कहा जा सकता है कि इसके द्वारा शिक्षक प्रशिक्षकों में शोध के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति का विकास होगा। जिससे शैक्षिक समस्याओं के समाधान के नवीन मार्ग प्रशस्त होंगे।
8. प्रस्तुत लघु शोध प्रबंध शिक्षक प्रशिक्षकों में सकारात्मक शोध अभिवृत्ति के गुणों के पहचान में सहायक सिद्ध होगी तथा शोध अभिवृत्ति में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगी।
9. प्रस्तुत शोध अध्ययन शिक्षक प्रशिक्षकों में वैज्ञानिक अभिवृत्ति के विकास में सहायक होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Dr. Sood, Vishal; Attitude Scale towards Research: Mansvi, Agra
2. Sadia Shaukat ; 2014 "Postgraduate Students` Attitudes towards Rasearch'(Bulletin of Education and Research June, Vol. 36, No. 1 pp. 111-122
3. Swindoll, C. R. (2012). Quotable quotes. Retrieved from http://www.goodreads.com/ quotes/267482-the-longer-i-live-the-more-i-realize-theimpact,retrived on 02-07-2013.
4. Sridevi]K.V.; (2014) "Attitude of M.Ed. Student towards Research' www.aiaer.net> e-Journal Vol 20108.
5. Chack, Nancy Holin (2012) "Update and Validation of a Teachers Attitudes towards Education Research Scale' George Manson University.

परिकल्पना 1 – बिलासपुर जिले के एम. एड. के प्रशिक्षणार्थियों (छात्र–छात्राओं) के शोध अभिवृति में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा।

	N	मध्यमान	SD	SED	t-test	df	सार्थकत स्तर	निष्कर्ष
छात्र	60	57	9.32	0.4	1.41	118	0.05=1.96	स्वीकृत
छात्राएं	60	59.33	8.77				0.01=2.59	

परिकल्पना 2 – बिलासपुर जिले के एम. एड. के प्रशिक्षणार्थियों (छात्र–छात्राओं) के शोध के सामान्य पक्ष एवं शोध प्रक्रिया का उनके अभिवृति में सार्थक अंतर नही पाया जाएगा।

	N	मध्यमान	SD	SED	t-test	df	सार्थकत स्तर	निष्कर्ष
छात्र	60	62.5	7.2	1.29	6.20	118	0.05=1.96	अस्वीकृत
छात्राएँ	60	54.5	7.00				0.01=2.59	

****

जीवन कौशल शिक्षा – उद्देश्य एवं आवश्यकता

पूजा राघव *

प्रस्तावना – वर्तमान समय में शिक्षा का उद्देश्य बालक को उन सभी कौशलों का ज्ञान प्रदान करना है, जो कि एक कुशल नागरिक एवं सामाजिक सदस्य में होते हैं। अनेक अवसरों पर पढ़े–लिखे व्यक्तियों का आचरण इस प्रकार का होता है, जो कि सामाजिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं होता। वह समाज में गलत एवं असामाजिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं होता। वह समाज में गलत एवं असामाजिक व्यवहार करने लगता है। इस आधार पर ऐसे व्यक्तियों के लिए कहते हैं कि तुम **'पढ़े हो पर गुने नहीं हो'**। दूसरे शब्दों में ऐसे व्यक्तियों में जीवन कौशलों का विकास नहीं हो पाता। इस आधार पर उनका किताबी ज्ञान उनको एक प्रतिष्ठित नागरिक एवं सामाजिक सदस्य नहीं बना पाता। वर्तमान समय में इस तथ्य को ध्यान में रखकर शिक्षा का स्वरूप कौशल आधारित कर दिया गया।

कहने को तो शिक्षा को जीवन कौशल शिक्षा से जोड़ दिया गया है परन्तु क्या व्यक्ति व्यवहार से शिक्षित हो गया है? क्या कारण है कि युवा वर्ग हताश, तनाव व असफलता के तंत्रजाल में फंसता जा रहा है। क्या कारण है कि वह जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम नहीं हो पा रहा? सामान्य शब्दों में कहें तो वह योग्यता जो व्यक्ति को मानसिक रूप से सुदृढ़ एवं योग्य बनाने में सहायक होती है, जिससे वे जीवन की चुनौतियों का, वास्तविकताओं का सामना करने में सक्षम हो सके, जीवन कौशल कहलाती है अर्थात् ज्ञान, क्रिया, भावना में संतुलन के साथ जीवन की वास्तविक परिस्थितयों में ज्ञान का प्रयोग करने में समर्थ, संवेगात्मक रूप से स्थिर एंव क्रियाशील नई पीढ़ी का निर्माण करने वाली शिक्षा, जीवन कौशल शिक्षा है।

आज के अति–प्रतियोगिता के युग में चिन्तन कौशलों का निर्माण करने हेतु सूचना की पूर्ण आवश्यकता है। हांलाकि केवल ज्ञान होना इस बात को सुनिश्चित नहीं करता कि सूचना से परिपूर्ण एक व्यक्ति विवेकपूर्ण निर्णय लेने, समस्याओं को सुलझाने, दूसरों के साथ सम्बन्ध स्थापित करने और विवेकपूर्ण व प्रभावी ढंग से व्यवहार करने योग्य होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (W.H.O.,1994) के अनुसार जीवन कौशल, **'अनुकूलनात्मक और सकारात्मक व्यवहार के वे योग्यताएं हैं, जो व्यक्तियों को दैनिक जीवन की मांगों और चुनौतियों से प्रभावपूर्ण समायोजन करने योग्य बनाती है।'** जीवन कौशल ज्ञान, अभिव्यक्ति और मूल्यों को वास्तविक योग्यताओं में बदलने योग्य बनाती है। यूनीसेफ के अनुसार, **'जीवन कौशल केन्द्रीय योग्यताओं का एक संघ है, जिसे कभी–कभी भावात्मक बुद्धि के रूप में वर्णित किया गया है।'** इसमें मूलभूत कौशल जैसे– स्वजागरूकता, परानुभूति, प्रभावपूर्ण सम्प्रेषण, अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्ध संवेगो से निपटने व प्रतिबल का सामना करने की योग्यता विवेचनात्मक चिन्तन, सृजनात्मक चिन्तन, निर्णय लेना एवं समस्या–समाधान को सम्मिलित किया जाता है।

जीवन कौशल शिक्षा के अभाव में व्यक्ति अपनी विषम परिस्थितियों से उबरने में कठिनाईयों का अनुभव करता है। एक बालक को विद्यालय में सिखाया जाता है कि माता–पिता, गुरूजन व बड़ों का सम्मान करें, लैंगिक भेदभाव न करें, अपने व्यवहार में शालीनता लाए विषम परिस्थितियों में संयम बरतकर उसे सुलझाने की कोशिश करें। मानव, जीवन में कुशलता प्राप्त करने के बाद ही कुशल नागरिक बन पाता है। जीवन में कुशलता प्राप्त करने के लिए कौशलों की नींव रखने वाली मूल संस्थाए परिवार और विद्यालय हैं।

जीवन कौशल शिक्षा के उद्देश्य – जीवन कौशल की शिक्षा के मूल में छात्रों के विकास के अनेक उद्देश्य समाहित है। इनमें से प्रमुख उद्देश्य हैं–

1. सामाजिक विकास का पूर्ण सम्बन्ध जीवन कौशलों से होता है। विभिन्न प्रकार के जीवन कौशलों को सीखने के बाद छात्रों में सामाजिक गुणों का विकास सम्भव होता है तथा वे सामाजिक व्यवहार में निपुण हो जाते हैं।
2. जीवन कौशलों का ज्ञान कराने का मूल उद्देश्य छात्रों को प्रयोगात्मक कुशलता से परिचय कराना माना जाता है अर्थात् छात्रों को जीवन की परिस्थितियों में किस प्रकार मर्यादित व्यवहार करना चाहिए, यह सिखाया जाता है।
3. छात्रों में समायोजन की शक्ति को जीवन कौशल शिक्षा के माध्यम से विकसित किया जाता है, जिससे वे जीवन में समायोजित हो सके।
4. जीवन मूल्यों का विकास जीवन कौशलों के माध्यम से किया जा सकता है। इसके द्वारा छात्रों में सामाजिक मूल्य, आर्थिक मूल्य एवं राजनीतिक मूल्यों का विकास होता है, जिससे छात्र उक्त क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर लेता है।
5. छात्रों में जीवन कौशलों के विकास का मूल उद्देश्य संवेगात्मक स्थिरता लाना है, जिससे वह अपने जीवन में दूसरों के संवेगों को समझ सके तथा अपने संवेगों पर नियन्त्रण रख सके। इस प्रक्रिया से छात्रों का मानसिक विकास तीव्र गति से होता है।
6. छात्रों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखकर उनमें जीवन के लिए अनिवार्य सभी कौशलों का विकास किया जाता है।
7. जीवन कौशल की शिक्षा के अन्तर्गत आत्म–विश्वास की भावना का विकास किया जाता है क्योंकि आत्म–विश्वास के ज्ञान के अभाव में छात्रों द्वारा कोई भी कार्य उचित रूप में सम्पन्न नहीं किया जा सकता।

जीवन कौशल शिक्षा की आवश्यकता – जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए विभिन्न प्रकार के कौशलों की आवश्यकता होती है। जीवन कौशलों का अध्ययन कोई नया उपागम नहीं है। विश्वभर में विभिन्न जीवन

* व्याख्याता, दीपशिखा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, सीतापुरा, जयपुर (राज.) भारत

कौशलों का विकास किशोर बालकों के कार्यक्रमों का एक अभिन्न हिस्सा है। किशोरों की समाज विरोधी आक्रामक प्रवृत्तियों पर रोक लगाने हेतु सम्प्रेषण कौशल का प्रयोग किया गया है। विभिन्न विभेदकारी परियोजनाओं के बढ़ते अग्रसित कदम जो विभिन्न व्यवहारों और गुणवत्ताओं के माध्यम से सम्बोधित करते हैं, उनमें जीवन कौशल उपागम एक प्रभावी साधन के रूप में पहचाना गया है।

किशोर बालक अध्ययन के बाद अपने फैसले स्वंय लेने में सक्षम नहीं हो पाता। विद्यार्थी जीवन की सच्चाईयों व व्यवहारिकता से परिचित नहीं हो पाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुदान से देशव्यापी परियोजना के तहत विद्यालय स्तर पर **'जीवन कौशल शिक्षा'** लागू की जा रही है। राजस्थान देश का पहला राज्य है, जहाँ उच्च माध्यमिक स्तर पर अनिवार्य विषय के रूप में इसे लागू किया जा रहा है।

शिक्षा में इस प्रकार का बदलाव आवश्यक है कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए विद्यार्थीकाल में उसे विभिन्न कौशल ज्ञान से पारंगत किया जाए। शिक्षा प्रत्येक निर्माण के पीछे एक क्रियात्मक शक्ति है। जीवन कौशल शिक्षा के केन्द्र में शान्ति, सद्भाव तथा अंहिसा की शिक्षा से सामाजिक परिवर्तन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होगी। जीवन कौशल शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वंय को जानने, पहचानने का अवसर मिलेगा, जिससे वे जीवन की चुनौतियों को स्वीकार कर सकेगें तथा उनके सम्बन्ध में एक स्वस्थ समाज के निर्णय में अपनी भूमिका निभा सकेगें। भविष्य के प्रति एक सकरात्मक दृष्टिकोण के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान कर सकेगें।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. अरोड़ा, रीता: 2005 शिक्षा में नव चिन्तन, शिक्षा प्रकाशन, जयपुर
2. शर्मा, तिलक राज: 2003, जीवन शिक्षा, एच.पी.भार्गव बुक हाउस, आगरा
3. सिंह, एच.पी: 2015, समसामयिक भारत और शिक्षा, (NCTE) राधा प्रकाशन, आगरा

****

A Comparative Study Of 100 Meter Racers And 100 Meter Swimmers On The Basis Of Determination And Motivation

Dr. Gajender Singh Saroha * Ashish Kumar **

Abstract - Race and swimming are very popular across the world. Competition in both games is very high and increasing rapidly even at district level tournaments. Players need to be determined and motivated to perform well. A comparative study of 100 meter racers and 100 meter swimmers has been conducted on the basis of determination and motivation. 30 - 30 athletes from both games were selected and their level of determination and motivation was judged and compared. A structured questionnaire was used to judge the level of determination and motivation. Z test was used to judge the level of significance.
Key words -100 meter racers, 100 meter swimmers, determination, motivation.

Introduction - Determination and motivation are very essential for athletes. If the level of both is low among racer or swimmer their performance will be hampered. There are many physical, mental, psychological, social and behavioural aspects on which level of determination and motivation depends. 100 meter race and 100 meter swimming are the activities in which determination and motivation plays vital role so it was considered appropriate to compare the level of determination and motivation between 100 meter racers and 100 meter swimmers. It is always desirable to keep the level of determination and motivation at reasonably high level among 100 meter racers and swimmers.

Developing speed in any athlete is a challenge. Track coaches, strength and conditioning specialists and sport scientists have been contemplating how to provide the right amount of resistance without negatively affecting the sprint mechanics of a sprinter for years.

Objectives of research -

'हिमविद्धता के तलस्पर्शी, सर्वग्राही, नैसर्गिक अनुभव ने मुझे जिस जगह पहुँचा दिया था वहाँ से अपने को किसी दूसरी दिशा में मोड़ पाना स्वयं मेरे लिए संभव नहीं था। पर जब रचनाकर्मी मन एक सृष्टि पूरी कर लेता है तो उसे श्रम की प्रतीत, विश्राम की इच्छा तथा नयी संलग्नता की आकांक्षा तीनों एक साथ घेर लेती है। विराम चाहते हुए भी मिल नहीं पाता। मेरे लिए यह सोच पाना सम्भव नहीं था कि आंख और मन को अपने में डूबा लेने वाले बहुविध, सीमाहीन रंगरूपाकार बोध से मै अपने को कब कैसे अलग करपाऊँगा। कुछ ऐसा होगा जो मुझे उससे भी अधिक गहराई ओर तीव्रता से वरवस अपनी और प्रवृत्त कर लेगाँ इसकी तो कल्पना भी मुझे नहीं थी। मैं उसके लिए प्रस्तुत भी नहीं था पर जीवन में प्रत्याशित रूप से ही घटित नहीं होता। पग-पग पर छद्म रूप रखकर सामने आने वाली उसकी नाटकीयता न जाने कितनी विस्मयजनक स्थितियों का सृजन करकें हमं कहाँ से कहाँ ले आती है। लेकिन नयी मन: स्थिति में पहुँचकर और विश्रामित सृजनशीलता के पुन: जाग उठने के बाद जो कुछ मुझे अनुभूत हुआ वह पूर्वानुभव से भी असाधारण लगा।

उपर्युक्त विवेचन से सिद्ध होता है कि 'हिमविद्ध' काव्य-संकल प्रकृति की कविताओं से युक्त तो है किन्तु उसमें कवि अपने आस-पास को भी वाणी देने में समर्थ हुआ है। यह यथार्थ बोध भले ही कम कविताओं में व्यक्त हुआ हो, किन्तु यह तो कहा ही नहीं जा सकता की जगदीश गुप्त यथार्थ बोध से कतराकर निकल गए हैं। वास्तव में उनका रंग-बोध गहरा है, प्रकृति के प्रति उनकी गहरी संसिक्ति है किन्तु यथार्थ का बोध भी उन्हें है, इसकी सांकेतिक व्यंजना आलोच्य संग्रह की कविताओं में देखी जा सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. हरिचरण शर्मा पुनश्च पृष्ठ - 163
2. जगदीश गुप्त : 'हिमविद्ध' पृष्ठ - 26
3. जगदीश गुप्त : 'हिमविद्ध' पृष्ठ - 22

****

वैश्विक तापमान का बढ़ता खतरा : समस्या और समाधान

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद *

शोध सारांश – मानव अस्तित्व के ऊपर वर्तमान में जो खतरे मंडरा रहे है उनमें एक प्रमुख खतरा है– वैश्विक तापन। विकसित राष्ट्रों द्वारा ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन के कारण ओजोन परत का विनाश हुआ है। वनों की अन्धाधुन्ध कटाई के कारण ऑक्सीजन की कमी तथा कार्बन डाई–ऑक्साइड गैस की मात्रा में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त क्लोरोफ्लोरो कार्बन, मीथेन, हेलोन, नाइट्रस ऑक्साइड गैसों की मात्रा में भी वृद्धि हुई है। वैश्विक तापमान के कारण हिम क्षेत्र पिघल रहे है, जैव विविधता नष्ट हो रही है कृषि फसलों के उत्पादन पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा है तथा समुद्र तटीय द्वीपों के डूबने का खतरा मण्डरा रहा है। अत: विश्व पर्यावरण को ध्यान में रखकर ही हमें सतत् विकास करना चाहिये। जिससे आने वाली पीढ़ियों को इस विश्वव्यापी खतरे से बचाया जा सके।

शब्द कुंजी – जलवायु परिवर्तन, ग्रीन हाऊस गैस, ओजोन परत, हिमनद, जैव विविधता, समुद्री क्षेत्र, वन विनाश, जीव–जन्तु।

प्रस्तावना – आज विश्व में मानव जाति की प्रमुख समस्या तापमान व जलवायु परिवर्तन है वैश्विक तापमान इस बात का प्रतीक है कि हम लोग पृथ्वी के वायुमण्डल की वहन क्षमता से ज्यादा उस पर बोझ डाल रहे है। ग्रीन हाऊस गैस जो वातावरण में ताप को रोकती है, अप्रत्याशित दर से एकत्रित हो रही है। वर्तमान स्तर प्रति मिलियन कार्बन डाई ऑक्साइड इक्वीबैलेंट कनवर्ट के कर्नवट 380 पार्टस तक पहुँच गया है ऐसी उम्मीद की जा रही है कि 21वीं सदी के दौरान औसत ग्लोबल तापमान में 1.5^0 से.ग्रे. की वृद्धि होना सम्भव है। इन ग्रीन हाऊस गैसों के लिए विकसित राष्ट्रों को जिम्मेदार माना गया है अत: उसमें कमी लाने का दायित्व भी उन्हीं पर डाला गया है। जिसका पालन उन्हीं को करना है। यदि पुराने वनों की सुरक्षा नहीं की गयी तो विश्व स्तर पर ये 2030 तक इन वनों का प्रतिशत केवल 10 प्रतिशत तक ही शेष रह जायेगा। जिसके कारण जैव–विविधता प्रभावित होगी तथा विश्व जलवायु में परिवर्तन होगा।

वैश्विक तापमान का अर्थ – वायुमण्डल में उपस्थित कार्बन–डाई ऑक्साइड गैस पृथ्वी के तापमान को बढ़ाने वाली प्रमुख गैस है, इसके अलावा मीथेन, क्लोरोफ्लोरो कार्बन, नाइट्रस ऑक्साइड, हेलोन आदि गैसों की भूमण्डलीय तापमान वृद्धि में भूमिका होती है, ये गैसें दीर्घ तरंगी पार्थिव विकिरण को वायुमण्डल से बाहर जाने से रोक लेती हैं। परिणामस्वरूप तापमान बढ़ने से ताप संतुलन बिगड़ जाता है। भू–भण्डलीय तापमान में इस वृद्धि को ही वैज्ञानिक शब्दावली में वैश्विक तापमान कहा जाता है।

भू–मण्डल के निरन्तर बढ़ते हुए तापमान को 'ग्लोबल वार्मिंग' या वैश्विक ऊष्णता कहा जाता है, वैश्विक तापमान वर्तमान समय की प्रमुख विश्वव्यापी पर्यावरणीय समस्या है। सौर्य विकीर्ण ऊर्जा का लगभग 51 प्रतिशत भाग लघु तरंगों के रूप में वायुमण्डल को पार कर पृथ्वी के धरातल पर पहुँचता है, पृथ्वी का वायुमण्डल लघुतंरग सौर्यिक विकिरण के लिए पारगम्य होता है अत: सौर्य विकिरण बिना किसी रूकावट के धरातल पर पहुँचता है, लघु तरंगे पृथ्वी से टकराकर ऊष्मा में परिवर्तित हो जाती है। यह ऊष्मा दीर्घ तरंगी पार्थिव विकिरण द्वारा पुन: वायुमण्डल में वापस लौट जाती हैं, जिससे पृथ्वी का ताप संतुलन बना रहता है। किन्तु वायुमण्डल में उपस्थित कुछ गैंसे ऊष्मा की दीर्घ तरंगों को अवशोशित कर लेती हैं, तथा ऊष्मा की दीर्घ तरंगों को वायुमण्डल से बाहर जाने से रोक देती हैं, पार्थिव विकिरण अवरूद्ध हो जाने से पृथ्वी के धरातल का तापमान सामान्य (18^0C) से अधिक हो जाता है। ऐसी अवस्था में वायुमण्डल ग्रीन हाउस के शीषे की भाँति कार्य करता है। शीशा लघु प्रकाश तरंगों के लिए पारदर्शी तथा दीर्घ तरंगों के लिए अपारदर्शी होता है। अत: सूर्य से आने वाली लघु प्रकाश तरंगे काँच को पार कर काँचघर के वातावरण को गर्म करती हैं। भीतर प्रवेश कर चुकी ऊष्मा जब दीर्घ तरंगों के रूप में बाहर निकलने को बढ़ती हैं तो काँच की दीवारें उन्हें बाहर निकलने से रोक देती हैं, जिससे काँच घर के भीतर के तापमान में अपेक्षाकृत वृद्धि हो जाती है। ठीक उसी प्रकार वायुमण्डलीय गैसें लघु तरंग विकीर्ण के लिए पारदर्शी होती हैं किन्तु दीर्घ तरंग विकीर्ण के लिए अपारदर्शी होती हैं। अत: सौर्य विकीर्ण ऊर्जा लघु तरंग के रूप में वायुमण्डल को पार कर भू–तल तक पहुँचा देती है। जिससे पृथ्वी के तापमान में वृद्धि हो जाती है, इसे हरित ग्रह प्रभाव कहा जाता है।

वैश्विक तापमान के कारण – पृथ्वी के तापमान में हो रही वृद्धि के लिए निम्न कारण उत्तरदायी हैं–

1. **ओजोन परत में छिद्रीकरण–** ओजोन परत में छिद्रीकरण से तात्पर्य वायुमण्डल की ओजोन परत में ओजोन नामक विशिष्ट गैस की कमी हो जाने से है। ओजोन एक त्रि–परमाण्विक गैस है। जिसमें ऑक्सीजन के तीन परमाणु (O_3) होते हैं। ओजोन (O_3) वायुमण्डल में धरातल से 20 से 35 कि.मी. में उँचाई तक सर्वाधिक (0.02–0.3 ppm) पाई जाती है। इसी भाग को ओजोन परत कहा जाता है जो समताप मण्डल का ही एक भाग माना जाता है। यह परत सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैगनी किरणों (30 mm से कम तरंगदैर्ध्य वाली किरणें) को पृथ्वी के वायुमण्डल में आने से रोककर सुरक्षा कवच की तरह कार्य करती हैं, किन्तु विगत कुछ दशकों से मानवीय क्रियाकलापों द्वारा उत्सर्जित हानिकारक रसायनों यथा– क्लोरोफ्लोरोकार्बन, नाइट्रेट ऑक्साइड, कार्बन टेट्रा क्लोराइड, क्लोरोफॉर्म और क्लोरीन इत्यादि के कारण ओजोन के विनाश से ओजोन परत पतली होती जा रही है, जिसे ओजोन छिद्रीकरण कहते हैं। ओजोन छिद्रीकरण को

* व्याख्याता (भूगोल) बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर (राज.) भारत

वैश्विक तापमान का मुख्य कारण माना जाता है। ओजोन परत में छिद्रीकरण मुख्यत: अंटार्कटिका क्षेत्र पर सबसे ज्यादा माना जा रहा है, इसी कारण अंटार्कटिका महाद्वीप पर तापमान में वृद्धि के कारण बर्फ की चादर पिघलती जा रही है तथा आइसबर्ग टूटकर समुद्र में खिसक रहे हैं। इस प्रकार ओजोन परत के क्षरण से हानिकारक पराबैंगनी किरणें सीधे पृथ्वी के धरातल पर पहुँचेंगी, परिणामस्वरूप तापमान में वृद्धि होने के अलावा त्वचा कैंसर, मोतियाबिन्द आदि रोगों में वृद्धि होगी, मानव के प्रतिरक्षा- तंत्र पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, फसलोत्पादन एवं वनों का क्षेत्रफल घट जाएगा।

2. निर्वनीकरण – उष्णकटिबन्धीय क्षेत्रों में वनों की अंधाधुंध एवं अविवेकपूर्ण कटाई को भी वैश्विक तापमान का कारण माना जाता है, जनसंख्या में तीव्र वृद्धि के साथ वनों की अंधाधुंध कटाई ने विकट पर्यावरणीय समस्या उत्पन्न कर दी हैं, आवास एवं कृषि योग्य भूमि में विस्तार के कारण 20वीं शताब्दी में उष्णकटिबन्धीय वनों में तीव्र गति से ह्रास हुआ है। भारत में प्रतिवर्ष अनुमानत: 17 लाख हैक्टेयर वनों की कटाई हो रही है। सन् 1980-90 के मध्य एशिया में निर्वनीकरण की दर 1.2 प्रतिशत, अमरीका में 0.8 प्रतिशत तथा अफ्रीका में 0.7 प्रतिशत थी, वन CO_2 काअवशोषण एवं मानव के लिए जीवनदायी O_2 गैसकाउत्सर्जन करते हैं, निर्वनीकरण द्वारा वानस्पतिक आवरण में आ रही कमी के कारण वनस्पति द्वारा CO_2 का पर्याप्त अवशोषण नहीं हो पा रहा है, परिणामस्वरूप वायुमण्डल में CO_2 की सान्द्रता बढ़ती जा रही है जिस कारण पृथ्वी के सतह का तापमान बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में वनों के कटाव की दर 2.23 प्रतिशत प्रतिवर्ष है।

3. ग्रीन हाउस गैसों में वृद्धि – वैश्विक तापमान के लिए मुख्यत: कार्बन-डाई-ऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरो-फ्लोरोकार्बन, हेलोन इत्यादि गैंसे उत्तरदायी हैं। इन गैसों का सान्द्रण वायुमण्डल में निरन्तर बढ़ता जा रहा हैं। ये गैसें वायुमण्डल में ग्रीन हाउस प्रभाव उत्पन्न करती हैं। परिणामस्वरूप पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है।

1. कार्बन डाईऑक्साइड (CO_2)वैश्विक तापमान-के लिए मुख्य उत्तरदायी गैस CO_2 है, वायुमण्डल में इस गैंस का मुख्य स्रोत है- जीवोश्म ईंधन का जलना, इसके अलावा प्राणियों के श्वसन क्रिया, ज्वालामुखी उद्गार, वनस्पति के सड़ने-गलने से भी CO_2 वायुमण्डल में पहुँचती है, एक अनुमान के अनुसार 1750-2000 की अवधि में वायुमण्डल में CO_2 की सांद्रता में 34 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो पिछले 420000 वर्षों में सर्वाधिक है। पिछले 20 वर्षों की अवधि में लगभग 75 प्रतिशत CO_2 का उत्सर्जन जैविक ईंधन के जलाने से हुआ है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार पृथ्वी के तापमान में वृद्धि करने में CO_2 का योगदान लगभग 60 प्रतिशत है।

2. क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFC) क्लोरोफ्लोरोकार्बन 20वीं शताब्दी की देन है। इसका निर्माण रासायनिक अभिक्रिया द्वारा होता है। ये पदार्थ वायुमण्डल की ओजोन परत को नुकसान पहुँचाते हैं। सी.एफ.सी का प्रयोग रेफ्रिजरेटरों, ऐरोसोल एयर कंडीशनरों, फोम-रेग्जीन बनाने, स्प्रे आदि में होता है। वैश्विक तापमान में इसका योगदान 24 प्रतिशत है। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के अनुसार विश्व के देशों में (CFC) के हानिकारक प्रभावों से बचने के लिए इसके स्थान पर HCFC (हाइड्रो-क्लोरोफ्लोरोकार्बन) का प्रयोग करने का निर्णय लिया था। HCFC की सक्रियता अवधि (15 वर्ष) यद्यपि CFC से बहुत कम है, किन्तु दोनों की रेडियोएक्टिव शक्ति में कोई विशेष अन्तर नहीं है।

3. मीथेन (CH_4)-मीथेन गैस कार्बन व हाइड्रोजन के संयोग से बनती है। वायुमण्डल में इसकी मात्रा .0002 प्रतिशत है। मीथेन के मुख्य स्रोत धान की खेती, पशुपालन, प्राकृतिक दलदली भूमियाँ, कोयला खनन, जैविक पदार्थों का जलन आदि है। वायुमण्डल में मीथेन गैस की सान्द्रता में 1750-2000 की अवधि में 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह गैस अपनी विकिरणशीलता के कारण CO_2 से 20 गुना अधिक ग्रीन हाउस प्रभाव उत्पन्न करती है। ग्रीन हाउस प्रभाव उत्पन्न करने में मीथेन का योगदान 10 प्रतिशत है, इस गैस का जीवनकाल 11 वर्ष माना जाता है। विभिन्न स्रोतों से प्रतिवर्ष लगभग 52.5 करोड़ टन मीथेन वायुमण्डल में पहुँचती है।

4. नाइट्रस ऑक्साइड-यह गैस मुख्यत: नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों के प्रयोग जैविक पदार्थों तथा जीवाश्म ईंधन के जलाने से उत्पन्न होती है। 1750-2000 की अवधि में इस गैस की सान्द्रता में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वायुमण्डल में इस गैस की मात्रा बहुत कम है, किन्तु ग्रीन हाउस प्रभाव की दृष्टि से यह गैस CO_2 से 320 गुना अधिक खतरनाक है। ग्रीन हाउस प्रभाव उत्पन्न करने में इस गैस का योगदान 6 प्रतिशत है तथा वायुमण्डल में इसका जीवनकाल 150 वर्ष का माना जाता है।

5. हेलोन- हेलोन ग्रीन हाउस प्रभाव में वृद्धि करने वाला एक रेडियोधर्मी तत्व है। हेलोन- 1301 तथा हेलोन- 1211 का उपयोग अग्निशमन उपकरणों एवं वायुयानों में किया जाता है। यह ओजोन परत को भी नुकसान पहुँचाता है। हेलोन- 1301 की रेडियोएक्टिवता CO_2 से 16000 गुना अधिक है।

वैश्विक तापमान का प्रभाव – वैश्विक तापमान वर्तमान शताब्दी की सबसे विकट पर्यावरणीय समस्या है। अभी हाल ही में 3 फरवरी, 2007 में I.P.C.C द्वारा जारी की गई विश्वसनीय रिपोर्ट में ग्लोबल वार्मिंग के कारण उत्पन्न भयानक परिणामों की ओर संकेत किया गया है इसके कारण पृथ्वी के वातावरण पर निम्न प्रभाव पड़ सकते हैं-

1. वैश्विक उष्णता के कारण जमीन की उर्वरता घटने की आशंका है। परिणामस्वरूप फसलोत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पृथ्वी के कई हिस्सों में एक ही मौसम दीर्घकाल तक बना रहेगा। सर्दी है तो सर्दी रहेगी, गर्मी है तो गर्मी रहेगी। लगातार गर्मी से फसलों को गर्मी नमी नहीं मिलेगी तो सर्दी के कारण फसलों को गर्मी नहीं मिलेगी। वैश्विक उष्णता का प्रभाव गेंहूँ, चावल, मक्का, आलू आदि पर अधिक पड़ेगा। तापमान में वृद्धि के कारण भारत में गेहूँ, चावल के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, संक्षेप में धरती बंजर होती जाएगी।
2. पृथ्वी के बढ़ते तापमान के कारण जैव-विविधता के नष्ट हो जाने की आशंका हैं। कई जीव-जन्तु और वनस्पतियाँ जलवायु में परिवर्तन के कारण विलुप्त हो जाएगी। सूखा एवं आग लगने से वनों को अत्यधिक हानि होगी, कई जीव-जन्तु भी नष्ट होंगे।
3. तापमान में बढ़ोतरी और असामान्य परिवर्तन के कारण विश्व की प्रसिद्ध प्रवाल भित्तियाँ कुछ दशकों में नष्ट हो जाएगी। ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी-पूर्वी भाग में समुद्र तट के समीप 345000 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में फैली प्रवाल भित्तियों के एक दिन पूर्णत: नष्ट होने की आशंका है, जो करोड़ों समुद्री जीवों को संरक्षण प्रदान करती हैं।
4. वैश्विक उष्णता के कारण ध्रुवीय क्षेत्रों तथा पर्वतीय हिमनदों के पिघलने से समुद्री जलस्तर के ऊपर उठने की आशंका है। I.P.C.C की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 21वीं सदी के अंत में समुद्री जलस्तर में 18 से 58 सेंमी तक वृद्धि होने की आशंका है। परिणामस्वरूप तटीय क्षेत्रों का जलमग्न होना बड़ी संख्या में जनसंख्या का विस्थापन होगा। एक अनुमान के अनुसार 20वीं शताब्दी में समुद्री जलस्तर में

अनुमानित 0.1 से 0.2 मी की वृद्धि हुई है।

5. समुद्री जलस्तर में वृद्धि के कारण विश्व के लगभग 27 देश एवं कई द्वीप प्रभावित होगे मुख्यत: प्रभावित होने वाले देश बांग्लादेश, मिश्र, थाईलैण्ड, चीन और इण्डोनेशिया हैं। भारत का तटीय क्षेत्र भी प्रभावित होगा, जो अत्यंत उपजाऊ एवं सघन जनसंख्या घनत्व वाला क्षेत्र है। समुद्री जलस्तर में वृद्धि के कारण मालदीव के 9 द्वीप तथा प्रशान्त महासागर का किकीबाटी द्वीप डूब चुके हैं, जबकि कई द्वीप डूबने की कगार पर हैं।
6. तापमान वृद्धि का बुरा प्रभाव समुद्री जीवों पर भी पड़ेगा। उत्तरी एवं दक्षिणी ध्रुवों पर रहने वाले सील, पेंग्विन, हवेल आदि समुद्री जीवों के नष्ट हो जाने की आशंका है। इनके अलावा करोड़ों समुद्री जीवों एवं मछलियों का जीवन प्रभावित होगा।
7. वैश्विक तापमान के कारण कई प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप बढ़ेगा। तापमान में वृद्धि के कारण मौसम में लगातार अभूतपूर्व परिवर्तन हो रहे हैं। परिणामस्वरूप अनावृष्टि, अकाल, लू और गर्म हवाओं का प्रकोप बढ़ने की सम्भावना है।
8. एक अरब दस करोड़ लोगों को पीने के लिए पानी नसीब नहीं होगा तथा 20 करोड़ से 60 करोड़ लोगों को अनाज उपलब्ध नहीं होगा, पेयजल और खाद्यान्न संकट पृथ्वी के बढ़ते तापमान का ही परिणाम होगा। यह मानवता के लिए भयानक मंजर का संकेत है।
9. तापमान में वृद्धि के कारण पर्वतीय हिमनद निरन्तर पिघलते जा रहे हैं। जिन नदियों का उद्गम स्रोत पर्वतीय हिमनद हैं, उनमें भयंकर बाढ़ आने की आशंका है तथा उनके नष्ट हो जाने से नियतवाही नदियों के सूखने का अंदेशा है। हिमालय क्षेत्र में कई हिमनद सिकुड़ते जा रहे हैं। इसके अलावा मौसम में बदलाव के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में कम बर्फबारी के कारण भी हिमक्षेत्र के संकुचित होने की आशंका है।

वैश्विक तापमान को नियंत्रित करने के उपाय:

1. कृषि उत्पादन में प्रयुक्त रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का सीमित उपयोग तथा जैविक खाद के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देना।
2. उद्योगों एवं स्वचालित वाहनों में ऐसे परिष्कृत उपकरणों को लगाया जाय, जिससे प्रदूषित गैसों का उत्सर्जन कम-से-कम हो तथा वायुमण्डल में छोड़ने से पूर्व उनका परिष्कार करना।
3. ग्रीन हाउस गैसों का सबसे अधिक उत्सर्जन करने वाले विकसित देशों को मानव जाति के हित में इन गैसों के उत्सर्जन में कटौती करनी चाहिए तथा पर्यावरण की सुरक्षा हेतु उचित उपाय करने चाहिए।
4. पर्यावरण प्रदूषण रोकने तथा ग्रीन हाउस गैसों के उत्पादन पर रोक लगाने वाले अंतर्राष्ट्रीय कानूनों एवं संधियों का कठोरतापूर्ण पालन तथा इनका उल्लंघन करने वाले देशों के विरूद्ध कड़े प्रतिबन्ध लगाने चाहिए।
5. पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु जन-सहभागिता कार्यक्रमों को संचालित करना।
6. वैश्विक तापमान के लिए मुख्य उत्तरदायी गैस उज2की मात्रा में कमी लाने के लिए जीवाश्म ईधन के दहन में कमी लानी होगी। इसके स्थान पर वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का अधिकाधिक प्रयोग किया जाना चाहिए।
7. वनों के अंधाधुंध कटाई पर रोक तथा वृक्षारोपण द्वारा वन क्षेत्र में विस्तार करना।
8. जनसंख्या की तीव्र वृद्धि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाना चाहिए। क्योंकि वैश्विक तापमान के लिए मानव के क्रियाकलापों को सबसे प्रमुख कारण माना है।
9. प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग तथा वैकल्पिक स्रोत का विकास करना।
10. क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFC) जैसे मानव जनित घातक रसायनों के उत्पादन को सीमित करना तथा उनके नवीन एवं कम हानिकारक विकल्प ढूँढ़ना।

निष्कर्ष - वैश्विक तापन आज विश्व की प्रमुख समस्या है। इसके कारण मानव, कृषि, जैव विविधता, पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहे है। संसाधनों के विदोहन के साथ-साथ हमें सतत् विकास पर ध्यान देना होगा। तथा मानव जाति पर आये संकट के लिए उत्तरदायी कारकों को पहचान कर उनका समाधान करना होगा। जिससे इस पृथ्वी, वायुमण्डल व पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। जैव-जगत को ध्यान में रखकर विकास करना अतिआवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिंह सविन्द्र (2000), 'पर्यावरण भूगोल', प्रयाग पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
2. घोरपड़े, अभिजित, 'ग्लोबल वार्मिंग', राजहंस प्रकाशन, दिल्ली।
3. चौहान पी.आर (2003), 'भारत का वृहद् भूगोल', वसुन्धरा प्रकाशन, गोरखपुर।
4. शर्मा, श्यामसुन्दर, 'ग्लेशियर', शिलालेख प्रकाशन, नई दिल्ली।
5. शर्मा दामोदर, व्यास हरिशचन्द्र (2007), 'आधुनिक जीवन और पर्यावरण',प्रभात प्रकाशन, दिल्ली।
6. वेव साइड-ग्लोबल इनवारमेन्टल मोनिटरिंग सिस्टम।

****

भारत में राज्यपाल पद की गरिमा पर प्रश्नचिह्न : समस्या और निदान

डॉ. भरत लाल मीणा *

प्रस्तावना – लोकतांत्रिक संस्थाओं के ह्रास के चलते आज भारत संस्थागत संकट के दौर से गुजर रहा है। यह नेतृत्व एवं चरित्र का संकट तो है ही, साथ में भारतीय समाज और लोकतांत्रिक व्यवस्था की विसंगतियों का भी संकट है। संकट के दौर से गुजर रही विभिन्न संस्थाओं में से एक राज्यपाल का पद भी है। राज्यपाल का पद अब बख्शीश के रुप में दिया जाने लगा है। केन्द्र दल के हित में कार्य भी कराती है । परिणामत: इस पद के चारों तरफ स्वार्थी तत्वों की भीड़ भी इकट्ठी होने लगी है। इससे इस सांवैधानिक पद की गरिमा को आघात पहुँचा है। इस पर कई प्रश्नचिह्न लग गये है। ऐसा नहीं है कि राज्यपाल पद की गरिमा या इसका प्रभाव केवल व्यक्तिगत कारणों से कम हुआ है। स्वयं केन्द्र सरकार ने, चाहे वह कांग्रेस की, जनता दल की, संयुक्त मोर्चे की या भाजपा की रही हो, सबने अपनी दलगत जरूरतों के अनुसार राज्यपालों का उपयोग किया है। जब जहाँ जैसे चाहा, राज्य की कानून व व्यवस्था की स्थिति के बारे में रिपोर्ट मँगवा ली गयी ताकि उस राज्य की सरकार को अपदस्थ कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया जा सके। अब ऐसी स्थिति में आज यह माँग की जा रही है कि क्यों न संविधान आयोग का गठन कर भारतीय संविधान की पुनर्विवेचना एवं पुनर्संरचना की जाये और राज्यपाल का पद समाप्त किया जाये?[1]

संविधान की पुनर्संरचना का मुद्दा उठाते समय हमें सबसे पहले इस बात पर गौर करना होगा कि वर्तमान में हमारे संविधान का औचित्य क्या है ? क्या संविधान के उन भागो को अलग करना अच्छा नहीं होगा जो अस्पष्ट हैं और जो समय के साथ अनावश्यक साबित हो रहे है ? क्या छोटे-मोटे संशोधनों से संविधान को पुनर्संरचना से बचाया नहीं जा सकता हैं ?

किसी भी सांविधान की सफलता या उपयोगिता तभी सिद्ध होती है, जब वह समय सापेक्ष हो और समाज को सतत् उच्चता के रास्ते पर आगे बढ़ाये एवं एक अच्छे समाज की स्थापना करे। परिवर्तन प्रकृति का नियम है। इस आधार पर राज्यपाल पद में कुछ आवश्यक संशोधन किए जायें क्योंकि राज्यपाल राज्य की कार्यपालिका का प्रधान होता है। राज्यों में राज्यपाल का लगभग वही स्थान है जो केन्द्र में राष्ट्रपति का है।[2]

भारतीय संघ में केन्द्र की तरह राज्यों की शासन व्यवस्था भी संसदीय है। राज्यों का शासन राज्यपाल द्वारा एक लोकप्रिय तथा उत्तरदायी मंत्रिपरिषद् की सहायता से चलाता जाता है। श्री के.एम. मुंशी के अनुसार, 'राज्यपाल राज्य में केन्द्र का पहरेदार तथा सांवैधानिक सम्पत्ति का रखवाला और राज्य को केन्द्र से जोड़ने वाला-देश की एकता का कर्णधार है।' भारतीय संविधान के अनुच्छेद 153 के अंतर्गत प्रत्येक राज्य के लिए एक राज्यपाल की व्यवस्था है। साथ ही दो या दो से अधिक राज्यों के लिए भी एक ही राज्यपाल हो सकता है जो राज्य की शासन प्रणाली का सांवैधानिक अध्यक्ष होता है। राज्य की कार्यपालिका शक्ति राज्यपाल में निहित होती है तथा राज्य की समस्त कार्यवाहियाँ उसी के नाम से की जाती है। वह केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि अथवा दूत की भूमिका अदा करता है। साथ ही अनेक मामलों में वह राज्य ओर केन्द्र के बीच जोड़ने वाली कड़ी का काम करता है। संक्षेप में इस पद की गरिमा का ह्रास हुआ है प्राय: राजनीतिज्ञों को राज्यपाल नियुक्त किया जाता है और ये राजनीतिज्ञ राज्यपाल बनने के बाद भी अपनी दलीय राजनीति से ऊपर नहीं उठ पाते तथा जाने-अनजाने भारतीय संविधान और संसदीय प्रणाली का समय-समय पर मखौल उड़ाते रहते हैं। ऐसे लोग संविधान के क्रियान्वयन में गरिमा एवं सहज न्याय को स्थापित करने के पक्षधर थे।[3]

सन् 1967 के पहले तक केन्द्र और राज्यों में एक ही दल की सरकारों के गठन के कारण सब कुछ अच्छा चलता रहा, लेकिन उसके बाद केन्द्र और राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकारें बनने लगीं और उसके बाद से विवादों ने राज्यपाल पद को अपने घेरे में लेना शुरु कर दिया, जो वास्तव में संविधान निर्माताओं द्वारा लम्बी बहस के बाद केन्द्र और राज्यों के बीच सहज एवं मधुर संबंधों के लिए निर्धारित किए गये थे।[4]

संविधान सभा में राज्यपाल की भूमिका पर हुई बहस में एक सवाल का जवाब देते हुए श्री बी.जी. खरे ने कहा था कि-राज्यपाल को बहुत कम अधिकार दिए गए हैं लेकिन मैं इस टिप्पणी से सहमत नही हूँ कि वह सिर्फ और न कुछ बुरा कर सकता है, लेकिन राज्यपाल बहुत कुछ अच्छा या बुरा कर सकता है। यह सिर्फ इस बात पर निर्भर करता है कि वह कैसा राज्यपाल है जो संविधान हम बनाने जा रहे हैं, उसके अपने थोड़े अधिकारों के बावजूद, वह कई किस्म की अच्छी बातें करने में सक्षम होगा। इसलिए ड्राफ्ट कांस्टीट्यूशन में यहाँ तक व्यवस्था की गई थी कि राज्य विधानसभा जरूरत समझे तों अपने राज्यपाल पर महाभियोग भी चला सके, लेकिन वह आदर्श के प्रयोग का अधिकार दिया जायेगा वह अनैतिक या असंवैधानिक व्यवहार नहीं करेगें। वे जो भी करेंगे प्रदेश और वहाँ की जनता के भले के लिए ही करेंगे। इसलिए यह प्रावधान हटा दिया गया और उसके विपरीत राज्यपाल के लिए धारा 356 को अंग्रेजों के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 से यथावत उठाया गया। उस समय नवोदित स्वतंत्र भारत की आवश्यकतायें दूसरी थीं, इसलिए इसके पीछे संविधान निर्माताओं का चाहे जो भी इरादा रहा हो, लेकिन कम से कम आज उसके नतीजे निकलते दिखाई नहीं दे रहे हैं।[5]

अब तो राज्यपाल का पद केन्द्र सरकार के हाथों में एक राजनैतिक

* व्याख्याता (राजनीति विज्ञान) एल.बी.एस. राजकीय महाविद्यालय, कोटपूतली (राज.) भारत

हथियार बन गया है। इस हथियार का प्रयोग प्राय: अपने से अलग दलों की राज्य सरकारों के खिलाफ किया जाता है। यदि यह कहा जाये तो गलत नही होगा कि अब राज्यपालों की नियुक्ति में संविधान की व्यवस्था और मर्यादा की रक्षा का भाव उतना प्रबल नहीं रह गया है जितना कि राजनीतिक दाव-पेच का। कुछ राज्यपाल ऐसे बनाये गये हैं या बनाये जाते है जो राज्य में जाकर विपक्ष की सरकार को अस्थिर कर सकें। कभी-कभी सत्ता संतुलन और दल विशेष में राजनीतिक प्रतिद्धंद्धिता को समाप्त करने के लिए भी राज्यपालों की नियुक्ति की जाती है। इतना ही नही, पराजित नेताओं और सेवानिवृत अधिकारियों के लिए भी एक आश्रय स्थल बन गया है। ऐसे व्यक्ति जब राज्यपाल बनकर राजभवन पहुँचते है तो वे या तो राजभवन को स्थानीय राजनीति का अखाड़ा बना देते हैं या राजभवन में बैठकर दूसरे राज्यों की राजनीति करने लगते है। ऐसे राज्यपाल यह भूल जाते हैं कि उनके पद की मर्यादा और गरिमा क्या है ? इसीलिए ऐसे राज्यपालों पर स्थानीय राजनीति में सक्रिय होने, केन्द्र सरकार के इशारे पर काम करने तथा राज्य सरकार के काम-काज में अनावश्यक हस्तक्षेप करने का आरोप लगता रहा है।[6]

मार्च 1967 में राजस्थान के राज्यपाल डॉ. संपूर्णानंद ने कांग्रेस के श्री मोहनलाल सुखाड़िया को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया और जब श्री सुखाड़िया विधानसभा में बहुमत सिद्ध नहीं कर सकें तो राज्यपाल ने राज्य में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश कर दी। उन्होनें विपक्ष को सरकार बनाने का अवसर ही नहीं दिया जबकि विपक्ष ने राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने के लिए बहुमत सिद्ध करने का आश्वासन दिया था। इस तरह के अपने उदाहरण है जब राज्यपाल ने सांवैधानिक व्यवस्थाओं को ताक पर रखकर अविवेकपूर्ण निर्णय लिए। जैसे 1967 में हरियाणा, 1970 में बिहार, 1976 में तमिलनाड़ु और उड़ीसा 1984 में आंध्रप्रदेश गुजरात और 1998 में उत्तरप्रदेश आदि राज्यों में राज्यपाल और केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के यह कृत्य सांवैधानिक प्रावधानों एवं कानूनी स्थिति के सर्वथा विपरीत रहे।[7]

राज्यपाल पद को अविवादास्पद बनाने के लिए विभिन्न आयोगों ने सार्थक सुझाव दिये हैं। इस दिशा में राजमन्नार समिति, सहाय समिति आदि ने राज्यपाल की कार्यशैली के बारे में अनेक सुझाव दिये।[8] इस संदर्भ में केन्द्र राज्य संबंधों पर विचार करने वाले सरकारिया आयोग ने भी राज्यपाल की भूमिका को सार्थक और अविवादास्पद बनाने के संबंध में अनेक सार्थक और उपयोगी सुझाव दिये हैं। लेकिन राज्यपालों को कोई दिशा-निर्देश जारी नही किये गये हैं। इस दिशा में निम्नांकित कतिपय सुझाव दिये जा सकते है:

1. राज्यपाल पद पर सक्रिय राजनीतिज्ञों की नियुक्ति नही की जानी चाहिए। नियुक्ति का आधार योग्यता होना चाहिए। अत: इस पद पर सार्वजनिक जीवन में विशिष्टता रखने वाले लोगों को ही नियुक्त किया जाना चाहिए।
2. राज्यपालों की इच्छा के विरूद्ध स्थानांतरण नहीं किये जाने चाहिए। अनेक बार स्थानांतरण की आड़ में केन्द्र सरकार दबाव की राजनीति का सहारा लेती है और इसके विरोध में राज्यपाल पद त्याग तक कर देते है।
3. केन्द्र में सरकार के परिवर्तन मात्र से ही राज्यपाल को हटाये जाने या बर्खास्त करने की अनुचित परम्परा को स्थान नहीं दिया जाना चाहिए। इससे राज्यपालों में असुरक्षा की भावन का विकास होता है और गलत परम्परा का सूत्रपात होता है।
4. अगर दल बदल का दलीय विद्रोह के कारण कोई मुख्यमंत्री अल्पमत मे रह जाये तो इसका निर्णय राजभवन में करने के स्थान पर स्पष्ट रूप से विधानसभा में किया जाना चाहिए।
5. राज्यपाल को अपने राजभवन को सत्तारूढ़ दल के नेताओं का अखाड़ा कदापि नहीं बनने देना चाहिए।
6. राज्यपाल को शैक्षणिक जगत् में सुधार कर जनता के जीवन स्तर को उन्नत बनाने का प्रयास करना चाहिए। भ्रष्टाचार और लालफीताशाही को रोकने की दिशा में सतत् रुप से प्रयत्नशील रहना चाहिए।
7. राज्यपाल को सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के नेताओं के साथ समान व्यवहार करके अपने व्यतिव से प्रतिष्ठा अर्जित करनी चाहिए अर्थात् न्यायप्रिय होना चाहिए तथा राज्यपाल को सादा जीवन का आदर्श जनता के सामने प्रस्तुत करना चाहिए।

अत: निष्कर्ष के रुप में यही कहा जा सकता है कि राज्यपाल की राज्य के सांवैधानिक अध्यक्ष और केन्द्र के अभिकर्ता के रूप में दोहरी भूमिका है। वह अपनी इस दोहरी भूमिका में संतुलन स्थापित करके ही अपने पद को सार्थकता प्रदान कर सकता है। भारत की संघात्मक व्यवस्था में राज्यपाल पद की उपयोगिता है। इसे समाप्त नहीं किया जाना चाहिए। आवश्यकता इस बात की है राज्यपाल की सांवैधानिक स्थिति और व्यावहारिक स्थिति में सामंजस्य स्थापित करना होगा अथा परिस्थितियों कर राज्यपाल की गिरती हुई छवि को सुधारा जा सकता है। स्वयं राज्यपाल भी सद्विवेद एवं प्रेरणा के स्त्रोत बनें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. क्रॉनिकल शिवलोक हाउस,नई दिल्ली।
2. डॉ. सुभाष कश्यप : संविधान की आत्मा।
3. डॉ. आर.एन. त्रिवेदी : भारतीय राजनीतिक व्यवस्था।
4. डॉ. एम.पी. राय : भारतीय राजनीतिक व्यवस्था।
5. डॉ. इकबाल नारायण : भारतीय सरकार एवं राजनीति।
6. डॉ. डी.सी. गुप्ता : भारतीय शासन व्यवस्था एवं राजनीति।
7. डॉ. महेश माहेशवरी : भारत में राज्यपाल का पद एवं स्थिति।
8. डॉ. बी.एल फड़िया एवं मन्जू फड़िया : भारत में केन्द्र राज्य सम्बन्ध।

****

Photochemical Reactions of Coordination Compounds

Mukesh Kumar Mehta *

Abstract - Cyanide ligand (a strong ligand) present in sodium initroprusside is not so easily replaced chemically. An effort has been made to replace this ligand by another anionic ligand like bicarbonate (a weak ligand). The rate of this photochemical exchange reaction has been observed spectrophotometrically. The effects of different parameters like pH, concentration of sodium nitroprusside and bicarbonate ligand concentration on the rate of this substitution reaction have been studied. An effort was made to isolate the product and characterize it. A tentative mechanism for this photochemical substitution reaction has been proposed.
Keywords- Sodium nitroprusside, Sodium bicarbonate, Photochemical substitution reaction.

Introduction - A critical survey of the literature reveals that the photochemistry of sodium nitroprusside has received negligible attention. The photochemical reaction of sodium nitroprusside may be useful to have an insight into the understanding of its photochemical behaviour on one hand and it will also provide some alternate routes to prepare some newer complexes on the other. Recently, Mehta[16] studied the photochemical reactions of sodium nitroprusside in the presence of some sulphurconaining ligands. The present work describes the photochemical reaction of pentacyanonitrosyl ferrate(II), $[Fe(CN)_5(NO)]^{2-}$, in the presence of bicarbonate ligand.

Experimental: Sodium nitroprusside (EM) and sodium bicarbonate (SDS) were used in the present investigation. 0.18 g and 0.12 g of sodium nitroprusside and sodium bicarbonate were dissolved in 100 mL doubly distilled water. Then this solution was exposed to a 200 W tungsten lamp (Philips, light intensity = 80.0 mW cm^{-2}). The light intensity was measured with the help of a solarimeter (Suryamapi model CEL 201). A water filter was used to cut off the thermal radiations. A digital pH meter (Systronics Model 324) measured the pH of the solution. The desired ph of the solution was adjusted by the addition of previously standardized sulfuric acid and sodium hydroxide solutions.

The progress of the photochemical reaction was observed by taking absorbance at regular time intervals using spectrophotometer.

Results and Discussion: An aliquot of 2.0 mL was taken out from the reaction mixture and the change in absorbance was observed at $ë_{max}$ = 390 nm with time of exposure. It was observed that a plot of log (absorbance) vs. time was linear and it followed pseudo-first order kinetics. The rate constant of the reaction has been calculated by the expression

k = 2.303 x slope.

The results are graphically shown in Fig. 1.



Fig. 1. A Typical Run.

TABLE-1: EFFECT OF pH

[SNP] = 6.0 x10^{-3} M; [Bicarbonate] = 1.42 x 10^{-2} M; Light intensity = 80.0 mW cm^{-2}

pH	k x 10^4(sec^{-1})
6.5	1.59
7.0	1.98
7.5	2.11
8.0	2.17
8.5	2.23
9.0	2.87

It was observed that the rate of this ligand exchange reaction increases on increasing the pH of the reaction medium. It reaches a maximum at pH = 9.0. This may be explained on the basis that as the pH of the medium was increased, the extent of availability of HCO_3^- ions to remain in its best donor form will increase, which will result into a corresponding increase in the rate of ligand exchange reaction. It was not possible to observe the effect of pH on the rate of the reacticm above pH 9.0 due to the fact that a

*SMB P.G. College, Nathdwara (Raj.) INDIA

chemical reaction starts interfering with the main photochemical reaction. It was not possible to observe this reaction in the acidic range because the bicarbonate ions exist as carbonic acid, which is unstable and therefore decomposes to carbon dioxide and water.

Effect of sodium nitroprusside concentration: The effect of the concentration of sodium nitroprusside on the rate of photochemical reaction was observed by keeping all other factors identical. The results are reported in Table-2.

TABLE-2: EFFECT OF SODIUM NITROPRUSSIDE CONCENTRATION

pH = 9.0; [Bicarbonate] = 1.42 x 10^{-2} M; Light Intensity = 80.0 mW cm^{-2}

[Sodium nitroprusside] x 10^3 M	k x 10^4(sec^{-1})
4.0	1.53
4.6	2.01
5.3	2.49
6.0	2.87
6.7	2.68
7.3	2.22
8.0	2.01
8.7	1.85

It has been observed that the rate of photochemical reaction of sodium nitroprusside with bicarbonate ions increases with an increase in the concentration of sodium nitroprusside. This may be due to the fact that as the concentration of sodium nitroprusside was increased the number of excited species also increased limit, if the concentration of sodium nitroprusside was further increased, there was a decrease in the rate of the reaction. This decrease may be explaine on the basis that the substrate is dark red coloured, which will absorb a major part of incident radiation travelling through the reaction mixture and, therefore, there will be a decrease in the light intensity reaching sodium nitroprusside in the bulk the reaction mixture. In other words, the solution of sodium nitroprusside start acting as a filter and, as a consequence, the reaction rate will be found decrease.

Effect of bicarbonate concentration: The effect of concentration of bicbonate on the rate of photochemical reaction of sodium nitroprusside was a observed by taking different concentrations of bicarbonate. The results summarized in Table-3.

TABLE-3: EFFECT OF BICARBONATE CONCENTRATION

[SNP]= 6.0 x 10^{-3} M; pH = 9.0; Intensity of light = 80.0 mW cm^{-2}

[Bicarbonate] x 10^3 M	k x 10^4(sec^{-1})
0.95	2.49
1.19	2.59
1.42	2.87
1.66	2.57
1.90	2.11
2.10	1.91
2.30	1.77

It was observed that as the concentration of sodium bicarbonate was increased, there was a corresponding increase in the rate of reaction, reaching a maximum at [$NaHCO_3$] = 1.42 x 10^{-2} M. It can be explained on the basis of the fact that the reaction rate increases due to increase in the concentration of participating species. On the other hand, a decrease in the rate of the reaction was observed on increasing the concentration of sodium bicarbonate above 1.42 x 10^{-2} M. It may be attributed to the fact that higher concentrations of bicarbonate ions may hinder its own movement to reach the excited species of sodium nitroprusside in a desired time limit. Thus, a decrease in the rate of the reaction was observed for higher concentration of bicarbonate ions.

Product analysis: In alkaline medium, it was observed that the initial light red coloured solution of the reaction mixture changes to dark yellow (red shade) on irradiation. The reaction was allowed to proceed to completion and the reaction mixture was then filtered. The filtrate was evaporated on a water bath. The product was separated by fractional crystallisation. It was recrystallized with methanol giving reddish yellow crystals of the product, which was analysed as follows:

(i) Elemental Analysis (%): Found Fe= 16.7, C = 19.9, H= 1.0, N= 2058 and Na = 28.00 Calculated: Fe = 16.76, C = 21.17, H = 0.92, N = 20.58 and Na = 27.05.

(ii) UV (water): $ë_{max}$ = 460 nm

(iii) IR V_{KBr}: The characteristic bands of NO^+ ligand at 1944 and 660 cm^{-1} were found absent in the IR spectrum of the product and therefore it may be concluded that nitrosyl ligand has been lost during this photochemical reaction in the IR spectrum of the product. These bands may be attributed to the presence of O-bonded bicarbonate ligand to the central metal ion.

On the basis of the spectral and analytical data, the following tentative structure has been proposed for the compound: $Na_4[Fe(CN)_5(HCO_3)]$.

In this case bicarbonate behaves as a unidentate ligand used for removing one NO^+ ligand from the coordination sphere of the sodium nitroprusside complex. A positive test for nitrite ion in the solution has been observed which indicates the removal of NO^+.

Mechanism: On the basis of the experimental observations, a tentative mechanism for this photochemical ligand exchange reaction of sodium nitroprusside has been proposed as:

$$Na_2[Fe(CN)_5NO] \xrightarrow{h\nu} Na_2[Fe(CN)_5NO]^*$$

$$Na_2[Fe(CN)_5NO]^* + H_2O \; Na_3[Fe(CN)_5(H_2O)] + NO^+$$

$$Na_3[Fe(CN)_5(H_2O)] + HCONa_4[Fe(CN)_5(HCO_3)] + H_2O$$

Initially, the sodium nitroprusside is excited by absorbing incident radiation of desired wavelength. Then its excited state reacts with water and as consequence, water enters the coordination sphere of iron, replacing nitrosyliur ion (NO^+). This exchange is energetically favourable, because neutral ligand (H_2O) can replace

cationic ligand (NO^+). Now bicarbonate ions can easily throw water molecules out of the coordination sphere of iron as anionic ligand can replace neutral ligand.

These ligand exchange reactions are well known in the field of coordination chemistry, but these reactions ordinarily involve the substitution of a weak ligand by a stronger ligand. Such reactions are both, thermodynamically at kinetically, favourable. It does not seem feasible to have reverse exchange, i.e. substituting a stronger ligand by a weaker ligand. The present work not on provides a pathway for this unfavourable reaction, but also it will open further a venues for such photochemical ligand exchange reaction.

Reference:-

1. Presonal Research.

****

विजयदान देथा : व्यक्तित्व परिचय

डॉ. राजकुमार चौधरी *

प्रस्तावना – श्री विजयदान देथा राजस्थानी एवं हिन्दी के प्रख्यात साहित्यकार हैं। इन्हें 'बिज्जी' नाम से भी जाना जाता है। श्री देथा न केवल लोक-साहित्य के अन्वेषक और संग्रहकर्ता हैं वरन् कवि, कथाकार, निबन्धकार और आलोचक भी हैं। आपका जन्म 1 दिसम्बर, सन् 1926 में बोरून्दा नामक गांव में हुआ था। राजस्थान के जोधपुर जिले की बिलाड़ा तहसील का यह छोटा-सा गांव है। इनके पिता श्री सबलदान जी देथा थे, जो राजदरबार के जाने-माने कवि थे। आपने एम.ए. तक शिक्षा प्राप्त की है। अभी आप 'रुपायन संस्थान' बोरुन्दा से सम्बद्ध है।

श्री देथा ने अपने सृजन कार्य का श्री-गणेश कविताओं से किया। इन्होंने लगभग तेरह सौ (1300) कविताएं तुक एवं छन्द में रची हैं। इसके बाद निबन्ध एवं कहानियाँ ही प्रमुख रूप से प्रकाशित हुई हैं। इनकी कुछ कहानियों पर फिल्मों का निर्माण भी हुआ है तथा कुछ का नाट्य-रूपान्तर भी किया गया है। आपने कथा-यात्रा में अब तक लगभग एक हजार कथा-कहानियों का प्रणयन किया है, जिनमें से प्रमुखत: 'वाताँ री फुलवाड़ी' के चौदह भागों में सात सौ (700) कहानियाँ प्रकाशित हो चुकी हैं।[1] हिन्दी में प्रकाशित 'दुविधा और अन्य कहानियाँ' तथा 'उलझन' कथा-संग्रहों में उन्चालीस (39) कहानियाँ प्रकाशित हुई हैं।

हिन्दी में कथाकार के रूप में प्रतिष्ठित होने से पूर्व श्री देथा राजस्थानी के एक शीर्षस्थ कथाकारों के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त कर चुके हैं। इन्हें सन् 1974 में केन्द्रीय साहित्य अकादमी द्वारा 'अकादमी पुरस्कार' प्राप्त हो चुका है। यह पुरस्कार 'वाताँ री फुलवाड़ी' के दसवें भाग पर मिला था। इसी वर्ष राजस्थान के प्रमुख साहित्यकार के रूप में राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर द्वारा भी पुरस्कार प्राप्त हुआ।

श्री देथा की प्रतिष्ठा के पीछे एक महत्वपूर्ण गुर कार्य कर रहा था। वह है – 'राजस्थानी में लिखना तो मेरे लिए पंछियों के कलरव की तरह नैसर्गिक था, तितली की उड़ान के समान नितान्त स्वाभाविक था। मुझे यह आभास ही नहीं था कि मेरा सृजन या अध्ययन मेरे जीवन से अविच्छिन्न है। जिन्दा रहते जिस तरह सांस लेता हूँ, देखता हूँ, सुनता हूँ, चलता हूँ, उसी तरह मेरे लिए पढ़ना अनिवार्य है, लिखना अनिवार्य है। इन्हें बाद देकर मेरे अस्तित्व का कोई अर्थ ही नहीं। ..... सच, मुझे अब तक नहीं मालूम कि मैंने कितनी कथाएं लिखी हैं? सांस, धड़कन व कदम क्या कोई गिनती की चीज है?'[2]

श्री देथा ने अपना लेखन कार्य मात्र अर्थोपार्जन हेतु या सत्ता पक्ष को प्रसन्न रखने के लिए ही नहीं वरन् लोक-कथाओं के माध्यम से मर्यादाओं की रक्षा के लिए किया है। आपके आत्मकथ्य से इसी बात की पुष्टि होती है। यथा –

'एक लेखक के नाते मेरी सबसे पहली और आखिरी तमन्ना यही है कि मेरा मगज मेरे पेट की खुराक न बने। शरीर का राजा मस्तिष्क मेरे पेट का गुलाम न बने। जरुरत पड़ने पर शरीर का गोश्त नोच-नोच कर पेट की अन्तड़ियों के हवाले कर दूँ, पर किसी भी कीमत पर अपने अक्षरों व अपनी कलम को गिरवी न रखूँ। मेरी कमर झुक जाये, पर मेरी कलम नहीं झुके। मेरे अक्षरों को धन की लालसा न हो, मेरे शब्दों को सत्ता का भय नहीं हो, मेरी रचना में यश की बू नहीं हो – एक लेखक का सबसे बड़ा श्रेय यही है। ..... बड़ा लेखक न बन सकूँ न सही। अच्छा नहीं लिख सकूँ न सही ज्यादा नहीं लिख सकूँ न सही। पर लेखक की मर्यादा को न तोडूँ, शब्दों के गौरव को लाँछित न करूँ, बस इतनी भर ख्वाहिश है। आज की तमन्ना तो यही है – कल का कोई भरोसा नहीं। किन्तु जिस दिन भी मेरा भरोसा टूटे तो मेरे अक्षरों तुम उसी क्षण गला घोंट देना यदि इसमें ढील हो गई तो मेरी बदली हुई हैवानियत तुम्हारा ही गला घोंट डालेगी। तुम्हारे गौरव को बेच कर मैं अपना गुजारा नहीं करना चाहता। तुम्हारी हत्या करके मैं अपनी जिन्दगी बसर नहीं करना चाहता। मुझे लेखक नहीं बनना है, लेखक की मर्यादा का पालन करना है।'[3]

देथा ने अपनी 'अधूरी चिट्ठी' में लेखन की मर्यादा के बारे में लिखा है कि वे मानवीय मूल्यों और मनुष्यता के परिष्कार पर जोर देते रहे हैं। यथा – ' ..... कितना ही बड़ा या ग्रेट राइटर क्यूँ न होऊँ वैसी सेवा कबूल करने की हिमाकत कैसे कर सकता था। भाड़ में जाय साहित्य और उसका सृजन। मानवीय मूल्य व नैतिकता का माहात्म्य सृजन से कहीं उत्कृष्ट है। इन्हें अनदेखा और अनसुना करने वाला लेखक क्या खाक सृजन करेगा? मेरे जीवन का अधिकांश समय इन्हीं के पोषण में खर्च हुआ है। लेखक की मर्यादा से कहीं ऊँची मैंने मनुष्य की मर्यादा मानी है। ..... लेखन की प्रक्रिया ने मेरे भीतर के इन्सान को समृद्ध किया और बदले में मेरी मनुष्यता ने मेरे लेखन का परिष्कार किया। ..... लेखक बनने की अपेक्षा मनुष्य बनना बहुत कठिन है और इस कठिन साधना को आपने सहज भाव से आत्मसात कर लिया है।'[4]

लेखन की भाँति ही उनका व्यवहार भी मृदु था। आपका लिबास सादगीपूर्ण था। इस बात की पुष्टि श्री प्रेमकुमार मणि ने जयपुर में आयोजित 'प्रगतिशील लेखक संघ' के तीसरे राष्ट्रीय अधिवेशन में (जो कि 25, 26, 27 दिस. 1982 को सम्पन्न हुआ) हुई मुलाकात के आधार पर की जा सकती है। यथा –

'..... मैं नहीं समझता था कि बिज्जी इतने प्यारे आदमी होंगे। मेरी हर बात का जवाब देते गये और वह भी विस्तार से। .....

* एसोसिएट प्राफेसर, राजकीय महाविद्यालय, राजसमंद (राज.) भारत

बिज्जी देखने से ग्रामीण की तरह साफ सादे लगते हैं। कहीं कोई लाग-लपेट नहीं। न पहनाव-ओढ़ाव में न बातचीत में। धोती, कुरता और पांवों में राजस्थानी जूते। मुझसे वह हिन्दी में बात कर रहे थे और बात के दौरान कभी-कभी कोई राजस्थानी मुहावरा या कोई गल्प-संवाद राजस्थानी में कह जाते थे। उनकी बातों में किसान की सी सादगी और बच्चों की सी मृदुलता भरी थी।'[5] इस प्रकार श्री देथा की प्रतिभा उनके व्यवहार में भी झलकती है।

इतिहास प्रसिद्ध 'कबीर' के स्वाभिमानी चरित्र का प्रभाव आप पर स्पष्ट परिलक्षित होता है। देथा कबीर को अपना गुरु मानते हैं। 'दूजोकबीर' कहानी पूर्णत: अपने यथार्थ जीवन की प्रस्तुति मात्र है। 'कबीर' के महत्तव पर प्रकाश डालते हुए श्री देथा ने लिखा है। यथा -

'आप विश्वास करें न करें, फिलहाल जिसे गुरु बनाने का लोभ हो रहा है, उसका तो शिष्य बनने की योग्यता भी शायद हासिल न कर सकूँ। वह गुरु है - दास कबीर। यह हमारी आंखों का नहीं, केवल शिक्षा का ही दोष है कि सूरज-चाँद की बनिस्पत हमें कोयलों में ज्यादा चमक नजर आती है। ..... सुनकर नाक-भौं मत सिकोड़ियेगा, काफी-कुछ सोच-विचारने के बाद यह कहने की हिम्मत जुटा पाया हूँ कि कबीर जितना आज प्रासंगिक है, उतना पहले कभी नहीं रहा। विशेषकर, अमेरिका और यूरोप के सन्दर्भ में। अपना देश तो उनकी नकल करने में ही मरा जा रहा है। धर्म और ईश्वर की बात छोड़िए, मनुष्य जिन्दा रहेगा तभी तो सुमिरन करेगा। उसका अस्तित्व ही आज खतरे में है। ..... आज की रक्त पिपासु नर-भक्षी सभ्यता के लिए कबीर और केवल कबीर का नजरिया ही अपेक्षित है, किन्तु हमें बीते हुए कबीर में समाहित नहीं होना है। हर युग को अपना-अपना कबीर चाहिए, किन्तु परम्परा से विच्छिन्न होकर, किसी भी युग में कोई कबीर पैदा नहीं हो सकता। कबीर प्रतीक है उस मानवता का जो रूढ़ियों से, कट्टर मान्यताओं से मुक्त हो, जो स्वयं जिन्दा रहने की खातिर दूसरों का शोषण न करें; जिसकी आँखें अपने स्वार्थ से आगे देख सकें। जो बीज से अँकुर? अँकुर से पौधा, पौधे से पेड़, पेड़ से फल और फल से पुन: असंख्य जीवित बीजों की निर्बाध यात्रा से जुड़ा हुआ क्षण-क्षण भविष्य के गर्भ में विकसित होता रहता है। पेड़ की प्राण-शक्ति सूखे पत्तों का संचय नहीं करती, बल्कि सर्वत्र विखेर कर नया परिधान धारण करती है। कबीर नाम है, इसी चिन्मय परम्परा का, सतत् प्रवहमान प्रगति का है।'[6]

देथा ने लोक-जीवन को अपनी लोक-कथाओं में पूरी बखूबी से उभारा है। आप स्वयं ऐसे माहौल में रहकर आधुनिक विसंगतियों पर करारा व्यंग्य किया है। इस सन्दर्भ में श्री प्रेम कुमार मणि का यह कथन द्रष्टव्य है -

'बिज्जी लोक-जीवन में पूरी तरह डूबे हुए इंसान हैं, कहानियों की लोक-शैली और ग्रामीण तर्ज की बुनावट में मुझे हैरानी होती थी कि इस हद तक कोई कलाकार कैसे उतर आता है। यह भ्रम बिज्जी से मिलने पर दूर हो गया। वह एक तरफ आधुनिक जीवन की विसंगितयों को देखते हैं तो दूसरी तरफ उसके आधारभूत कारणों को जिनमें सामन्ती-व्यवस्था की कीचड़ मौजूद है और इसका सूक्ष्मान्वेषण उन्होंने ग्रामीण जीवन को स्वयं जी कर किया है। उन्होंने गांव की कला और उसके शिल्प को बारीकी से पहचाना है और उसे आधुनिक तमीज के साथ खड़ा किया है, परवान चढ़ाया है।'[7] इस प्रकार देथा की लोक-कथाएँ उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालती हैं। लोक-कथाओं द्वारा आधुनिक समाज-व्यवस्था पर करारा कुठाराघात किया गया है। यही इनकी कथाओं की विशेषता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'बिज्जी' का कथालोक' : श्री गोपाल भारद्धाज : साप्ताहिक प्रलयद्धीप : द्धिवार्षिक विशेषांक : 8 सितम्बर, 1983
2. 'हाजिर हूँ' (मुखड़ा) : 'रूँख' : विजयदान देथा : पृ. 18
3. 'मौलिकता का प्रश्न' : 'रूँख' : पृ. 417
4. 'अधूरी चिट्ठी' : 'रूँख' : पृ. 519
5. 'बिज्जी के साथ दो दिन' : 'रूँख' : पृ. 546-547
6. 'मेरो दरद न जाने कोय' : 'रूँख' : पृ. 465-466
7. 'बिज्जी के साथ दो दिन' : 'रूँख' : पृ. 547

****

रीति कविता में नीति का स्वरूप और स्थिति

डॉ. अनुपमा सक्सेना*

प्रस्तावना –नीतिकाव्य ऐतिहासिकता और विषयगत दोनों ही दृष्टियों से महत्तव रखता है। आदिकालीन हिन्दी साहित्य में प्राप्त नीति अंश युग के अनुकूल शौर्य तथा राजनीति से विशेष सम्बद्ध है। भक्तियुग में 'नीति' सन्तों तथा अन्य कवियों में धर्म और तदुचित व्यवहार से सम्बद्ध आदर्श रूप में चित्रित हैं, जबकि रीतिकाल में अन्य धाराओं की भांति नीतिकाव्य में परम्परागत भावों के अतिरिक्त कवि के स्वानुभूत भावों को विशेष रूप से अभिव्यक्ति मिली है जिसमें धर्म आचार, व्यवहार, राजनीति तथा अन्य असंख्य सामान्य विषयों के सम्बन्ध में देश काल, समाज और पात्र के सन्दर्भ में करणीय और अकरणीय बातों पर प्रकाश डाला गया है। रीतिकालीन नीतिकाव्य की भावभूमि इतनी विस्तृत है कि देश की नैतिक परम्परा के अनुकूल व्यक्ति और समाज के समुचित विकास हेतु अनिवार्य जितनी भी सामान्य बातें है, सभी इसमें समाविष्ट हैं। इन नीति कवियों ने विभिन्न परिस्थितियों में जीवन और जीवन की सफलताओं, असफलताओं, उपलब्धियों एवं सम्भावनाओं को अतिनिकटता से परखा है। फलत: इनके द्वारा उद्भूत नीति कथन कल्पना पर आश्रित नहीं, अपितु स्वानुभूति है या परम्परानुभूति पर आधारित है।

इस प्रकार नीतिकाव्य की दृष्टि से जो महत्व रीतिकाल का है, वह किसी अन्य काल का नहीं है। रीतिकाल आकार की दृष्टि से आदिकाल और भक्तिकाल की अपेक्षा है, परन्तु नीतिकाव्य की दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण है। रीतिकविता में नीति की उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता।

उत्तर मध्यकाल में दरबारी परिवेश और परिस्थिति के कारण श्रृंगारिक रचनाओं का प्राधन्य था। इस समय के भक्ति काव्य में भी शृंगार अप्रत्यक्ष रूप से झलकता था। राम जैसे शक्ति, लोकरंजक और मर्यादा पुरूषोत्तम रूप के स्थान पर उन्हें श्रृंगार रस में डूबे चंचल नायक की भांति चित्रित किया है, लेकिन दूसरी तरफ कुछ नीतिविषयक काव्य सांप्रदायिक रचनाओं की भांति महत्व रखते हैं, जिसने तत्कालीन उच्छृंखल परिवार और समाज को नीति (यथोपित व्यवहार) के मार्ग की ओर अग्रसर किया। इस काल के कवि प्राय: राज्याश्रयों में जीवनयापन करते थे, अत: उनके काव्य के वर्ण्य–विषयों की आधार सामग्री उन्हीं के इर्द–गिर्द व उन्हीं की प्रशंसा से फलित थी। इसी कारण श्रृंगारिकता से ऊब चुके इन कवियों ने अपनी दृष्टि वहां से हटाकर नीति की तरफ आकृष्ट की जो इनके बेचौन व मृतप्राय: जीवन हेतु अमृततुल्य थी।

कहा जाता है कि प्रत्येक युग में कवि की काव्य सामग्री अपने समसायिक जीवनमूल्यों और परिवेश पर आधारित होती है। जब इस हासोन्मुखी रीतियुग में ऊध्वयोन्मुखी मूल्यों के प्रति आस्था नहीं रह गई थी, तब जीवन की असारता, प्रेम की निष्फलता, अस्थिरता और वैभवविलास के प्रति उदासीनता आदि भावनाएँ नीतिपरक उक्तियों में उभरकर आई है। जीवन के हर क्षेत्र में ये उक्तियाँ पथप्रदर्शन करती हैय जीवन की प्रत्येक परिस्थितियों का स्पर्श इन नीतिकवियों ने किया है। ज्ञात है कि अतिशयता से ऊबकर मनुष्य या तो भक्ति और वैराग्य की साधना करता है या ह्रियमाण नैतिकता का आंचल पकड़ता है, यही परम्परा रीतिकाव्य के कवियों ने अपनाई।

रीतिकालीन नीतिकाव्य हमें विभिन्न स्वरूपों में प्राप्य है। कहीं स्वतन्त्र रूप में नीति की मौलिक धारा प्रवाहित है तो कहीं प्राचीन परिपाटी का निर्वाह करने वाले कवियों। का कौशल दृष्टिगोचर है, यह नीतिकाव्य लोकव्यवहार के अधिक निकट था। अत: ऐहिकता की प्रधानता के कारण यह काव्य सामान्यजनों हेतु जितना उपयोगी रहा है। उतना अन्य किसी काल में नहीं रहा। नीतिकाव्य रीतिकाल में व्यापकता और विविधता लिए हुए है। दरबारी वातावरण से सम्पृक्त होने के कारण इन कवियों का 'नीतिकाव्य' विलासिता से परिपूर्ण जीवन से बहिर्गमन का एक मात्र साधान था।

राजाश्रय में रहने के कारण इन रीतिकवियों ने प्रत्येक क्रियाकलाप को निकट से देखा और भोगा। इसलिए रीतिकालीन नीतिकाव्य पर इसका गहरा प्रभाव दिखाई देता है। प्रत्येक दरबारी कवि किसी न किसी रूप में प्रेम से आहत था। इनकी वेदनामय प्रेमानुभूति को सुनने और समझने वाला कोई नहीं है। इस तरह के उद्धार इन कवियों ने व्यक्त किए हैं कि 'हम हमारी पीड़ा किससे कहै ऐसा कोई बड़े और विशाल हृदय वाला व्यक्ति दिखाई नहीं देता है जो हमारे दु:ख का श्रवण करे।' यथा –

'हम कौन सौं आपनी पीर कहै
दिलदार तो कोइ दिखातो नहीं।।'

फलत: इन्होंने स्वानुभूति और अन्तर्मन के भावों को प्रेमविषयक नीति के रूप में विस्तारपूर्वक अपनी रचनाओं में वर्णित किया, जैसे बोध कवि और घनानन्द ने अपनी–अपनी दृष्टि के अनुसार व्यक्त किया है; यथा–

'यह प्रेम को पंथ कराल है जू
तरवारि की धार पै धावनो है'
'अतिसूधो सनेह को मारग है जहाँ
नेकु सयानप बाँक नहीं।
तहाँ सांचे चलै तजि आपुनप
झिझक कपटी जे निसांक नहीं।।'

राजाओं को सज्जनता और गुण ग्राही बनने का आग्रह इनके नीतिकाव्य में मिलता है। बिहारी और कवि धनानन्द आदि इसके उदाहरण हैं जिन्होंने मदान्ध और हृदयाना आश्रयदाताओं को सत्मार्ग की ओर प्रेरित किया। इतिकाल में स्त्री मात्र एक भोग्या बनकर रह गई थी तभी इन कवियों

* व्याख्याता (हिन्दी) राज कला महाविद्यालय, सीकर (राज.) भारत

ने पारिवारिक और सामाजिक नीति का प्रचुर मात्रा में वर्णन किया है। विलासिता के गर्त में फँसे स्त्रित्व की रक्षा हेतु स्त्रियों के महत्व को वर्णित किया है। केशवदास ने रामचन्द्रिका में कहा है कि –

'धर्म कर्म कछु कीजईय
सफल तरूणि के साथ ।।'

जीवन में पारिवारिक सुखों के उपभोग की प्रेरणा और पारिवारिक जीवन की प्रशंसा तथा मद, मांस, सुरा, द्यूत, व्यभिचार, वेश्यादि व्यसनों के खंडन को चित्रित किया है और आर्थिक नीति में इन कवियों ने राजाओं को कृपणता का परित्याग करने की प्रेरणा देकर धन के महत्व को चित्रित किया है ।

इन कवियों ने नीतिकाव्य के अन्तर्गत वर्ण, धर्म व जाति जनित भेदभाव को दूर करने की प्रेरणा दी है, साथ ही इन्होंने सुकवि और कुकवि के लक्षण तथा स्वामी–सेवक सम्बन्धों के विषय में भी स्पष्ट रूप से बताया है। शकुन अपशकुन, ज्योतिष, कलियुग आदि में इन नीति कवियों ने आस्था दिखाई है और इस विषय पर नीति को प्रस्तुत किया है।

इतर प्राणी विषयक नीति का चित्रण भी प्राप्त होता है। हालांकि इन कवियों ने पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक और वैयक्तिक नीति का सूक्ष्मता से वर्णन किया है और उनके आदर्श रूप को प्रस्तुत किया है।

शारीरिक स्वास्थ्य, रोगनिवारणादि उपाय, वीरता, कायरता, यश, प्रणय और संयम को इन्होंने उद्घाटित किया है। व्यावहारिकता को केन्द्र में रखने के कारण इन कवियों की दृष्टि यथार्थ पर अधिक थी।

नैतिक उपायों से प्राप्त धनोपार्जन के महत्व को मुक्त कण्ठ से इन्होंने स्वीकार किया है और दान को श्रेष्ठ सिद्ध किया है। जैसे केशवदास ने कहा है कि –

केशव 'दान' अनन्त है, बनै न काहू देत।

इन कवियों ने भाग्य की प्रबलता को बहुत महत्व दिया है, साथ ही जाति, गांव, परिवार, घर बार, राजदरबार आदि स्थानों पर मनुष्यों को क्या नीति अपनानी चाहिए। यह कवियों ने तथ्यपूर्ण तरीके से बताया है। सामान्य जनता के लिए नीतिकाव्य सद्व्यवहार और चरित्र निर्माण का मार्ग प्रस्तुत करता है। इस काल में साहित्यिक चेतना कुछ हद तक प्रबुद्ध थी । सामान्यजन भी काव्यकृतियों का रसास्वादन करते थे। इसी कारण साहित्यप्रियता और कला के प्रति रूचि और सत्प्रेरक होने के कारण रीतिकालीन नैतिक रचनाएँ मुद्रण यंत्रों के अभाव होने पर भी सहृदयों के घरों और कण्ठों में अद्यतन सुरक्षित और संरक्षित रही है।

डॉ. रीता बाजपेयी*

प्रस्तावना –संत शिरोमणि बाबा गुरूघासीदास जी का जन्म 18 दिसम्बर सन् 1756 ई. रायपुर जिला के ग्राम गिरौदपुरी तहसील बलौदाबाजार में हुआ था। उनका जन्म साधारण कृषक परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम मंहगुदास एवं माता का नाम अमरौतिन बाई था। युवावस्था में ही संत शिरोमणि बाबा गुरूघासीदास जी का विवाह सिरपुर निवासी माता सफुरा से हुआ जिनसे उन्हें तीन पुत्र व दो पुत्री हुई। प्रथम पुत्र का नाम गुरू आगरदास, द्वितीय पुत्र का नाम बालकदास एवं तृतीय पुत्र का नाम गुरू अमरदास था। प्रथम पुत्री का नाम सुभद्रा बाई एवं द्वितीय पुत्री का नाम आगरमती था। संत शिरोमणि बाबा गुरूघासीदास जी बचपन से ही छुआछूत, अंधविश्वास, कुप्रथाएं एवं वर्ण व्यवस्था के विरोधी थे। वे समाज में समानता का प्रभुत्व स्थापित करना चाहते थे। वे विषमताएं एवं ऊँच–नीच भेदभाव को कभी नहीं मानते इस कारण संत शिरोमणि बाबा गुरूघासीदास जी ने सात सिद्धांत का मार्ग दिया –

अहिंसा के मार्ग को अपनाना– संत गुरूघासीदास द्वारा हिंसा के मार्ग को त्याग कर अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उनके अनुसार अहिंसा वह मार्ग है जिसें मनुष्य धारण कर संपूर्ण मानवता को प्रेम व आत्म–शुद्धि की सहायता से कठिन से कठिन संकटो में सफलता प्राप्त कर सकता हैं। सत्य और अंहिसा मानव का आभूषण है जो मनुष्य अहिंसा का पालन करता है वह मन–वचन व कर्म से साहसी तथा शक्तिशाली बन जाता है। अहिंसा शब्द के भीतर असीम शक्ति छुपी हुई है जो भावना सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक तीनो क्षेत्रों के लिये आवश्यक है। बाबा गुरूघासीदास के अनुसार अहिंसा सिर्फ उपदेश नहीं है, बल्कि जीवन की क्रियात्मक सिद्धांत है जिस मार्ग को मनुष्य अपनाकर सामाजिक व्यवस्था एवं व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बना सकता है। अहिंसा व्यक्ति की अंर्तआत्मा आवाज है जिसे धारण कर मनुष्य असंभव को संभव में परिवर्तित करने की शक्ति प्राप्त कर लेता हैं। इस कारण ही बाबा द्वारा अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिये सभी मनुष्यों को प्रेरित किया। अहिंसा रूपी मार्ग को धारण कर मनुष्य का सर्वांगींण विकास संभव है।

मूर्ति पूजा नहीं करना – संत गुरूघासीदास के व्यक्तित्व जीवन में दार्शनिक, योगी, धर्मसुधारक, समाजसुधारक, दया, करूणा, दृढ़ता, सत्यता, प्रेम–भाव, त्याग व हृदय की पवित्रता, समानता की भावना सभी गुण समाहित थे। और शिष्यों को भी अपने जीवन में धारण संदेश दिया, उनके द्वारा शुरू से ही कुरूतियों, पाखंड, बाह्य आंडबर का विरोध किया गया। मूर्ति पूजा को उन्होंने सनातन मत मूर्ति पूजा के विपरित एक परमात्मा की उपासना का अलग मार्ग मानव को दिया और उसी स्वरूप को धारण करने को कहा।

मनुष्य को मूर्ति पूजा न कर सत्यरूपी आभूषण को धारण करना चाहिये, और सत् से ही सृष्टि का निर्माण हुआ है तथा सृष्टि का मूलभूत आधार सत् ही है। सत् का शाब्दिक अर्थ शक्ति और सत्पुरूष का अर्थ अनादिशक्ति होता हैं अर्थात् जो सर्वशक्तिमान परमपिता सत्पुरूष है। सत्रूपी शब्द के उच्चारण से ही आत्मशांति एवं सत्बुद्धि की प्राप्ति होती है जिसका अनुसरण कर मानव सभी दुख, कठिनाई, उलझनों व समस्याओं आदि से मुक्ति प्राप्त कर लेता है। बाबा सदैव एकपंथमार्गी व अद्धेतवादी थे जिस कारण वह हिन्दु धर्म में फैली कुरूतियों का विरोध किया करते थे। उनका विचार था कि प्रत्येक मानव का शरीर ही उस मानव का मंदिर है और मनुष्य को उसी मानवरूपी मंदिर की पूजा करनी चाहिये इन्हीं कारणों से बाबा द्वारा कंकड–पत्थर से बने मंदिरों में जाना अपने पंथमार्गीयों के लिये निषेध कर दिया और सभी मानवों को समानता के भाव से देखते हुये मानव–मानव एक समान का संदेश दिया।

चोरी नहीं करना – बाबा गुरूघासीदास के अनुसार मानव समानता ही जीवन की सर्वोकृष्ट अभिव्यक्ति का माध्यम है मनुष्य को सदैव ही लोभ, मोह–माया, छल–कपट, चोरी, मंदिरापान इत्यादि व्यवसनों का त्याग कर देना चाहिये एवं सत्य के मार्ग का अनुसरण करना चाहिये। मनुष्य को सदैव सीधा एवं सरल जीवन व्यतित करना चाहिये जिसमें दुष्कार्यो हेतु कोई भी स्थान नहीं होना चाहिये। संतोष की भावना प्रत्येक मनुष्य में व्याप्त होना चाहिये तथा इसी भावना के साथ अपने जीवन का निर्वाह करना चाहिये।

गुरूघासीदास का ध्येय सभी धर्मो के विपथगामियो को प्रेम व बंधुत्व के एक सूत्र में आबद्ध करना था इस कार्य हेतु बाबा द्वारा सतनाम पंथ की स्थापना की गयी। बाबा ने अपने शिष्यों को 7 सिद्धांत प्रतिपादित किया ताकि इन सभी उपदेशों को धारण कर मनुष्य अपने जीवन के अर्थ की वास्तविकता को समझ सके एवं शांतिप्रिय रूप से जीवन व्यापन कर सकें।

मांस मंदिरा का सेवन नही करना–संत गुरूघासीदास ने अपने उपदेशों के माध्यम से सर्वगुण संपन्न बनाने हेतु एकता सद्भाव की ज्योति जलाई, उनका एक ही धर्म था जिसमें मानव सेवा, प्रेम–भावना, करूणा, सम्मिलित थे जो बंधुत्व की प्रेरणा देते थे। सतनाम पंथियों के लिये मांस–मंदिरा का सेवन निषेध था और मनुष्यों को सदैव शाकाहारी भोजन ही करना चाहिये। मांसाहारी भोजन पूर्णत: वर्जित था। बाबा के अनुसार खान–पान, रहन–सहन, आचार–विचार एवं क्रिया कलापों में सदैव पवित्रता एवं शुद्धता होनी चाहिये गुरू द्वारा दिये गये मार्ग का अनुसरण कर सादा व सरल जीवन व्यतित करता है वह सभी परेशानी व तकलीफों से मुक्त हो जाता है यह

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

संदेश मात्र एक मानव विशेष या जाति विशेष के लिये न होकर सभी मानवों के लिये था और अनेक समुदायों द्वारा इस पंथ को स्वीकार किया गया एवं बाबा के विचारों को धारण व पालन व्यक्तियों द्वारा किया जाने लगा व साथ ही अध्यात्मिक जीवन व्यतीत करने लगे।

बलि प्रथा का विरोध – संत गुरूघासीदास प्रकृति प्रेमी थे एवं उनके दृष्टि में सदैव प्रत्येक जीव समान थे चाहे वह मानव का रूप हो या जानवर का। वह सभी जीवो के प्रति करूणा, दया भावना व प्रेम भावना रखते थे वे पशुओं पर होने वाले अत्याचारों के प्रबल विरोधी थे यहाँ तक दोपहर में पशुओं को हल में जोतने के विरोधी थे उस समय फैली हुयी कुरूतियों का एक हिस्सा पशु बलि था जिसे लोगों द्वारा कई पाखंड मनोकामना पूर्ति हेतु मूक पशुओं का बलि दिया जाता था जिसका विरोध बाबा द्वारा किया गया। किसी भी जीव की हत्या करना पाप के समान है चाहे वह पशु हत्या हो या मानव हत्या। यह एक निंदनीय विषय था जिसे पूर्णत: बंद करने हेतु बाबा द्वारा प्रयास किया गया।

स्त्री को समान अधिकार व सम्मान देना – संत गुरूघासीदास का स्त्री उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान रहा, उस समय व्याप्त प्रथांओं में बाल विवाह, सती प्रथा एवं स्त्रियों का शोषण, विधवा प्रताड़ना प्रमुख थे उन्होंने प्रत्येक स्त्रियों को समान अधिकार व सम्मान देने को कहा तथा उनके द्वारा विधवा पुर्नविवाह हेतू प्रयास किया गया। उस समय व्याप्त समाजिक प्रथाएँ एवं कुरूतियाँ व्याभिचार तथा रूढ़िवादिता का भारतीय नारी पर गहरा प्रभाव पड़ा एवं उन्हें कमजोर बनाने में मुख्य भुमिका रहा। नारियों को सदैव पुरूषों पर सदैव आश्रित बना दिया गया इस वजह से नारी अधिकारों का हनन होने लगा। सती प्रथा, बाल–विवाह इन सब कारणों से स्त्रियाँ कमजोर होने लगी एवं विशिष्टता एवं समाज में उनका स्थान हीन होते गया तब संत कमजोर होने लगी एवं विशिष्टता एवं समाज में उनका स्थान हीन होते गया तब संत गुरूघासीदास द्वारा नारी के दशा के प्रति विचार किया एवं नारी उद्धार हेतू अनेक प्रयास किये ताकि नारी समाज में अपने आप को प्रतिष्ठित एवं अपना खोया सम्मान प्राप्त कर सके।

वर्ण व्यवस्था का विरोध – संत गुरूघासीदास बचपन से ही वर्ण व्यवस्था, कुप्रथा, छुआ–छुत, अंधविश्वास, पाखंड, मूर्ति पूजा के घोर विरोधी थे प्रत्येक प्रथा चाहे वह जो भी हो, एक मानव को दुसरे मानव में भेद बताती है उस प्रथा के घोर विरोधी थे। उस समय वर्ण व्यवस्था जारों से प्रचलित था जिसमें मनुष्यों को वर्ण व्यवस्था के आधार पर बांटा गया जिस कारण से उच्च वर्णो के लोगों द्वारा निम्न वर्णो के लोगों को धार्मिक व उनके सामाजिक कार्यो से दूर रखा जाता था। यहाँ तक मंदिरों, तालाबों में प्रवेश वर्जित था उच्च व निम्न की भावना इतनी अधिक व्याप्त थी कि निम्न वर्गो का अस्तित्व ही न था।

जाति प्रथा का प्रारंभ मनुष्य के जन्म से ही प्रारंभ हो जाता था कि वह मनुष्य उच्च जाति से परिभाषित होगा या निम्न जाति से। संत गुरूघासीदास द्वारा समाज सुधार के प्रयास एवं भेद–भाव के उन्नमूलन हेतू अनेकों कार्य किया गया उन्होंने मानव–मानव एक समान का संदेश प्रसारित किये जिसके अनुसार चाहे वह उच्च वर्ण का हो या निम्न वर्ण का, सभी मानव उनके लिये एक समान है। कोई किसी से छोटा या बड़ा नहीं होता। वर्ण व्यवस्था एक ऐसी प्रचलित व्यवस्था थी जिसके तहत किसी मनुष्य को दूसरे जाति में जाने की अनुमति नही थी यहाँ तक विवाह भी अपने जाति से किया जाता था अर्थात् सजातीय विवाह प्रचलित था। इन सभी कारणों से बाबा नें वर्ण व्यवस्था का घोर विरोध किया।

इसके पश्चात् समाज सेवा का कार्य प्रारंभ किया, जिसके अनुसार सभी मानव के लिए असमानताएँ एवं विषमताएँ की स्थिति को समाप्त कर सभी मानव–मानव में समानता की भावना लाने हेतु प्रयत्न किए। वे सभी जातियों के लोगों के प्रति सद्भावना रखने हुए निम्न वर्गो के लोगों के प्रति सामाजिक उत्थान का कार्य प्रारंभ किए, जिसके अनुसार मानव–मानव एक समान का संदेश प्रसारित किए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. चंद्राकर अजय कुमार, 'छ0ग0 में अनुसूचित जाति की राजनितिक व्यवस्था में प्रभावशीलता सतनामी जाति की भूमिका में विशेष अध्ययन 1991'
2. चंदेल विवेक सिंह, 'गुरु घासीदास विश्वविश्द्धायलय के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों के उच्च शिक्षा में ग्रंथालय की भूमिका: 1983 से 1996 तक'
3. सिंग आसना, 'सतनामी आत्मजोर और दलित सक्रियता: ग्रामीण छ0ग0 2013'
4. जोगलेकर कमलनारायण के अनुसार –'संत गुरु घासीदास एवं सतनाम पंथ का ऐतिहासिक अध्ययन 2015'

****

Sustainable Development and Conservation of Environment

Neeru Rathore*

Abstract - Sustainable development is a development which using resources now and preserving them for future generations. Sustainable development involves economic growth, environmental protection and social equity and implies greater fairness in distributing the gains from growth among people and countries.

It concerns preserving environment and natural resources as a basis for progress and making policy. The concept of Sustainable development recognizes global co-operation for achieving sustainable economic, environmental and social conditions worldwide. Governments should enable them to align economic, environmental and social pillars of sustainable development in decision-making.

The challenge of Sustainable development is now recognized worldwide. Three dimensions: the interaction between culture, structure and technologies, the approaches optimization improvement- and the parties involved. Renewal of systems requires new ways of search of processes comprising human needs as a starting point. The aim of this report is to analyze the meaning of the Sustainable development and challenges and prospects of the Sustainable development.

Keywords: Sustainable development, Sustainable technology, Optimization–improvement–renewal, Culture–structure–technology, Needs, Eco efficiency.

Introduction - The term "sustainable development" first appeared in the the Brundtland Report in 1987 as "development that meets the needs of the present without compromising the ability of future generations to meet their own needs".

Sustainable development involves economic growth, environmental protection and social equity and implies greater fairness in distributing the gains from growth among people and countries.

Salient Features of Sustainable Development - Salient features of "Sustainable Development" as culled out from Brundtland Report and other international documents such as Rio Declaration and Agenda 21 are as follows:

1. Inter-Generational Equity,
2. Use and conservation of Natural Resources,
3. Environmental protection,
4. The Precautionary Principle,
5. The Polluter Pays Principle,
6. Obligation to Assist and Cooperate,
7. Eradication of Poverty, and General principles, rights and responsibilities for environmental protection and sustainable development .

The world Community at Rio Conference was unanimous on two points i.e., to prevent global climate change and eradication of biological diverse specie. Accordingly The convention on biodiversity requires the States to take steps for protection and sustainable use of the world's diverse plant and animal spccies.

It concerns preserving environment and natural resources as a basis for progress and making policy. The concept of sustainable development recognizes global co-operation for achieving sustainable economic, environmental and social conditions worldwide. Governments should enable them to align economic, environmental and social pillars of sustainable development in decision-making.

Urbanization all over the world are developing. This urbaniz- ation process is causing a number of problems and can be met by sustainable development policies. Sustainable development is a development which using resources now and preserving them for future generations.The economic development can not be separated from environmental protection and social progress.

Challenges - The challenge of sustainable development is now recognized world wide. Today the world faces new challenges. The modern world development results in a depletion of the natural resources, an increase of negative environmental impact, a deterioration of the biosphere balance. The consequences of the climate change have become perceptible everywhere in the world. That is why the need to provide sustainable development is urgent. The

*Lecturer (Chemistry) SMB Government PG College, Nathdwara (Raj.) INDIA

core of this idea is the necessity to fit our constantly growing demands in the planet's natural capacity.

Implementation of the sustainable development tasks based on market economy means to ensure market demands on natural resources, ecosystem services and related characteristics of the goods, consumer demands (including by population and State). This measure will enable to stimulate the developed countries to diminish the negative environmental impact as well as to encourage the developing countries into defining ways of their development towards the green economy, preservation and augmentation of natural capital through its capitalization and receiving benefits from the global community. These are the directions that should determine today the priorities of aide in the combat against poverty. Urgent need to combine both - to fit the growing demands and to minimize the depletion of natural capital has been formulated today as a decoupling idea. It means to reduce energy intensity and resource intensity in economic growth, to widely use renewable energy sources, to modernize production on the basis of innovations. This is the direction that sets today's priorities for growing economies and firstly for the BRICS nations.

Modernization should consider enormous potential in the use of renewable energy sources. This means to encourage energy production on the basis of renewable energy sources. This means to work out and pursue a new policy. The starting point in this regard should be that the ecology today is economy. That is why the mainstream development is determined as green economy. It is environmental standards that set directions of innovative development and modernization of production to ensure long-term successful economic development. top-priority measure to assess the situation and determine action priorities is to introduce a system of indicators of sustainable development.

These are primarily indicators of the resource intensity and energy intensity in economic growth and specific indicators of pollution. Moreover, accumulated environmental damage, resource depletion, landscape degradation and the impact of pollution on human health should be taken into account. It is principally important, especially to determine prospects for development and to assess the use of renewable energy sources, to evaluate ecosystem services (including various ecosystems, biological resources, biodiversity and area of protected natural reserves). Progress in the dissemination of the ideas of sustainable development and active participation in this process means their adjustment to the specifics of each country. The concepts of sustainable development and the ways of its implementation are different in various countries and will undoubtedly keep changing further on. It is necessary to assess achievements and challenges on the way to sustainable development at the national level.

Major challenge for the sustainable development are Population, Poverty, Inequality, shortage of drinking water, Human Consumption of energy, Deforestation, Petrol consumption .

Prospects - The 1992 Rio Earth Summit was enshrined in Agenda 21, a plan of action, and a recommendation that all countries should produce national sustainable development strategies.

The conceptual meaning of sustainable development is not to create an obstacle in development process but this concept belongs to how we utilize our resources so that an inter-relationship can be established among present and future generation. To attained sustainable development many probable strategies can be useful.

Input Efficient Technology can be reducing the exploitation of resources. So this technology may good for sustainable development. Via Using of Environmental friendly Sources of Energy, such as LPG and CNG which are eco-friendly fuel, we can reduce the green house gases from the earth, Such as CO2 and other harmful gases.

Integrated Rural Development Programs. Through this the burden and interdependency on cities for employment can be decrease. To focus on renewable sources of energy like solar and wind for energy needs. It will be beneficial for the country like India, where is enough sun light, to Convert Sun light into solar Energy and Solar Energy in Electricity. It will create an atmosphere for green development. For attaining the sustainable development it is necessary for the government and society to control on the Tragedy of Commons. It means to stop the maximum use of easy available resources. With above these government should stimulate the organic forming and recycle the wastes. Last but not least, it is responsibility of citizens to encourage the awareness to conserve the natural assets for inter-generational equality.

The success of the implementation of the ideas of sustainable development depends on the pro-active position and awareness by the broader population. This requires educational and outreach activities, targeted work by the media and social advertising. Culture (including cinema, pop music and literature), natural and cultural heritage sites should play a special role to set sustainable development as a priority for the broader public. Civil society organizations, including both mass NGOs/NPOs and professional institutions of public policy should play a greater role in this regard. This means to develop a broad public movement to support sustainable development as a priority for civil society activities and to set this topic as a key area of support by the businesses and the governments.

The mankind has started to realize that increased social and natural abnormalities are consequences of our wrong behavior and to be aware of the responsibility for the future of the planet. In order to determine priorities for joint action

one should refer to the universally accepted rules of conduct, ethic code approved by the global community.

We should admit that, although ideas of sustainable development are very pressing for all countries and require joint efforts by the international community, only developed economies are able to ensure serious advance in this direction. There are a several reasons for this: economic growth, abundant natural resources, search for an optimal way of development among them. Priorities for these countries in innovation policy, energy efficiency and economic modernization naturally determine their movement towards sustainable development. These nations are the ones that could become leaders in the movement towards sustainable development.

The focus of this paper is on the need to remove the barriers to sustainable development in modern societies. Alleviate poverty and disease, manage natural resources rationally, and promote responsible consumption and production. The main emphasis was to use the benefits of globalization to establish a balance between development and environment.

Conclusion And Suggestion - Sustainable development is a vision and a way of thinking and acting so that we can secure the resources and environment for our future generation. It will not be brough tabout by policies only it must be taken up by society at large as a principle guiding the many choices each citizen makes every day, as well as the big political and economic decisions that affect many. It is clear that environmental degradation tends to impose the largest costs on those generations that are yet to be born. Future generations are disadvantaged with regards to present generations because they can inherit an impoverished quality of life, share a condition of structural weakness in having no voice and representation among the present generation and so their interests are often neglected in present decisions and planning while it is very much needful that we think about our generation. We can only improve sustainable development when it will put an emphasis on involving citizens and stakeholders. Ultimately, the vision will become reality only if everybody contributes to a world where economic freedom, social justice and environmental protection go hand in hand; making our own and future generations better off than now.

References :-

1. Anna Kurtycz (2005) 'Understanding Environmental behavioral change through communication: a new perspective of environmental education' , International Journal of environment and Pollution, Vol.4, No.1, pp 35 - 46.
2. Duit, R. (1999) 'Conceptual change approaches in science education', in Schnotz, W., Vosniadou, S. and Carretero, M. (Eds.): New Perspectives on Conceptual Change, Pergamon, Amsterdam, pp.263–282. (10)
3. Hufschmidt, M., James, D., Meister, A., Bower, B., Dixon, J., (1983) Environment, Natural Systems and Development: An Economic Valuation Guide, John Hopkins University, Baltimore.
4. James D. (1993) Economic Analysis in Environmental Impact Assessments for Forestry Activities, working document (25/10/93) quoted with permission.
5. Jacobs, M (1991) The Green Economy; Environment, sustainable development and the politics of the future, Pluto press, London.
6. Knetsch, J. (1993) Environmental Valuation: Some Practical Problems of Wrong Questions and Misleading Answers, Resource Assessment Commission Occasional Paper # 5, AGPS, Canberra.
7. Amsterdam Smart city. "Amsterdam Smart city – projects''. Retrieved 2015-05-30.
8. Komninos,Nicos (2013-08-22). "what makes cities intelligent?''. In Deakin. Mark. smart Cities; Governing, Modeling and Analyzing the Transition. Taylor and Francis. p. 77. ISBN 978-1135124144.
9. Paskaleva, K (25 January 2009). "Enabling the smart city: The progress of e-city governance in Europe". International Journal of Innovation and Regional Development 1 (4): 405-422(18).doi: 10. 1504/ijir d.2009.022730.
10. Dept Business(2013) Page 3 Arup estimates that the global market for smart urban systems for transport, energy, healthcare, water and waste will amount to around $400 Billion pa.
11. Deakin, Mark; Al Waer, Husam. "From intelligent to Smart Cities''. Journal of Intelligent Buildings International; From Intelligent Cities to smart Cities' 3 (3). doi: 10. 1080/1 7 508975.2011.586671.
12. Deakin, Mark (2013-08-22). "From intelligent to smart cities''. In Deakin, Mark. Smart cities" Governing, Modeling and Analyzing the Transition. Taylor and Francis. p. 15. ISBN 978-1135124144.
13. Giffinger, Rudlolf; christian Fertner; Hans Kramar; Robert Kalasek; Natasa pichler- Milanrovic; Evert Mijers (2007). "Smart cities - Ranking of European medium-sized cities" (PDF). ,Smart Cities. vienna: centre: of Regional Science.

****

Importance of the 2014 Nobel Prize in Physics

Dr. Nira Talesra*

Introduction - The Nobel Prize is the most prestigious prize awarded to people who have made outstanding contribution to the field and discipline. The Nobel Prize carries a prize money, a citation and laurels in recognition of the work. The 2014 Nobel prize in Physics has been awarded to Isamu Akasaki (Meijo University and Nagoya University, Japan), Hiroshi Amano (Nagoya University, Japan) and Shuji Nakamura (University of California, Santa Barbara, USA).

Citation: The citation reflects a brief outline of the work of the winners. The citation of the 2014 Nobel prize in Physics reads "For the invention of efficient blue light-emitting diodes which has enabled bright and energy-saving white light sources."

The Need For Blue LEDs: LEDs are the small lights seen on displays, signboards and numerous equipment panels ubiquitously. Before the 1990s, red and green light-emitting diodes (LEDs) had already been developed. The red LEDs were developed first in 1960s using GaAsP and GaP, while the green LEDs were developed later using GaP and AlGaP. But blue LEDs were missing. They proved notoriously difficult due to material limitations.

Without blue light, it is not possible to produce white light from LEDs, since white light can only be made by mixing red, green, and blue (RGB) components or by exciting a phosphor with blue or ultraviolet light.

The challenge was to find a semiconductor material that could efficiently emit **blue photons** (high-energy, short wavelength light).

How LEDs Work: A light-emitting diode (LED) is a semiconductor p–n junction device that emits light when current flows forward.Electrons from the n-type region recombine with holes in the p-type region.The energy released corresponds to the band gap (Eg) of the semiconductor.

The Scientific And Technological Achievement

1. Discovery of Gallium Nitride (GaN): The laureates used Gallium Nitride (GaN), a wide band-gap semiconductor of about 3.4 eV, ideal for blue emission.Akasaki and Amano (1986) succeeded in growing high-quality GaNfilms (crystals with very little thickness) with low defect densities on sapphire substrates using a low-temperature buffer layer of Aluminum Nitride (AlN).

2. p-Type Doping of GaN: To make a light-emitting diode, both n-type and p-type regions are needed to form a p–n junction.Achieving p-type GaN was extremely difficult as most dopants were compensated or inactive.Akasaki and Amano activated p-type GaN by magnesium doping followed by low-energy electron beam irradiation.Nakamura independently achieved p-type GaN activation using thermal annealing, a more practical approach for industrial use.

3. Fabrication of High-Efficiency Blue LEDs: With high-quality GaN layers and active p-type doping, the researchers could fabricate GaN/InGaN heterostructures and quantum wells that emitted bright blue light.In 1993, Shuji Nakamura at Nichia Chemical Industries built the first high-brightness blue LED.These devices were highly efficient, long-lasting, and suitable for mass production.

Impact Of The Invention

White LEDs and Energy Efficiency: Blue LEDs enabled the creation of white LEDs by combining blue light with yellow phosphor (e.g., YAG:Ce) or by mixing RGB LEDs. White LEDs revolutionized lighting technology, replacing incandescent and fluorescent bulbs.LED lamps consume up to 80–90% less energy and last tens of thousands of hours.

Environmental Benefits: Consumption of 90% less electrical energy leads to reduction in global electricity consumption for lighting, which indirectly is a major contribution toward reducing greenhouse gas emissions.

Technological Applications: LEDs are now used for LED displays and televisions, mobile phone screens, traffic lights, car headlights, medical and optical instruments and most lights used for domestic or industrial consumption.

Reference:-

1. Internet Browsers and Wikipedia.

***Department of Physics, Government College, Nathdwara (Raj.) INDIA**

Effect of Choice of Modules on Player Behaviour in online Gaming

Dr. Chakrapani Upadhyay*

Introduction -Video games are a popular hobby since the turn of this century. Nevertheless, problematic gameplay is a hazard for compulsive or addictive players. Several video games have multiple modules and/or layers of involvement, with each module designed to evoke a different socio-emotional response in the player. Research was conducted using an online survey to assess the effect of different modules in the gaming community affiliated to the World of Warcraft (WOW), a massive multiplayer online role-playing game (MMORPG), hugely popular with the young adults. The survey was designed to look for symptoms of internet gaming disorder (IGD), such as depression, loneliness, self-esteem, generalized anxiety, and social anxiety. IGD is different from routine video game play manifestations because of the detrimental effects it has on the person's functioning.

Choice Of Game: WOW has been studied by multiple scholars for a variety of reasons. In this study, it has been selected to investigate whether the chosen module of WOW gameplay is predictive of IGD. The other possible variables include guild membership, class specialization, hours of play, age of start, current age, gender, marital status, depression, anxiety, SAD, loneliness, all in relation to IGD. Binary logistic regression- forward stepwise was used to determine which variables were predictive of IGD.

There are many motivational factors for playing MMORPGs like WOW though the key point of interest is that players enjoy achieving goals within an environment, being supported by social interactions, and using a character that they identify with. The social component of interacting with similar minded peers was the main reason for play (Taylor & Taylor, 2009).

Modules Of Wow Play: There are three types of specialization modules in WOW for players to choose from. These modules also vary in popularity. The specialization modules are differentiated by what they do. Damage specialization focuses upon killing enemies, the Tank specialization has massive amounts of health and armor so they can absorb punishment, and the Healer specialization focuses upon healing the party, removing harmful diseases and curses, and reviving fallen party members.

Module Impact: Respondents were divided into different groups according to their choice of module for WOW play. The IGD0 group played Damage (70.83%) (n= 136), Tank (11.97%) (n= 23) and Healer (17.18%) (n= 33); the IGD1 group played Damage (39.13%) (n= 9), Tank (34.78%) (n= 6) and Healer (26.08%) (n= 8). The difference in the IGD0 and IGD1 groups suggests that IGD0 indulged relatively frequently in the more violent variant, whereas IGD1 shows significant ($p < 0.05$) preference for Tank and Healer roles. For good reason, the construct of loneliness was analyzed in the research. The more aggressive, alpha group showed greater proclivity to solo, secluded, solitary pleasures, seeking companionship in the virtual space but avoiding it real time. Past research on loneliness and IGD has found that increased online play meant a smaller and lower quality social network (Lemmens et al., 2011).

Conclusions: While primarily considered a male pastime, it is estimated that 40% of gamers were female. Both genders were equitably present in different groups formed as above. Like minded players formed guilds. However, there was a conspicuous lack of relationship between players of a guild. This lack of relationship is important because it is counter to what the researcher expected to find. Guilds are groups of players that band together to work towards common goals and socialize. The researcher expected there to be a relationship here because a Guild requires players to log in regularly to maintain membership which in turn requires the player to invest increased gaming hours. But increased gaming time was found to correlate positively with the use of the more aggressive module and less real care towards family, and to higher IGD.

References:-

1. Lemmens,, J. S., Valkenburg, P. M., Peter, J. (2011) Psychosocial causes and consequences of pathological gaming. *Computers in human behavior*. 27, 144- 152.
2. Taylor, J., & Taylor, J. (2009). A content analysis of interviews with players of massively multiplayer online role-playing games: Motivating factors and the impact on relationships. *Online communities*, 5621, 613-621.

***Lecturer (Sociology) Government College, Nathdwara (Raj.) INDIA**

महात्मा गाँधी एवं सत्य की अवधारणा

डॉ. अभिमन्यु सिंह चौहान*

प्रस्तावना – महात्मा गांधी ने जीवन–पर्यन्त सत्य को सर्वोपरि माना है। क्योंकि सत्य ही उनके जीवन के समस्त कार्यों के अन्तिम लक्ष्य और नैतिकता की कसौटी पर खरा उतरा। गोपीनाथ धावन ने **'दी पालिटीकल फिलोसफी ऑफ महात्मा गांधी'** में गांधीजी के सत्य के संबंध में लिखा है कि 'सत्य का सिद्धान्त केवल मात्र भाषण के सत्य तक सीमित नहीं हैं, इसमें कर्म का सत्य भी निहित है। विचार या चिन्तन का सत्य भी समान रूप से महत्वपूर्ण है।'सत्य गांधीजी के जीवन दर्शन का आधार है, जिसका जीवन के समस्त क्रियाकलापों में प्रथम स्थान है।

सत्य का अर्थ – सत्य शब्द का प्रादुर्भाव 'सत्' से हुआ है, जिसका आशय है– किसी वस्तु का अस्तित्व में होना। गांधीजी का विचार था कि संसार में सत्य का अस्तित्व कुछ भी नहीं है, जहां तक ज्ञान है और जहां ज्ञान का अभाव है, सत्य वहां ठहर ही नहीं सकता है।

हमारे लिए वही सत्य है, जो दूसरे से पृथक किया जा सके तथा जिस पर विचार करना संभव हो। अर्थात सत्य तार्किक दृष्टि से प्रमाणित और अप्रमाणित हो सकता है। यदि हम किसी विशेष समय में एक विशेष अर्थ रखते हुए कोई कथन कहते और फिर दूसरे कथन में पहले कथन का अर्थ रखते हुए कुछ कहते हैं, तो ऐसे संगत वाक्यों को सत्य से विभूषित किया जा सकता है। इसके विपरीत यदि हम हर क्षण अपने कथनों का अर्थ बदलते रहे तो ऐसे असंगत वाक्यों को असत्य कहा जायेगा। परन्तु सत्य का यह अर्थ उचित नहीं हैं। इसे हम आत्म–संगति या आत्म–सामंजस्य कह सकते है। तर्क शास्त्र में सत्यता संगति और यथार्थवाद तीनों अलग–अलग अर्थ रखते हैं। संगति का अर्थ दो कथनों के आपसी संबंध में देखा जा सकता है। सत्यता और असत्यता किसी प्रतिज्ञप्ति के गुण है, परन्तु यथार्थता और अयथार्थता किसी भी तर्क प्रणाली के धर्म होते हैं। इस प्रकार इस अर्थ में सत्य, ज्ञान, धर्म हो सकता है। सत्य के इस अर्थ को ज्ञानमीमांसीय अर्थ कहते हैं।

सत्य का दूसरा अर्थ – वास्तविक सत्ता से है। इस अर्थ में सत्य तत्वमीमांसीय हो जाता है। यह सभी प्रकार की सत्ता के मध्य रहने वाली निरपेक्ष सत्ता का सूचक है। इसके अन्तर्गत सापेक्ष सत्य भी आ जाता है, परन्तु अस्तित्ववादियों के सत्य की भांति सत्य केवल देशकालिक सत्य नहीं है। इन दो अर्थों के अतिरिक्त सत्य का एक मूल्यात्मक अर्थ भी है। इस दृष्टि से यह एक प्रकार के नैतिक मूल्य का सूचक है। इस प्रकार उपर्युक्त तीनों अर्थों को समक्ष रखने पर, सत्य के तीन विपरीतार्थक शब्द हो जाते है– असत्य, आभास और झूठ।

गांधीजी की सत्य की धारणा इन तीनों अर्थों में व्यक्त होती है। जब गांधीजी सत्य की व्युत्पत्ति संस्कृत के 'सत्' शब्द से करते हैं, और इसका अर्थ 'निरपेक्ष सत्ता' लेते हैं, तो वे सत्य का प्रयोग तात्विक अर्थ में करते हैं, जब वे सत्य को परिभाषित करते हुए उसे अन्तरात्मा में स्थित ईश्वर की वाणी मानते हैं, तो वहां वे सत्य का प्रयोग नैतिक मूल्य के अर्थ में करते हैं। भारतीय प्रत्ययवादी दार्शनिक अवधारणा में ज्ञान और तत्व का ऐक्य स्वीकार किया गया है। अत: जो चरम तत्व है वह ज्ञान स्वरूप भी है। गांधीजी सत्य को ज्ञान मानते थे। इसे ज्ञानमीमांसात्मक प्रयोग कहते हैं। परन्तु यह अर्थ आधुनिक तर्क शास्त्र से भिन्न अर्थ है क्योंकि गांधीजी ज्ञान के लिए केवल निर्णय को ही पर्याप्त नहीं मानते थे। अत: गांधीजी का सत्य किसी निर्णय का धर्म नहीं बल्कि स्वत: ज्ञान स्वरूप है।

गांधीजी कहते हैं कि सत्य ही ईश्वर है। ऐसा उन्होंने इसलिए कहा कि सत्य वही है, जिसकी सत्ता होती है। ईश्वर की सत्ता तीनों कालों में व्याप्त है, अत: वह सत्य है। उनके अनुसार सत्य, शिव और सुन्दर में भेद नहीं किया जा सकता। ईश्वर को वे इन तीनों की त्रयी मानते थे अर्थात् गांधीजी ने कला के लिए कला सिद्धान्त को स्वीकार नहीं किया। वे ऐसी परिपूर्ण कला की बातें करते थे– उस सच्ची कला से जिससे सुख–संतोष और कलाकार के जीवन की सात्विकता प्रकट होती हो।

गांधीजी ने अपने व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में सत्य के साथ निरन्तर प्रयोग किए। उन्होंने लिखा था 'स्वभाव से ही सत्य स्वयंप्रकाश है जैसे ही अविद्या रूपी आवरण हट जायेगा वैसी ही सत्य रूपी सूर्य पुन: प्रकाशित हो उठेगा।'[1] सत्यान्वेशण के लिए आत्मशुद्धि आवश्यक है। गांधीजी प्राचीन हिन्दू नीति शासन के आधार पर कहते थे कि व्यक्ति जब तक काम, क्रोध, लोभ, मोह, मान और माया के प्रभाव में रहेगा, वह सत्य का दर्शन नहीं कर सकता। जो स्वयं नैतिक रूप से शक्तिमान हो, वही सत्य को जान सकता है।

गांधीजी के अनुसार निरपेक्ष सत्य का अर्थ है वह जो वास्तव में है या जिसकी सत्ता है। उनका मत है कि ब्रह्म के अतिरिक्त अन्य समस्त तत्व नश्वर है इसलिए उनकी सत्ता वास्तविक नहीं है अत: ब्रह्म या ईश्वर को ही निरपेक्ष सत्य के रूप में समझा जा सकता है। गांधी के अनुसार निरपेक्ष सत्य सर्वव्यापक, सर्वशक्तिमान और शाश्वत होता है। इस निरपेक्ष सत्य को गांधी ने इतना महत्वपूर्ण माना कि ईश्वर ही सत्य है की अपेक्षा उन्होंने सत्य ही ईश्वर कहना अधिक उपयुक्त समझा। गांधीजी के मत में व्यक्ति निरपेक्ष सत्य की ओर बढ़ने के लिए सापेक्ष सत्य को माध्यम बना सकता है। उन्होंने सापेक्ष सत्य अन्तरात्मा की पुकार, अथवा किसी समय–विशेष में किसी विशेष परिस्थिति के विषय में निर्मल हृदय से सोची हुई बात के रूप में परिभाषित किया है। उनके अनुसार 'सापेक्ष सत्य', 'निरपेक्ष सत्य का निषेध नहीं करता। वस्तुत निरपेक्ष सत्य में विश्वास रखते हुए, सापेक्ष सत्य पर दृढ़तापूर्वक चलकर ही व्यक्ति, निरपेक्ष सत्य को प्राप्त कर सकता है।

* लेक्चरर (राजनीति विज्ञान) एस.एम.बी. राजकीय महाविद्यालय, नाथद्वारा (राज.) भारत

अहिंसा की भांति सत्य को भी गांधीजी मनुष्य के लिए अनिवार्य नैतिक नियम के रूप में स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा है कि जो तथ्य जिस रूप में देखा, सुना, जाना या अनुभव किया गया है, उसे उसी रूप में– कोई परिवर्तन अथवा संशोधन किए बिना– व्यक्त करना ही सत्य है। दूसरे शब्दों में अपने वचन अथवा कर्म द्धारा किसी प्रकार का छल न करना और छल करने का विचार भी न करना सत्य के व्रत का पालन करने के लिए अनिवार्य है। इस प्रकार सत्य सभी प्रकार के मिथ्या आचरण का पूर्णतया निषेध करता है। यही कारण है कि गांधीजी सत्य को अत्यधिक महत्व देते थे और सदैव इसके अनुसार निष्ठा पूर्वक आचरण करना अनिवार्य मानते थे। उनका सम्पूर्ण जीवन इसका साक्षी है कि वे स्वयं सत्य का सदैव दृढ़ता पूर्वक पालन करते रहे और अनेक कष्ट सहन करने पर भी उन्होंने इसका त्याग नहीं किया। उनके समस्त राजनीतिक एवं सामाजिक कार्य मूलत: सत्य पर ही आधारित थे। इसी कारण वे अपने उस आंदोलन को सत्याग्रह कहते थे, जो उन्होंने सामाजिक तथा राजनीतिक समस्याओं का समाधान करने के लिए आरंभ किया था। स्वयं सत्य का दृढ़ता पूर्वक पालन करने तथा उसमें अखण्ड श्रद्धा रखने के कारण गांधीजी किसी भी रूप में अथवा किसी भी दशा में सत्य का उल्लघंन करना उचित नहीं मानते थे। उनका कथन है कि 'गाय को बचाने के लिए झूठ बोलना चाहिए या नहीं, ऐसी समस्याएं उठा कर दैनिक जीवन में सत्य की उपेक्षा करना अथवा उसके महत्व को कम करना अनुचित है। मनुष्य को ऐसे गहरे प्रश्नों में न उलझकर अपने दैनिक व्यवहार में दृढ़ता पूर्वक सत्य के अनुसार आचरण करना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से ही सत्य की वास्तविक साधना संभव है। यदि मनुष्य अपने व्यावहारिक जीवन में सत्य का दृढ़ता पूर्वक पालन करे तो उसे इस समस्या का समाधान स्वत: प्राप्त हो जायेगा कि किसी कठिन अवसर पर वास्तव में उसका क्या कर्त्तव्य है।'[2]

सत्य का महत्व – मानव के अंत:करण तथा आचरण की शुद्धि के लिए सत्यानुकरण अनिवार्य है। अहिंसा की भांति सत्य कोई नवीन सिद्धान्त नहीं है क्योंकि इसका प्रतिपादन भी भारतीय मनीषियों ने बहुत प्राचीन काल में ही कर लिया था। वेदों में सत्य की महिमा का वर्णन मिलता है। उदा.– ऋग्वेद में कहा गया है कि 'सम्पूर्ण सृष्टि के उत्पन्न होने से पूर्व ऋत् तथा सत्य की उत्पत्ति हुई और सत्य से ही पृथ्वी, आकाश, वायु आदि पंच महाभूत उत्पन्न हुए।'[3] इसी प्रकार महाभारत में सत्य को ही सबसे बड़ा धर्म माना गया है और कहा गया है कि 'यदि सहस्त्र अश्वमेघ यज्ञों से सत्य की तुलना की जाए तो उनकी अपेक्षा सत्य का महत्व ही अधिक होगा।'[4] हिन्दू धर्म की भांति संसार के अन्य धर्मों में भी सत्य को अत्यधिक महत्व दिया गया है और यह कहा गया है कि मनुष्य को सदैव सत्य के अनुसार आचरण करना चाहिए। इस दृष्टि से यह कहा जा सकता है कि अहिंसा की भांति सत्य ही प्राय: सभी धर्मों का मूल आधार तथा सार तत्व है।

गांधीजी ने तो सभी व्रतों की अपेक्षा सत्य को ही अधिक महत्व दिया है और इसे साध्य मानकर अन्य सभी व्रतों को इसकी प्राप्ति का साधन माना है। वस्तुत: यदि सत्य को उनके सम्पूर्ण नैतिक दर्शन का प्राण कहा जाएं तो अनुचित न होगा क्योंकि उनके विचार में सम्पूर्ण नैतिक सिद्धान्त मूलत: सत्य पर ही आधारित हैं। उनके मतानुसार सत्य ही ईश्वर है। उसी में ज्ञान तथा आनंद निहित है और उसी के कारण सम्पूर्ण जगत का अस्तित्व है।

शब्दोत्पत्ति की दृष्टि से सत्य की व्याख्या और दार्शनिक दृष्टि से उसके महत्व का विवेचन करते हुए गांधीजी ने लिखा है कि सत्य शब्द सत् से बना है। 'सत् का अर्थ है– अस्तित्व। सत्य के अतिरिक्त किसी दूसरी वस्तु की सत्ता नहीं है। परमेश्वर सत्य है, यह कहने की अपेक्षा सत्य ही परमेश्वर है कहना अधिक उचित है। सत्य के साथ शुद्ध ज्ञान अवश्यंभावी है। जहां सत्य नहीं है, वहां शुद्ध ज्ञान की संभावना नहीं है। इससे 'ईश्वर' नाम के साथ चित् अर्थात् ज्ञान शब्द की योजना है और जहां ज्ञान है, वहां आनंद की शाश्वतता होती है। इसी कारण ईश्वर को हम सच्चिदानंद कहकर पहचानते हैं।'[5] इस उदाहरण से स्पष्ट है कि दार्शनिक दृष्टि से गांधीजी सत्य का समस्त नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों का आधार और सर्वव्यापक तथा निरपेक्ष तत्व मानते हैं।

उक्त दार्शनिक अर्थ के अतिरिक्त सत्य का नैतिक अर्थ भी है और वह है– मन, वचन, कर्म से जीवन में सदैव सत्य के अनुसार आचरण करना अर्थात् जो सत्य जिस रूप में देखा, सुना या अनुभव किया गया है, उसे उसी रूप में व्यक्त करना। इस नैतिक दृष्टि से ही गांधीजी ने मनुष्य को अनिवार्य व्रत के रूप में सत्य का पालन करने का उपदेश दिया वे स्वयं भी अपने जीवन में सत्य का दृढ़ता पूर्वक पालन करते रहे और अनेक कष्ट सहन करने पर भी उन्होंने इसका त्याग नहीं किया। उनके समस्त राजनीतिक एवं सामाजिक कार्य मूलत: सत्य पर ही आधारित थे। गांधीजी स्वयं सत्य का दृढ़ता पूर्वक पालन करने तथा उसमें अखण्ड श्रद्धा रखने के कारण किसी भी रूप में अथवा किसी भी दशा में सत्य का उल्लंघन करना उचित नहीं मानते थे।

दार्शनिक दृष्टि से सत्य को निरपेक्ष तत्व मानते हुए भी गांधीजी ने नैतिक दृष्टि से उसकी सापेक्षता को स्वीकार किया है। वे यह मानते थे कि जो एक के लिए सत्य है, वही दूसरों के लिए असत्य हो सकता है। अत: किसी व्यक्ति को सत्य के संबंध में बलपूर्वक अपने विचार मनवाने के लिए अन्य व्यक्तियों को कभी बाध्य नहीं करना चाहिए। क्या सत्य है और क्या असत्य, इसका निर्णय व्यक्ति स्वयं ही अपने विवेक बुद्धि द्धारा कर सकता है।

जीवन में सत्य का दृढ़ता से पालन करने के लिए गांधी जी अनेक सुझाव प्रस्तुत किए हैं, उनका कहना है कि सत्य की साधना करने वाले व्यक्ति को मनसा, वाचा, कर्मणा किसी भी प्रकार के असत्य का आश्रय कभी नहीं लेना चाहिए और निरन्तर सत्य के अनुसार आचरण करने का अभ्यास करना चाहिए। इसके अतिरिक्त सत्य का पूर्ण रूप से पालन करने के लिए मनुष्य को यथा संभव कम बोलना चाहिए और अतिशयोक्ति, पक्षपात, तथ्यों को छुपाने या परिवर्तित करने का कभी प्रयत्न नहीं करना चाहिए। क्योंकि ऐसा करना स्पष्टत: सत्य का उल्लघंन करना है। सत्य का पालन करने के लिए, मौन को आवश्यक मानते हुए उन्होंने कहा कि 'सत्य के पुजारी के लिए मौन का सेवन उचित है, थोड़ा बोलने वाला बिना विचारे न बोलेगा, अपने प्रत्येक शब्द को तोलेगा।'[6] इस उदाहरण से स्पष्ट है कि गांधीजी ने अहिंसा की भांति सत्य की भी बहुत व्यापक व्याख्या की है और केवल वाणी द्धारा ही नहीं प्रत्युत विचार तथा कर्म द्धारा भी सत्य के अनुसार आचरण करना अनिवार्य माना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. यंग इंडिया, 3, पृ. 222.
2. हरिजन, 7 सित्मबर, 1935.
3. नवजीवन 31 मार्च, 1929.
4. प्रेमबेन कंटक को लिखा पत्र, 5 फरवरी, 1932
5. कलेक्टेड वर्क्स ऑफ महात्मा गांधी, खण्ड, 50, पृ. 207.
6. हरिजन, 19 दिसम्बर, 1936